हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • सोमवार • 15.12.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 140 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### हमारी संस्कृति विश्व का समाधान है : राष्ट्रपति

**नई दिल्ली** : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रविवार को कहा कि हमारी संस्कृति में निहित प्रकृति के साथ तालमेल बिठाना ही 'पर्यावरण के लिए जीवनशैली' का वैश्विक आधार है। मुर्मु ने यह बात आज राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर कही। इस मौके पर, उन्होंने नई दिल्ली में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2025 और राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया। राष्ट्रपति ने कहा कि ऊर्जा बचाना सिर्फ कम इस्तेमाल करना नहीं है, बल्कि बुद्धिमानी, ज़िम्मेदारी और कुशलता से इस्तेमाल करना है। सौर जैसे नवीकरणीय ऊर्जा विकल्पों को अपनाना है। इससे हम न सिर्फ ऊर्जा बचाते हैं, बल्कि कार्बन उत्सर्जन भी कम करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि ऊर्जा की बचत को लेकर युवाओं और बच्चों को जागरूक करना है।

### सारंडा में एक बार फिर आईईडी विस्फोट, कोबरा के दो जवान गंभीर

**पश्चिमी सिंहभूम** : सारंडा जंगल में नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे सघन सर्च ऑपरेशन के दौरान फिर से एक बार आईईडी विस्फोट की घटना घटी है। इसमें कोबरा 209 बटालियन के दो जवान गंभीर रूप से घायल हो गया है। दरअसल, सारंडा के बीहड़ में स्थित बलिबा गांव के पास नक्सलियों द्वारा पहले से बिछाए गये आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) में अचानक सर्च ऑपरेशन के दौरान विस्फोट हो गया। घटना उस समय हुई जब रविवार को छोटानागरा थाना क्षेत्र के बलिबा जंगलों में कोबरा 209 के जवान ऑपरेशन चला रहे थे। इधर, आईईडी विस्फोट की खबर मिलते ही सुरक्षा बलों में हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद जवानों ने तत्परता दिखाते हुए घायल साथी को प्राथमिक उपचार दिया। बेहतर इलाज के लिए जवान को एयरलिफ्ट कर रांची ले जाने की तैयारी की जा रही है। बताया जा रहा है कि जिस इलाके में विस्फोट हुआ, वहां पुराने आईईडी की तलाश और डिफ्यूज करने को लेकर भी अभियान चलाया जा रहा था। नक्सलियों द्वारा पुलिस बल को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से जंगलों में पहले से लगाये गये आईईडी आज भी सुरक्षा बलों के लिए बड़ा खतरा बना हुआ है।

### दिल्ली-एनसीआर की हवा बेहद खराब, राजधानी में एक्यूआई 461

**नई दिल्ली** : दिल्ली-एनसीआर में हवा की गुणवत्ता लगातार चिंताजनक स्तर पर बनी हुई है। रविवार को राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 461 दर्ज किया गया, जो हवा की बेहद खराब श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, राजधानी में आज पीएम 2.5 का स्तर 461 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रिकार्ड किया गया। सबसे गंभीर स्थिति आनंद विहार में दर्ज की गयी, जहां औसत एक्यूआई 492 रिकार्ड किया गया। बवाना भी प्रदूषण से बेहाल रहा, जहां औसत एक्यूआई 491 दर्ज किया गया। चांदनी चौक में 449 रिकार्ड किया गया। आईटीओ में औसत एक्यूआई 487, दिलशाद गार्डन में 482, पंजाबी बाग में एक्यूआई 476, शादीपुर में एक्यूआई 370 और द्वारका सेक्टर-8 में 461 दर्ज किया गया।

# भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बने नितिन नवीन

## बिहार सरकार में पथ निर्माण मंत्री हैं नवीन

एजेंसी

**नई दिल्ली** : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री नितिन नवीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। रविवार को भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह द्वारा जारी बयान में बताया गया है कि भाजपा संसदीय बोर्ड ने बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि 45 वर्षीय नितिन नबीन सिन्हा, मौजूदा बिहार सरकार में पथ निर्माण मंत्री हैं। कायस्थ समुदाय से आने वाले नितिन नबीन भाजपा नेता नवीन किशोर सिन्हा के पुत्र हैं। नितिन नबीन बांकीपुर विधानसभा सीट से चार बार से विधायक हैं। अभी नीतीश सरकार में पथ निर्माण विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। उन्हें राजनीति विरासत में मिली है। नितिन के पिता नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा बिहार में भाजपा के कद्दावर नेता रहे थे। पिता के आकस्मिक निधन के बाद नितिन ने प्रदेश की चुनावी राजनीति में कदम रखा और फिर कभी विधानसभा चुनाव नहीं हारा। बिहार में भाजपा का प्रमुख कायस्थ चेहरा माने जाने वाले नितिन नवीन की संगठन में अच्छी खासी पकड़ है। चुनावी प्रबंधन और संगठन में उनका ट्रैक रिकॉर्ड शानदार रहा है।



वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के छात्र नेता रहे। इसके बाद भाजपा की युवा विंग भाजयुमो के बिहार अध्यक्ष बने। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर जब भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे, तब नितिन उनके महासचिव रहे। इसके बाद भाजपा ने उन्हें प्रभारी ओम माथुर के साथ छत्तीसगढ़ के सह प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी। उनकी कौशल की बदौलत छत्तीसगढ़ में भाजपा ने 2023 का विधानसभा चुनाव जीता। फिर अगले साल हुए लोकसभा चुनाव में पार्टी ने उन्हें छत्तीसगढ़ का प्रभारी बनाया। नितिन नवीन की छवि साफ और गैर विवादित रही है। यही कारण है कि भाजपा ने कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाकर उन्हें इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। नितिन नवीन का जन्म पटना में 23 मई 1980 को हुआ था। उनकी पढ़ाई दिल्ली से हुई। नितिन के पिता नवीन किशोर सिन्हा भाजपा के दिग्गज नेता रहे, जिन्होंने जेपी आंदोलन से अपनी राजनीति की शुरूआत की थी। 2005 में 55 साल की उम्र में नवीन किशोर का हार्ट अटैक से निधन हो गया था। उस समय नितिन महज 26 साल के थे। युवा उम्र में पिता को खोने का उन्हें गहरा सदमा लगा। मगर उन्होंने संबल नहीं तोड़ा और पिता की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए वे राजनीति में उतर गए। पिता के निधन के बाद खाली हुई पटना पश्चिम विधानसभा सीट पर 2006 में नितिन ने भाजपा के टिकट पर उपचुनाव लड़ा और जीतकर पहली बार विधानसभा पहुंच गए। इसके बाद वे कभी चुनाव नहीं हारे। 2008 के परिसीमन में पटना पश्चिम का नाम बांकीपुर विधानसभा हो गया। 2010 से लेकर 2025 तक हुए 4 चुनावों में नितिन लगातार बांकीपुर से चुनाव जीतते आ रहे हैं। इस साल के विधासनभा चुनाव में उन्होंने राजद की रेखा कुमारी को लगभग 51 हजार वोटों के बड़े अंतर से हराया था। नितिन नवीन को पहली बार फरवरी 2021 में नीतीश कैबिनेट में जगह मिली। पिछले महीने जब राज्य में चुनाव के बाद नई सरकार का गठन हुआ तो उन्हें फिर से मंत्री बनाया गया। अभी वे पथ निर्माण और नगर विकास एवं आवास विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर नितिन नबीन को बधाई देते हुए लिखा, बिहार की धरती से आने वाले युवा और ऊजार्वान नेता नितिन नबीन को भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई। वे एक कर्मठ कार्यकर्ता और कल्पना क्षमता के धनी व्यक्ति हैं। प्रधानमंत्री मोदी के प्रेरक नेतृत्व में वे भाजपा को सफलता की नई बुलंदियों तक ले जाने में अवश्य सफल होंगे। उनके कार्यकाल की सफलता के लिए उन्हें बहुत शुभकामनाएं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने नितिन नवीन को भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर दी बधाई



**नई दिल्ली** : बिहार सरकार में मंत्री नितिन नवीन को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस नयी जिम्मेदारी के लिए नितिन नवीन को बधाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को अपने एक्स अकाउंट पर बधाई संदेश में लिखा, नितिन नबीन जी ने एक कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। वे एक युवा और परिश्रमी नेता हैं, जिनके पास संगठन का अच्छा-खासा अनुभव है। बिहार में विधायक और मंत्री के रूप में उनका कार्य बहुत प्रभावी रहा है, साथ ही जनआकांक्षाओं को पूरा करने के लिए उन्होंने पूरे समर्पण भाव से काम किया है। वे अपने विनम्र स्वभाव के साथ जमीन पर काम करने के लिए जाने जाते हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि उनकी ऊर्जा और प्रतिबद्धता आने वाले समय में हमारी पार्टी को और अधिक सशक्त बनाएगी। भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर उन्हें हार्दिक बधाई।

### हेमन्त सोरेन से ऑस्ट्रेलिया के हाई कमिश्नर फिलिप ग्रीन ने की शिष्टाचार मुलाकात



**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायककल्पना सोरेन से रविवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में भारत में ऑस्ट्रेलिया के हाई कमिश्नर फिलिप ग्रीन ओएएम, प्रोफेसर सुशान मार्क्स, इंटरनेशनल लॉ, टॉम सैंडरफोर्ड, फर्स्ट सेक्रेटरी एवं अनघा, सीनियर इकोनामिक रिसर्च अफसर ने की मुलाकात।

### छत्तीसगढ़ के 20 लाख के तीन इनामी नक्सलियों ने महाराष्ट्र में किया आत्मसमर्पण





**जगदलपुर** : नक्सलियों के एमएमसी (महाराष्ट्र-मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़) जोन के दर्रेकसा एरिया कमेटी कमांडर सहित 20 लाख के इनामी तीन नक्सलियों ने रविवार को महाराष्ट्र में आत्मसर्पण किया है। महाराष्ट्र की गोंदिया पुलिस के समक्ष आत्मसर्पण करने वाले नक्सलियों में एमएमसी (महाराष्ट्र-मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़) जोन के दर्रेकसा एरिया कमेटी का कमांडर और आठ लाख का इनामी रोशन उर्फ मारा इरिया वेदजा (35) निवासी गांव मेंदरी, जिला बीजापुर (छत्तीसगढ़) सहित दो एसीएम कैडर के नक्सली सुभाष उर्फ पोज्जा बंडू राववा (26) निवासी वेराप्ल्ली, उसूर तहसील, जिला बीजापुर (छत्तीसगढ़) और रतन उर्फ मनकू ओमा पोय्याम (25) निवासी रेखापाल जिला नारायणपुर (छत्तीसगढ़) शामिल हैं। इन दोनों पर छह-छह लाख रुपये का इनाम था। छत्तीसगढ़ के इन तीनों नक्सलियों ने आज महाराष्ट्र के गोंदिया पुलिस अधीक्षक के समक्ष हथियार के साथ आत्मसर्पण कर दिया। इन पर कुल 20 लाख रुपये का इनाम घोषित था। महाराष्ट्र के गोंदिया पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि आत्मसमर्पित नक्सलियों ने हथियार जमा किए, जिसमें रोशन उर्फ मारा इरिया वेदजा से एक एसएलआर बंदूक, दो मैगजीन और 25 राउंड । सुभाष उर्फ पोज्जा बंदू रव्या के कब्जे से एक एसएलआर, दो मैगजीन और 23 राउंड । रतन उर्फ मनकू ओमा पोयम पोयम से एक 8 एमएम का हथियार, 1 मैगजीन और 15 राउंड मिले हैं।

# उत्तर प्रदेश भाजपा के नए 'चौधरी' बने केंद्रीय राज्यमंत्री पंकज

एजेंसी

**लखनऊ** : भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के नए अध्यक्ष के रूप में पंकज चौधरी की ताजपोशी हो गई। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को लखनऊ में आयोजित एक समारोह में प्रदेश अध्यक्ष के रूप में पंकज चौधरी के निर्वाचित होने की घोषणा की। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पद के चुनाव में एकमात्र नामांकन होने के बाद आज प्रदेश चुनाव अधिकारी ने पंकज चौधरी को निर्वाचित कर दिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, संगठन के केंद्रीय चुनाव अधिकारी के लक्ष्मण, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, प्रदेश के चुनाव अधिकारी डॉ महेंद्र नाथ पांडेय, अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी सहित कई केंद्रीय व राज्य के दिग्गज नेताओं के अलावा वरिष्ठ मंत्री, प्रदेशभर से आए हजारों पदाधिकारी उपस्थित रहे। लखनऊ के डॉ राम



मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में आज एक समारोह में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बडी पार्टी है और इसके व्यवस्थित कामकाज से दुनिया हैरान है। यहां भाजपा के सदस्य बनाने से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने तक की प्रक्रिया होती हैं और सभी कार्य सर्वसम्मति से होते हैं। उन्होंने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर सभी पुराने-नए नेताओं को पार्टी को आगे बढ़ाने का श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि मुझे सर्वसम्मति से पंकज चौधरी को भाजपा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष के रूप में घोषित करते हुए बहुत प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों के नामों की भी घोषणा की। इन सदस्यों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या, ब्रजेश पाठक, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रमापति राम त्रिपाठी, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के नाम मुख्य रूप से शामिल हैं।

# सिडनी के बॉन्डी बीच पर गोलीबारी में 12 लोगों की मौत

- हनुक्का पर्व मना रहे थे यहूदी समुदाय के लोग हमलावरों में एक मारा गया, दूसरा गिरफ्तार

एजेंसी

**सिडनी** : ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित बॉन्डी बीच पर रविवार को ऑटोमैटिक राइफलों से लैस दो बंदूकधारियों ने कम से कम 12 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। दोनों बंदूकधारियों में से एक को पुलिस ने मार गिराया, जबकि दूसरे को जख्मी हालत में गिरफ्तार कर लिया गया है। यह वारदात उस समय हुई, जब बीच पर यहूदी समुदाय के करीब 1,000 लोग हनुक्का का उत्सव मना रहे थे। इस घटना को लेकर ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, इटली, इजराइल और ब्रिटेन के राष्ट्राध्यक्षों के साथ संयुक्त राष्ट्र के महासचिव तथा यूरोपीय यूनियन की अध्यक्ष ने गहरा दुख जताया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हथियारों से लैस दो हमलावरों ने भीड़ पर अचानक अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी, जिससे मौके पर चीख-पुकार और अफरातफरी मच गई। अंधाधुंध गोलीबारी में कम-से-कम 12 लोगों के मौत हो गई और दो दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए। पुलिस कमिश्नर मैल लैन्योन ने आधिकारिक तौर पर इसे आतंकवादी घटना बताया और कहा कि घटनास्थल पर 1,000 से ज्यादा लोग थे, जिनमें से कई यहूदी उत्सव हनुक्का मना रहे थे। गोलीबारी की इस घटना में एक बच्चा सहित 29 घायल लोगों को अस्पताल ले जाया गया है। इनमें दो पुलिस अधिकारी भी हैं, जिनकी हालत गंभीर है। लैन्योन ने कहा कि दो हमलावरों में से एक की मौत हो गई है और दूसरा हमलावर गंभीर रूप से घायल होने के कारण अस्पताल में भर्ती है। इस बात की भी जांच की जा रही है कि उन दो हमलावरों के साथ कोई तीसरा बंदूकधारी भी था या नहीं। उन्होंने बताया कि मृत हमलावर से जुड़ी कार में एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) मिला है। घटनास्थल पर बम डिस्पोजल यूनिट को तैनात किया गया है। वहीं, न्यू साउथ वेल्स के प्रीमियर क्रिस मिन्स ने कहा कि उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से बात की है, जिन्होंने राज्य को पूरा समर्थन देने की पेशकश की है। उन्होंने लोगों से शांति एवं एकता बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि घटना की पूरी जांच होगी। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने हमले को यहूदियों के खिलाफ एक कायराना हरकत करार दिया। उन्होंने कहा कि यह यहूदी विरोधी और आतंकवादी कृत्य है जिसने हमारे देश के दिल पर हमला किया है। हिंसा और नफरत की इस घटिया हरकत के लिए कोई जगह नहीं है। इजराइल ने कहा कि हम यहूदी त्योहार हनुक्का के दौरान सिडनी के बॉन्डी बीच पर हुए भयानक हमले की कड़ी निंदा करते हैं और जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई, उनके परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने घटना पर गहरा दुख जताते हुए कहा कि बोंडी बीच पर हुए भयानक हमले से प्रभावित सभी लोगों के प्रति हमारी संवेदनाएं हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने पीड़ितों, घायलों और उनके प्रियजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि हम ऑस्ट्रेलियाई लोगों के दर्द में उनके साथ हैं। उन्होंने कहा कि यहूदी विरोधी नफरत के खिलाफ लगातार लड़ते रहेंगे, जो हम सभी को नुकसान पहुंचाती है, चाहे वह कहीं भी हमला करे। इटली की राष्ट्रपति जॉर्जिया मेलोनी ने कहा कि वे इस घटना से काफी दुखी हैं। उन्होंने सभी तरह की हिंसा और यहूदी विरोधी भावना की कड़ी निंदा करते हुए पीड़ितों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि सिडनी में हनुक्का मनाने के लिए इकट्ठा हुए यहूदी परिवारों पर आज हुए इस भयानक जानलेवा हमले से बहुत दुखी हूँ और इसकी निंदा करता हूं।

# सत्य और असत्य की इस लड़ाई में भाजपा के साथ मिलकर काम कर रहा चुनाव आयोग : राहुल गांधी

एजेंसी

**नई दिल्ली** : कांग्रेस पार्टी ने रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में चुनाव प्रक्रिया में कथित गड़बड़ी के आरोपों को लेकर रैली की। कांग्रेस ने सरकार और चुनाव आयोग पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का आरोप लगाया। वोट चोरी के मुद्दे पर कांग्रेस की महारैली के लिए सुबह से ही विभिन्न राज्यों से पार्टी कार्यकर्ता रामलीला मैदान पहुंचे। इसमें कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की मौजूदगी रही। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रैली को संबोधित



किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि वोट चोरी रोकना हम सबकी जिम्मेदारी है। खड़गे ने आरोप लगाया कि भाजपा धीरे-धीरे देश की विचारधारा को खत्म कर उसे गुलामी के दौर में ले जाना चाहती है। वोट चोरी महारैली के दौरान राहुल गांधी ने बीजेपी और आरएसएस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा, ये सत्य और असत्य की लड़ाई और चुनाव आयोग इस लड़ाई में बीजेपी के साथ मिलकर काम कर रहा है। इस दौरान राहुल गांधी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब तक सत्ता है केवल तभी तक अमित शाह बहादुर हैं। संसद में उनके हाथ कांप रहे थे। राहुल गांधी ने कहा, मैंने वोट चोरी को लेकर सवाल किए थे। उसकी सफाई कुछ दिनों बाद अमित शाह ने संसद में दी। उन्होंने कहा, सफाई देते हुए उनके हाथ कांप रहे थे। राहुल गांधी ने कहा, भाजपा के पास सत्ता है, वे वोट चोरी करते हैं, चुनाव के समय वे 10 हजार रुपये देते हैं, उनके चुनाव आयुक्त हैं- ज्ञानेश कुमार, डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी। चुनाव आयोग-भाजपा सरकार के साथ मिलकर काम कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने इनके लिए कानून बदला, नया कानून लेकर आए और कहा कि चुनाव आयुक्त कुछ भी करे उनपर एक्शन नहीं लिया जा सकता, उनपर कार्रवाई नहीं हो सकती। मैं आपको गारंटी देता हूं कि हम सत्य को लेकर, सत्य के पीछे खड़े होकर, नरेंद्र मोदी, अमित शाह, आरएसएस की सरकार को सत्ता से हटाएंगे। मंच पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा, केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश, सचिन पायलट समेत कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी भी कार्यक्रम में शामिल हुईं।

# अमृतसर में चार किलो हेरोइन, 3.90 लाख रुपये ड्रग मनी के साथ चार गिरफ्तार

एजेंसी

**चंडीगढ़** : काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) अमृतसर ने विदेशी तस्करों से जुड़े ड्रग सप्लाई मॉड्यूल के चार सदस्यों को गिरफ्तार करके इस मॉड्यूल का पदार्फाश किया है। इनके पास से चार किलो हेरोइन, 3.90 लाख रुपये की ड्रग मनी और एक .32 बोर पिस्तौल, मैगजीन तथा पांच जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान युवराज सिंह निवासी रोडीवाल, अमृतसर, वरिंदर सिंह निवासी धौल कलां, अमृतसर, जगरूप सिंह निवासी संगना, अमृतसर और जुगराज सिंह निवासी सरकारिया एन्क्लेव, अमृतसर के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने उनके काले रंग की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (पीबी-02-ईई-0627) और सफेद रंग की होंडा एक्टिवा (पीबी-02-ईएक्स-2265) को भी जब्त कर लिया है, जिनका उपयोग वे खेप की डिलीवरी के लिए कर रहे थे। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि सीआई अमृतसर की पुलिस टीमों को विश्वसनीय सूचना मिली थी कि विदेशी हैंडलर लखविंदर सिंह उर्फ. बाबा लक्खा के सहयोगी युवराज और वरिंदर ने अजनाला सेक्टर से हेरोइन की एक खेप प्राप्त की है और वे संभावित रूप से इस खेप को अमृतसर में गुरुद्वारा मोर्चा साहिब के पास संदिग्ध जग्गरूप सिंह को डिलीवर करेंगे।

## एक नजर

### हजारीबाग यूथ विंग ने शीतकालीन राहत अभियान का किया शुभारंभ

हजारीबाग : ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से हजारीबाग यूथ विंग द्वारा शीतकालीन राहत अभियान का शुभारंभ रविवार को वार्ड संख्या 17 स्थित बड़ा बाजार चौक से किया गया। अभियान की विधिवत शुरूआत 100 कंबलों के वितरण के साथ की गई, जहां बड़ी संख्या में रिक्शा चालक, बिरहोर एवं कई जरूरतमंद लोग उपस्थित रहे और संस्था की इस पहल की सराहना की। शहर में सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने वाली हजारीबाग यूथ विंग द्वारा संचालित यह अभियान आगामी सप्ताहों में नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों तक विस्तारित किया जाएगा। यह शीतकालीन राहत अभियान फरवरी माह तक निरंतर रूप से चलाया जाएगा, ताकि ठंड से प्रभावित अधिक से अधिक जरूरतमंदों को सहायता मिल सके।कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन एवं अध्यक्ष करण जायसवाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इसके पश्चात संस्था के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने सेवा भाव के साथ जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान मानवीय संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी का भाव स्पष्ट रूप से देखने को मिला।

### न्यू गोविंद सर्विस सेंटर पेट्रोल पंप का हुआ उद्घाटन



बड़कागांव : बड़कागांव से बादम जाने वाली मार्ग स्थित माइलस्टोन स्कूल के समीप गोविंद सर्विस सेंटर (न्यू) का उद्घाटन पेट्रोल पंप लीज के प्रोपराइटर सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में पूर्व विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति मुकुल नारायण देव ने फीता काटकर किया। मौके पर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद, केंद्रीय कुशवाहा समाज अध्यक्ष सोहनलाल मेहता, प्रोपराइटर सत्येंद्र कुमार, उपेंद्र कुमार, धीरेंद्र प्रसाद, नायरा एनर्जी लिमिटेड पेट्रोल पंप प्रोपराइटर अरविंद कुमार , धर्मचंद पेट्रोल पंप प्रोपराइटर चंदन कुमार, डॉ कीर्ति नाथ महतो ,डॉक्टर बालेश्वर महतो, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार , शशि मेहता अशोक कुमार ,भीखन महतो, पारसनाथ प्रसाद, अशोक महतो, भवानी प्रसाद , वीरेंद्र प्रसाद, महेंद्र महतो, सुजीत महतो, राधेश्याम अग्रवाल, खेमलाल महतो, बढ़न तुरी, रामधनी महतो, सुजीत कुमार के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### पुलिस को मिली बड़ी सफलता, दो किलो अफीम एवं डोडा के साथ दो गिरफ्तार

हजारीबाग : हजारीबाग के कोर्रा थाना पुलिस को शनिवार को एक बड़ी सफलता मिली है। थाना प्रभारी अजीत कुमार के नेतृत्व में हुए छापामारी अभियान में लगभग दो किग्रा अफीम एवं लगभग 20 किग्रा डोडा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इस बाबत हजारीबाग सदर एसडीपीओ अमित आनंद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरी घटनाक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एसपी महोदय को गुप्त सूचना मिली थी कि रांची की ओर से एक तस्कर मादक पदार्थ लेकर आ रहा है। वह कनहरी पहाड़ के पास अफीम बिक्री करने वाला है। सूचना के सत्यापन के बाद एक छापामारी टीम का गठन एसडीपीओ अमित आनंद ने निर्देशन में किया गया। गठित छापामारी टीम ने थाना प्रभारी अजीत कुमार के नेतृत्व में कनहरी के पास वाहन चेकिंग लगाया। एक स्विफ्ट कार को चेकिंग के दौरान रोका गया।

# ब्राउन शुगर युवा पीढ़ी के शारीरिक एवं मानसिक विकास को प्रभावित कर रहा है, रोक जरूरी : एसडीपीओ

प्रत्युष नवबिहार बड़कागांव



बरही : पुलिस प्रशासन के अगुवाई में बरही पंचायत प्रतिनिधियों एवं जन प्रतिनिधियों ने ब्राउन शुगर और मादक पदार्थों की बिक्री और सेवन करने वालों के खिलाफ रैली निकाली। रैली को व्यापक बनाने के लिए रैली का नाम नशा के खिलाफ उलगुलान नाम दिया गया। इस रैली में आम जनता, महिलाएं तथा युवा पीढ़ी भी काफी संख्या में शामिल हुए। बरही में ब्राउन शुगर और मादक पदार्थ बड़े पैमाने पर युवाओं को बीमार बना रहा है। नशा के आदी बनते जा रहे युवा अपराध करने में भी नहीं हिचक रहे है। नशा और ड्रग्स के चंगुल में फंसते जा रहे लोगों के परिवार कलह और आर्थिक तंगी के शिकार बन रहे हैं। असमाजिक तत्वों ने युवाओं को ब्राउन शुगर और ड्रग्स का आदी बनाकर बड़े पैमाने पर ड्रग्स को व्यवसाय का रुप में परिणत कर दिया है। जन जागरुकता के तहत प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने रविवार को बड़ी रैली निकाली। रैली का नेतृत्व एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल ने किया। रैली बरही अनुमंडलीय अस्पताल के पास से निकाली गई जो बरही के चारो राजमार्ग होते हुए बरही चौक पर आकर सभा में तब्दील हो गई। सभा में सभी लोगों ने मादक पदार्थों से होने वाले दुष्परिणाम से अवगत कराया। एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने लोगों को शपथ दिलाई कि कोई भी व्यक्ति नशा का सेवन नहीं करेंगे और दूसरों को भी नशा नहीं करने की सीख देंगे। कार्यक्रम में एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक विनोद कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर चंदशेखर कुमार, जिला उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जेएलकेएम नेता कृष्णा यादव, जिप सदस्य प्रीति गुप्ता, गुरुदेव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, भाजपा नेता पप्पू चंद्रवंशी, तौकीर रजा, मुखिया मोतिलाल चौधरी, मंगलदेव यादव, मनोज कुमार, राजेंद्र प्रसाद, शमशेर आलम, सिकंदर राणा, नारायण यादव, गोविंद साव, मुखिया प्रतिनिधि में हरेंद्र गोप, छोटन ठाकुर, मुकेश कुमार, विशेश्वर यादव, रामचंद्र टुड्डू, खिरोधर यादव, विजय कुमार ,टिंकू आलम समेत अनेक लोग शामिल थे।

## नागेश्वर रजक बने भाजपा पश्चिमी मंडल एवं विजय यादव बने पूर्वी मंडल अध्यक्ष, मिली बधाइयां



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बरही : भारतीय जनता पार्टी हजारीबाग इकाई ने संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक अहम निर्णय लेते हुए नागेश्वर कुमार रजक को बरही पश्चिमी मंडल अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। वही विजय कुमार यादव को बरही पूर्वी मंडल अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। दोनों की नियुक्ति की घोषणा होते ही पार्टी के कार्यकताओं में उत्साह का माहौल देखा गया। कई लोगों ने दोनों को बधाई दी है। इस संबंध में नवनियुक्त पश्चिमी मंडल अध्यक्ष नागेश्वर कुमार रजक ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी तथा समर्पण भाव से निभाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि पार्टी की नीति, सिद्धांत और विचारधारा को जन - जन तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। बता दें कि इससे पहले नागेश्वर कुमार अनुसूचित मोर्चा के मंडल अध्यक्ष थे। वहीं नागेश्वर को मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर विधायक मनोज कुमार यादव, जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी, भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, मनोज साव, मुन्ना यादव एवं सचिन यादव समेत समस्त भाजपाइयों ने बधाई दी है।

## ग्राम बेलतु के ग्रामीणों ने बी,सी नॉर्थ ब्लॉक में अन्वेषणात्मक ड्रिलिंग कार्य करने का किया विरोध

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



केरेडारी : केरेडारी प्रखंड के ग्राम बेलतू के ग्रामीणों ने बी,सी नॉर्थ ब्लॉक में अन्वेषणत्मक ड्रिलिंग किए जाने से सम्बंधित 15 दिसंबर दिन सोमवार को बी,सी नॉर्थ ब्लॉक से जुड़े जनप्रतिनिधियों को अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा समीक्षात्मक बैठक हजारीबाग सभागार में बैठक बुलाई गई है। उपरोक्त बैठक के विरोध में बेलतू जनप्रतिनिधी व ग्रामीणों की बैठक रविवार को केरेडारी के बेलतु बाजार टांड़ में बैठक किया गया जिसकी अध्यक्षता व संचालन भीखन साव द्वारा किया गया। बैठक में सैकड़ों लोग शामिल हुए,सभी ग्रामीणों ने हजारीबाग सभागार में होने वाले सोमवार को बैठक में विरोध करते हुए नही जाने का निर्णय लिया,वहीं बैठक में ग्रामीणों द्वारा एक स्वर में कहा कि बी,सी नॉर्थ कोल ब्लॉक कंपनी का जमीन हमसभी एक छटाक नहीं देंगे,आगे गांव के ग्रामीणों ने किसी व्यक्ति का बैठक में ना जाने देने का आग्रह किया है। इस मौके पर जिला परिसद प्रतिनिधि निरंजन साव ,हैवई पंचायत समिति साजन पासवान बेलतू मुखिया जितनी देवी वार्ड सदस्या रिंकी कुमारी,प्रदीप राम, संजय कुमार के अलावा सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की जिला समिति गठित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



हजारीबाग : अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की जिला समिति का गठन परिसदन में आयोजित बैठक के दौरान किया गया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की। सर्वसम्मति से अधिवक्ता गौरव सहाय को पुनः जिला अध्यक्ष तथा बब्लू कुमार को जिला सचिव चुना गया।बैठक की शुरूआत में जिला सचिव ने वर्ष 2024-25 के दौरान संगठन द्वारा किए गए कार्यों और ग्राहक आंदोलन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्राहक पंचायत द्वारा देशभर में नशा एवं जुआ को बढ़ावा देने वाले प्रचार के विरुद्ध आंदोलन चलाया गया। इस क्रम में शाहरुख खान, महेंद्र सिंह धोनी, ऋतिक रोशन सहित कई अभिनेता एवं खिलाड़ियों को देशव्यापी स्तर पर लीगल नोटिस भेजे गए। ऑनलाइन गेमिंग के दुष्प्रभाव को लेकर पिछले चार वर्षों से केंद्र सरकार पर निरंतर दबाव बनाया गया, जिसके परिणामस्वरूप वर्ष 2024 में सरकार द्वारा कानून बनाकर इस पर रोक लगाई गई। जिला सचिव ने बताया कि संगठन ने बस भाड़ा निर्धारण, यात्री वाहनों की टिकटों पर बस का नाम एवं वाहन संख्या अंकित कराने, खाद्य पदार्थों में मिलावट के विरुद्ध कार्रवाई, जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर ग्राहक जागरूकता पखवाड़ा के अंतर्गत सरकारी कार्यक्रमों में भागीदारी तथा एमआरपी को लेकर देशव्यापी आंदोलन जैसे अनेक अभियान चलाए।प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि ग्राहक पंचायत उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार संघर्षरत है और आगे भी संगठन को और सशक्त बनाया जाएगा। प्रांत सह मंत्री अरविंद राणा ने भी संगठनात्मक मजबूती पर बल दिया। नई जिला कार्यकारिणी इस प्रकार है जिला अध्यक्ष : अधिवक्ता गौरव सहाय ,उपाध्यक्ष : प्रेम प्रसाद राणा, सचिव : बबलू कुमार, सह सचिव : दयानंद गुप्ता, देवनारायण कुशवाहा, कोषाध्यक्ष : सचिन खंडेलवाल, जिला प्रचार प्रमुख : भोला राणा, कार्यकारिणी सदस्य : अशोक राम, सतीश कुमार , विनय कुशवाहा। इस बैठक में उपस्थित सतीश कुमार, पिंशु यादव, मनोज कुमार गुप्ता, प्रेम प्रसाद, बबलू कुमार, अरविन्द राणा, द्यानानद गुप्ता, रवि कान्त पाण्डेय, प्रकाश कुमार, भोला राणा, सचिन खंडेलवाल, कायर खंडेलवाल अमर कुमार, बनती सोनी ,आशीष कुमार, अमित कुमार, सन्नी विश्वकर्मा, अशोक राम, देव नारायण ,-विनय प्रसाद कुशवाहा थे।

## जवाहर घाट में युवा प्रेस क्लब का वन भोज सह मिलन समारोह, पत्रकारों में दिखी एकजुटता और उल्लास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



चौपारण : प्रखंड के युवा प्रेस क्लब की ओर से रविवार को प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण जवाहर घाट में वन भोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा प्रेस क्लब चौपारण के अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने की। इस आयोजन में क्लब से जुड़े सभी सदस्यों के साथ जिला प्रेस क्लब के प्रतिनिधियों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम की महत्ता और बढ़ गई। वन भोज कार्यक्रम के दौरान पत्रकार साथियों ने विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजनों का आनंद लिया। साथ ही आपसी संवाद, विचार-विमर्श और मनोरंजन के माध्यम से पत्रकारों के बीच आपसी संबंधों को और मजबूत किया गया। डीजे की मधुर धुनों पर पत्रकार साथियों ने जमकर नृत्य किया, जिससे पूरा वातावरण उल्लास और उमंग से भर उठा। इस अवसर पर युवा प्रेस क्लब के केंद्रीय सदस्य विशाल सिन्हा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन संगठन के भीतर आपसी भाईचारे, सहयोग और एकजुटता को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के व्यस्त और चुनौतीपूर्ण माहौल में ऐसे आयोजन मानसिक स्फूर्ति प्रदान करते हैं तथा संगठन को नई ऊर्जा देते हैं। कार्यक्रम में युवा प्रेस क्लब के केंद्रीय सदस्य विशाल सिन्हा, सचिव मनीष सिन्हा, कोषाध्यक्ष बीजू गहलोत सहित राकेश सिन्हा, रणधीर राणा, बच्चू राणा, अजीत सिंह, धीरज सिंह, अमित सिंह, शंकर रविदास, अखिलेश पांडे, शेखर पांडे, रामसेवक राणा, पवन सिंह समेत कई वरिष्ठ एवं युवा पत्रकार उपस्थित थे।

# ठंड में जरूरतमंदों की "एंटीबायोटिक" बना राष्ट्रसेवा मंच

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



भुरकुंडा (कोयलांचल): कड़ाके की ठंड से जूझ रहे जरूरतमंदों के लिए राष्ट्रसेवा मंच इन दिनों एंटीबायोटिक की तरह काम कर रहा है। कोयलांचल क्षेत्र के भुरकुंडा बाजार के हृदय तल पर रविवार को मंच द्वारा सैकड़ों गरीब, असहाय एवं बेसहारा लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य से ठंड में ठिठुर रहे लोगों के चेहरों पर राहत और मुस्कान देखने को मिली। राष्ट्रसेवा मंच कोई नया नाम नहीं है। बीते लगातार पंद्रह वर्षों से यह संस्था हर रविवार जरूरतमंदों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराती आ रही है, वहीं किसी भी आपदा, बीमारी या सामाजिक संकट में मंच हमेशा सबसे आगे खड़ा नजर आता है। ठंड के मौसम में कंबल वितरण, गर्म कपड़े, तो कभी बीमारों के इलाज में सहयोग–मंच की सेवा निरंतर और निष्काम रही है। कार्यक्रम के दौरान मंच के सदस्यों ने कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना ही संगठन का मूल उद्देश्य है। बिना किसी भेदभाव के मानवता के नाते किया गया यह कार्य आज के समाज के लिए एक प्रेरणा है। स्थानीय लोगों ने भी राष्ट्रसेवा मंच के इस प्रयास की मुक्तकंठ से सराहना की और कहा कि जब संस्थाएं केवल नाम के लिए काम करती हैं, तब राष्ट्रसेवा मंच जमीनी स्तर पर वास्तविक सेवा कर समाज को नई दिशा दे रहा है। निःसंदेह, राष्ट्रसेवा मंच कोयलांचल क्षेत्र में सेवा, समर्पण और संवेदना का प्रतीक बन चुका है और आने वाली पीढ़ियों के लिए समाजसेवा की एक सशक्त मिसाल पेश कर रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### विजय यादव और शिबू उर्फ शिव शंकर बने भाजपा मंडल अध्यक्ष हुआ स्वागत



बड़कागांव : हजारीबाग भारतीय जनता पार्टी जिला के द्वारा बड़कागांव भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्षों की चयन किया गया। जिसमें खरांटी गांव के निवासी पूर्व भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष विजय यादव को बड़कागांव उरीमारी भाजपा मंडल मंडल अध्यक्ष चुना गया वहीं भाजपा जिला सोशल मीडिया प्रभारी शिबू कुमार उर्फ शिव शंकर को बड़कागांव भाजपा मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। रविवार को बड़कागांव काली मंदिर के समीप भाजपा के युवा वर्ग ने आतिशबाजी कर एवं माला पहनाकर दोनों का स्वागत किया गया। विजय यादव 2 साल आरएसएस में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं वहीं सरस्वती शिशु विद्या मंदिर खरांटी में शिक्षक के रूप में भी कार्यरत है। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से पूर्व महामंत्री नरसिंह प्रसाद, नौशाद आलम, अनुज कुमार यादव, सत्यजीत विद्या अलंकार, अवध किशोर कुमार, पवन कुमार, नीरज मालाकार, धर्मेंद्र प्रसाद, मनु कुमार, राहुल कुमार के अलावा दर्जनो भाजपाई कार्यकर्ता उपस्थित है ।

### प्रखंड रविदास महासभा का वनभोज सह मिलन समारोह 25 दिसंबर को मनाया जाएगा हुई बैठक



बड़कागांव : बड़कागांव प्रखंड रविदास महासभा की बैठक आर एन आर कॉलोनी ढेंगा में स्थित बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की आदमकत प्रतिमा के प्रांगण में रखी गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड रविदास महासभा के अध्यक्ष असेश्वर राम एवं संचालन पूर्व पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि दिनेश राम उर्फ गुड्डू ने किया। बैठक में संविधान के अधिकारों को विशेष रूप से लोगों के बीच आपस में चर्चा की गई और समाज के उत्थान के बारे में विशेष रूप से चर्चा हुई और बैठक में सर्व समिति से वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। वनभोज सह मिलन समारोह का कार्यक्रम 25 दिसंबर 2025 को डुमारो महुदी पहाड़ के प्रांगण में रखा गया है। बैठक में मुख्य रूप से रविदास महासभा के महासचिव रघुनाथ राम, बादम पंचायत के मुखिया दीपक दास, बड़कागांव रविदास महासभा नगर इकाई के अध्यक्ष रामेश्वर राम, नेमधारी राम, पूर्व पंसस राजीव रंजन, रामवृक्ष राम, सुकेश कुमार ,इंद्रदेव राम, भीखन राम, रवि राम ,आलोक कुमार, सतीश दास, लालजी राम ,सुरेंद्र कुमार दास, मुरली राम, यूगेश्वर कुमार, संजय कुमार दास, चंद्रदेव राम, महादेव राम ,आर्यन कुमार, जितेंद्र कुमार, राजेश कुमार दास , एवं अन्य प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे।

### सेंट्रल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण



बड़कागांव : बच्चों की चहुंमुखी प्रतिभा निखारने को लेकर बड़कागांव के द सेंट्रल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को जोभीया घाटी में वन भोज सह शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इसका नेतृत्व निर्देशक विनोद सिन्हा एवं प्राचार्य गायत्री सिन्हा ने किया। मौके पर शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को पहाड़ पर्वत, पठार ,नदियां एवं पर्यावरण से संबंधित अध्ययन कराया गया । शैक्षणिक भ्रमण में मुख्य रूप से निदेशक विनोद कुमार सिन्हा, प्रधान प्रधानाचार्य गायत्री सिन्हा ,सचिव विशाल सिन्हा , शिक्षक श्रीकांत सिन्हा,निक्की कुमारी ,नीतू राणा ,ममता राणा ,संगीता पांडेय , सुजाता शर्मा ,रेणु कुमारी ,पूनम कुमारी, सीमा कुमारी, देवनारायण दास, मोहम्मद आलम ,भीम कुमार महतो ,आलोक कुमार ने मुख्य भूमिका निभाई।

### वोट चोर गद्दी छोड़ दिल्ली की रैली में हजारीबाग से कांग्रेसी हुए शामिल



हजारीबाग : जिला कांग्रेस कमिटी हजारीबाग के अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल के नेतृत्व में वोट चोर गद्दी छोड़ दिल्ली की रैली में हजारीबाग एवं बरही के कई कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हुए । रैली को संबोधित करते हुए जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा कि भाजपा द्वारा वोटों की चोरी कर सरकार बनाने के षड़यंत्र में चुनाव आयोग का महत्वपूर्ण योगदान है। भाजपा ने संवैधानिक मुल्यों की हत्या कर चुनाव आयोग के सहयोग से आम जनता के वोटों को काटकर वोट चोरी के उद्देश्य से अप्रत्याशित रूप से फर्जी वोटोंरो का नाम जोड़कर जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या का प्रयास सरकारी तंत्रों के माध्यमों से कर रही है । रैली मे शामिल होने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव कांग्रेस के जिला मीडिया अध्यक्ष निसार खान, वरिष्ठ कांग्रेसी दिगम्बर प्रसाद मेहता, ओबीसी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुरजीत नागवाला, वरीय उपाध्यक्ष ओम प्रकाश गोप, नगर अध्यक्ष परवेज अहमद, ओबीसी के प्रदेश सचिव रेणू देवी, जिला ओबीसी अध्यक्ष अजय प्रजापति, महिला कांग्रेस के प्रदेश महासचिव बेबी देवी, डॉ निजामुद्दीन अंसारी, मो असलम, अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, उषा रानी, जय कुमार महतो, दीपक गुप्ता , वासुदेव महतो, राजेश कुमार, राम कुमार पटेल, कृष्णा कुशवाहा, पवन मिश्रा, प्रदीप मिश्रा के अतिरिक्त कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# रांची समेत कई जिलों में बढ़ा न्यूनतम तापमान, ठंड से मिली राहत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची और आसपास के क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी देखी गई है, जिससे लोगों को कड़ाके की ठंड से कुछ राहत मिली है। पहले जहां दोपहिया वाहन चालकों को शॉल ओढ़कर घर से निकलना पड़ता था, अब स्वेटर पहनने से काम चल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 2-3 दिनों तक यह राहत बनी रह सकती है। हालांकि, इस राहत के बीच पलामू, हजारीबाग, रामगढ़, गुमला, खूंटी और चतरा के लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। मौसम विभाग का अनुमान है कि इन जिलों में न्यूनतम तापमान 5 से 6 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। सुबह के समय घना कोहरा, दिनभर बर्फीली हवाएं और शाम के समय बढ़ती कनकनी लोगों की मुश्किलें बढ़ा सकती हैं। वहीं, देवघर, साहिबगंज, पूर्वी सिंहभूम, गोड्डा, दुमका, पाकुड़, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिलों में ठंड का असर कुछ कम हुआ है। इन जिलों में न्यूनतम तापमान अब 11 डिग्री तक पहुंच गया है, जो पहले 7-8 डिग्री के आसपास था। हालांकि, सुबह और दोपहर के समय चलने वाली ठंडी हवाओं से बचाव की आवश्यकता बनी हुई है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि दो दिन बाद पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम में फिर बदलाव आ सकता है, जिसके कारण राज्यभर में शीतलहर और कड़कड़ाती ठंड लौटने की संभावना है। कई जिलों में न्यूनतम तापमान फिर से 5-6 डिग्री तक गिर सकता है।

## एक नजर

### पहाड़ी बाबा का 29 वां वार्षिक महोत्सव 21 को

**रांची :** श्री शिव मण्डल की ओर से श्री पहाड़ी बाबा का 29 वां वार्षिक महोत्सव 21 दिसंबर को भव्य रुप से मनाया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान सबसे पहले सुबह 8 बजे श्री हनुमान ध्वज पूजन होगा। इसके बाद सुबह 9 .30 बजे से महारुद्राभिषेक आचार्य श्याम भारद्वाज 11 विद्वान पंडितों के साथ 51 किलो दूध, दही, मधु और गन्ने के रस एवं अन्य पूजन सामग्री के साथ दोपहर 2 बजे तक चलेगा। यह जानकारी श्री शिव मंडल के मीडिया प्रभारी उदय शंकर चौधरी ने रविवार को हुई मंडल सदस्यों की किशोरी पोददार के आवास में हुई बैठक के बाद दी। चौधरी ने बताया कि बैठक में भक्ति कार्यक्रम में पहुंचने वाले शिव भक्तों को किसी तरह की असुविधा न हो इसका हर संभव ख्याल रखने की बात कही गई। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में दोपहर 2.30 बजे से श्री पहाड़ी बाबा का भव्य श्रृंगार के साथ 56 भोग से बाबा को भोग लगाया जाएगा। दोपहर 3 बजे से भव्य भजन कीर्तन नए हॉल में किया जायेगा। साथ ही विशेष भंडारा विश्वनाथ मन्दिर परिसर में आयोजित किया जायेगा। शाम 6 बजे महाआरती होगी। वहीं महोत्सव के समापन के साथ प्रसाद वितरण किया जाएगा। बैठक में मंडल के संयोजक प्रेम शंकर चौधरी, अमर पोद्दार, उदय शर्मा, राजेंद्र सिंह, आनंद गिरी, बासुदेव भाला, दिनेश चौधरी, अशोक झांझरिया, भोला चौरसिया, प्रदीप मोदी, प्रेमलता लाखोटिया सहित अन्य उपस्थित थे।

### झारखंड के युवाओं का सेना में प्रवेश जारी

**रांची :** आर्मी रिक्रूटमेंट ऑफिस रांची द्वारा अगस्तझसितंबर 2025 में आयोजित भर्ती रैली में सफल हुए अग्निवीर अभ्यर्थियों का रेजिमेंटल सेंटरों के लिए चरणबद्ध डिस्पैच लगातार जारी है। इस प्रक्रिया के तहत चयनित अभ्यर्थियों को निर्धारित समय के भीतर संबंधित रेजिमेंटल केंद्रों के लिए रवाना किया जा रहा है। सेना भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत द्वितीय चरण डिस्पैच के लिए चयनित कुछ अग्निवीर अभ्यर्थियों द्वारा अभी तक रिपोर्ट नहीं किए जाने की जानकारी सामने आई है। अफ्झ रांची ने स्पष्ट किया है कि डिस्पैच की समय–सीमा अत्यंत सीमित है, ऐसे में सभी चयनित अभ्यर्थियों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ तत्काल आर्मी रिक्रूटमेंट ऑफिस, रांची में रिपोर्ट करना अनिवार्य है। कार्यालय ने यह भी बताया है कि जो अभ्यर्थी बिना किसी सूचना के रिपोर्ट नहीं करेंगे, उनके स्थान पर प्रतीक्षा सूची (वेटिंग लिस्ट) के अभ्यर्थियों को अवसर दिया जा सकता है। इसलिए सभी चयनित अग्निवीरों से अपील की गई है कि वे किसी भी प्रकार की देरी न करें और यथाशीघ्र अपनी डिस्पैच प्रक्रिया पूरी कराएं। वहीं, यदि कोई अभ्यर्थी किसी वैध व्यक्तिगत या पारिवारिक कारण से डिस्पैच के लिए इच्छुक नहीं है, तो उनसे अनुरोध किया गया है कि वे इस संबंध में लिखित आवेदन प्रस्तुत करें, ताकि उनकी असहमति समय रहते दर्ज की जा सके और भर्ती प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब न हो।

### प्रदेश भाजपा ने नितिन नबीन को दी बधाई

**रांची :** प्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने नितिन नबीन को पार्टी का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने नितिन नबीन को इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उनका नेतृत्व संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि यह नियुक्ति विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जनसेवा और सुशासन के लक्ष्यों को और अधिक सशक्त बनाएगी। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने कहा कि नितिन नबीन की संगठनात्मक क्षमता और नेतृत्व कौशल का लाभ पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर मिलेगा। उनके अनुभव से संगठन को मजबूती मिलेगी।

## सुदेश महतो ने रुकवाया काफिला घायल हुए व्यक्ति को भिजवाया अस्पताल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** चुटुपालु घाटी में एक बाइक सवार सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होकर काफी देर तक सड़क किनारे पड़ा रहा। मौके पर मौजूद लोग मदद करने के बजाय उसका वीडियो बनाते रहे, लेकिन किसी ने उसे अस्पताल पहुंचाने की पहल नहीं की। इसी दौरान हजारीबाग जाने के क्रम में पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो का काफिला वहां पहुंचा। घायल बाइक सवार को सड़क किनारे पड़ा देख सुदेश महतो ने तुरंत अपना काफिला रुकवाया और मानवीय पहल करते हुए उसे इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था कराई। घायल को तत्काल सहायता मिलने से उसकी जान बचने की उम्मीद जताई जा रही है। इस दौरान सुदेश महतो के साथ केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर, मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, छात्र संघ अध्यक्ष ओम वर्मा, ऋतुराज शाहदेव सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

## 2026 में रांची बनेगा राष्ट्रीय सुंडी शौंडिक महासम्मेलन का केंद्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रविवार को झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता एवं अंतराष्ट्रीय सुंडी शौंडिक महासम्मेलन सह प्रतिनिधि सम्मान समारोह कार्यक्रम के संयोजक एवं प्रवक्ता बीरेंद्र साहु जी ने बताया कि दिल्ली स्थित प्यारेलाल भवन आर टी वो में दिल्ली सुंडी समाज, छत्तीसगढ़ प्रदेश शौंडिक समाज, अखिल भारतीय शौंडिक संघ, एवं झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतराष्ट्रीय सुंडी शौंडिक महासम्मेलन सह प्रतिनिधि सम्मान समारोह कार्यक्रम में देश विदेश से हजारों प्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता पूर्व सांसद एवं वरीय समाजसेवी संगठन के संरक्षक धीरज प्रसाद साहु जी बतौर मुख्यातिथिप्रो राम अवतार पूर्वे, विशिष्ट अतिथि सांसद आदित साहु जी, सांसद सौमित्र खा जी, बिहार सरकार में मंत्री अरुण शंकर प्रसाद जी, विधान परिषद सदस्य रेखा गुप्ता जी,पूर्व शिक्षा मंत्री रामचंद्र पूर्वे जी, विधायक डॉ स्वेता गुप्ता जी, डॉ वरुण जी,डा प्रकाश चंद्रा, विधायक बैजनाथ प्रसाद, राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी जी, नेत्री शेफाली गुप्ता जी, कुम कुम देवी जी, इस्कॉन ग्रुप से प्रभु मधु माधव दास जी,राँची के इस्कॉन अनुयायि अरुण देव जी, श्याम सुंदर प्रसाद, ओम प्रकाश, उपेन्द्र प्रसाद, मुकुल देवराज, जैसे अनेक गण मान्य अतिथि मंचासिन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो राम अवतार महतो जी ने किया, कार्यक्रम के मुख्य संयोजक शिवरतन प्रसाद गुप्ता जी ने बताया कि दिल्ली में अंतराष्ट्रीय सुंडी शौंडिक महासम्मेलन सह प्रतिनिधि सम्मान समारोह कार्यक्रम के माध्यम से दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी को मांग पत्र भेज कर सुंडी शौंडिक जाति को दिल्ली प्रदेश में पिछड़ा वर्ग की सूची में जल्द शामिल करने की मांग महासम्मेलन में शामिल देश विदेश के हजारों प्रतिनिधियों की उपस्थिति में रखी गई। शिवरतन प्रसाद गुप्ता ने इसे गंभीरता से लेते कि दिल्ली में कई दशकों से दिल्ली में रहने बसने वाले सुंडी कार्यक्रम में भारी संख्या में मौजूद होकर छत्तीसगढ़, उड़ीसा, झारखंड, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, आंध्रप्रदेश, बिहार, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंच परगना झारखंड, योगेश्वर पलानी परगना, नेपाल, मिथिलांचल, दुबई, मॉरिशस, भूटान जैसे अनेक स्थानों से सुंडी शौंडिक समाज के प्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर समाज के लिए भागीदारी सुनिश्चित करते हुए अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी चट्टानी एकता को विश्व के मानचित्र पर दिखाया।

## गलत रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाकर चल रही बाइक जब्त, मामला दर्ज




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची में फर्जी और छेड़छाड़ किए गए वाहन रजिस्ट्रेशन नंबर के खिलाफ यातायात पुलिस ने सख्त अभियान शुरू किया है। पुलिस अधीक्षक, यातायात, रांची के निर्देश पर सभी यातायात थानाक्षेत्रों में विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में लालपुर यातायात थानांतर्गत लालपुर चौक पोस्ट के पास एक संदिग्ध बाइक को जांच के लिए रोका गया। जांच के दौरान बजाज प्लसर मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन नंबर JH 01 R-4778) को रोका गया। बाइक पर सवार व्यक्ति से आवश्यक कागजात मांगे गए, जिसके बाद वह कागजात लाने की बात कहकर वहां से चला गया, लेकिन वापस नहीं लौटा। इसके बाद पुलिस द्वारा वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर और चेसिस नंबर की जांच की गई। जांच में यह खुलासा हुआ कि बाइक पर लगी नंबर प्लेट किसी अन्य वाहन, पैशन प्रो मोटरसाइकिल की है। यानी वाहन पर जानबूझकर गलत रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाई गई थी। मामले को गंभीर मानते हुए संबंधित वाहन के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है। रांची यातायात पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार सही और वैध रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट ही लगवाएं। गलत या फर्जी नंबर प्लेट का उपयोग कानूनन अपराध है और इस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इस तरह का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## धूमधाम से मना श्री राधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर का महाप्रसाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा ट्रस्ट के सौजन्य से श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम मंदिर में रविवार को 242वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री राधा-कृष्ण जी का दिव्य और अलौकिक श्रृंगार किया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। दोपहर 12 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडेय की ओर से मेवायुक्त केसरिया खीर महाप्रसाद का विधिवत भोग अर्पित किया गया। इसके पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित चार हजार से अधिक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। महाप्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं। कार्यक्रम के दौरान भजन-संध्या का आयोजन भी किया गया, जिसमें ट्रस्ट के भजन गायक मनीष सोनी ने श्री राधाझकृष्ण और श्री श्याम प्रभु पर आधारित सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए और पूरा मंदिर परिसर श्री राधाझकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। वातावरण पूरी तरह कृष्णमय और भक्तिमय बन गया। इसके बाद सामूहिक महाआरती का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि आज मंदिर में आठ हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। सुबह से ही मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर-डूंगरमल अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल,निर्मल जालान, पूरणमल सर्राफ, नंदकिशोर चौधरी, प्रभास गोयल, सुरेश अग्रवाल, विशाल जालान, मनीष सोनी, संजय सर्राफ,धीरज गुप्ता, परमेश्वर साहू, हरीश कुमार सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष मौजूद थे।

## भारतीय ज्ञान परंपरा से होगा टिकाऊ विकास : डॉ मयंक मुरारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** भारतीय ज्ञान परंपरा, ग्रामीण विकास के लिए एक समग्र और सतत दृष्टिकोण प्रदान करती है। यह प्रकृति-आधारित समाधानों, सामुदायिक सशक्तिकरण, स्वदेशी कृषि तकनीकों को बढ़ावा देती है। उक्त बातें चिंतक और उषा मार्टिन के ग्रामीण विकास विभाग के हेड,डॉ मयंक मुरारी ने कहीं। वह आज हेसल गांव में उषा मार्टिन फॉउंडेशन और इस्कॉन के साथ गांवों में विकास अभियान के शुरूआत अवसर पर बोल रहे थे। इस अभियान के तहत आधा दर्जन गांवों में परिवार मूल्य, भारतीय जीवन परंपरा, शराबबंदी, यौगिक खेती आदि विषयों पर कार्य किये जायेगा। डा मयंक मुरारी ने कहा कि आत्मनिर्भर गाँव में सामाजिक न्याय और पर्यावरण संरक्षित होता है, जो वसुधैव कुटुम्बकम और सर्वे भवन्तु सुखिनः जैसे मूल्यों के साथ आधुनिक विकास लक्ष्यों को जोड़ता है। सामाजिक समरसता और न्याय जो ग्रामीण समुदायों में समानता और समावेशिता को बढ़ावा देते हैं। प्रकृति और मनुष्य के बीच संतुलन, जो सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देता है। इस अवसर पर इस्कॉन रांची ने ग्रामीण गृहस्थों के लिए एक भारतीय ज्ञान प्रणाली कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें गांवों में वैदिक सभ्यता की खेती पर एचजी परम प्रकाश श्यामसुंदर प्रभु का प्रवचन शामिल था। स्थानीय निवासी श्रील प्रभुपाद से प्रेरित इन पारंपरिक मूल्यों में अत्यधिक लगे हुए थे। सुधीर कृष्ण चैतन्य दास ने बताया कि उनका कार्य ग्रामीण समुदायों के ज्ञान और संस्कृति को सम्मान देना है, जिससे समग्र विकास संभव हो सके। कार्यक्रम का समापन आनंदमय कीर्तन और स्वादिष्ट प्रसादम के साथ हुआ। इस अवसर पर साची कुमार दास, अद्वैत दास, अभय कुमार,अनुराग इंद्रगुरु, स्वास्तिक साहा और कंपनी के वरुण कुमार, भुनेश्वर महतो और हेसल, उलातु, बसेरा और लुपुंग के ग्रामीण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार आरोपी को लाया गया रांची

**रांची :** झारखंड शराब घोटाला में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी )की जांच और कार्रवाई लगातार जारी है। फर्जी बैंक गारंटी मामले में शनिवार को गिरफ्तार मार्शन इनोवेटिव सिक्योरिटी के निदेशक जगन तुकाराम देसाई को रविवार को रांची लाया गया। एसीबी की टीम फ्लाइट से जगन तुकाराम देसाई को लेकर रांची एयरपोर्ट पहुंची। एसीबी रांची थाना कांड संख्या 09/2025 मामले में जगन तुकाराम देसाई को गुजरात के पोखरण स्थित सप्तगिरी कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी से एसीबी की टीम ने गिरफ्तार किया है। यह पूरा मामला मेसर्स मार्शन इनोवेटिव सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी से संबंधित है। कंपनी को ई–टेंडर की निविदा शर्तों के तहत झारखंड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड (जेएसबीसीएल) के पक्ष में जोन–04 (धनबाद) के लिए बैंक गारंटी जमा करनी थी। लेकिन कंपनी ने जेएसबीसीएल के साथ धोखाधड़ी करते हुए फर्जी बैंक गारंटी जमा कर दी। एसीबी की जांच में अप्राथमिकी अभियुक्त जगन तुकाराम देसाई के विरूद्ध इस धोखाधड़ी के संबंध में ठोस साक्ष्य पाए गए, जिसके आधार पर उन्हें गिरफ्तार किया गया। इस मामले में अग्रतर कार्रवाई की जा रही है और जांच टीम अन्य संबंधित व्यक्तियों और फजीर्वाड़े के पूरे नेटवर्क का पता लगाने की दिशा में काम कर रही है।

### डोरंडा कॉलेज में आत्मरक्षा प्रशिक्षण केन्द्र का हुआ उद्घाटन




**रांची :** डोरंडा कॉलेज रांची के परिसर में रविवार को आत्मरक्षा प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन परियोजना निदेशक, झारखण्ड महिला विकास समिति–सह–निदेशक, समाज कल्याण, किरण पासी (भा.प्र.से.) एवं डोरंडा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राज कुमार शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर किरण पासी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मरक्षा सीखना बेटियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक बालिका को यह प्रशिक्षण अवश्य प्राप्त करना चाहिए। झारखण्ड सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है तथा भविष्य में राज्य के सभी सरकारी कॉलेजों में किशोरियों के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किए जाने की दिशा में कार्य कर रही है, ताकि बालिकाएँ आत्मनिर्भर बन सकें, बाल विवाह से बच सकें। साथ ही अपनी शिक्षा पूर्ण कर सकें और आवश्यकता पड़ने पर स्वयं की रक्षा भी कर सकें। उन्होंने जानकारी दी कि इस केन्द्र के माध्यम से महाविद्यालय की छात्राओं को निःशुल्क कराटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जो शिहान रंजीत मेहता (6th DAN Black Belt) के मार्गदर्शन में संचालित होगा। वहीं प्राचार्य डॉ. राज कुमार शर्मा ने कहा कि महाविद्यालय द्वारा संचालित Social Outreach Programme के अंतर्गत यह पहल समाज के उत्थान की दिशा में एक प्रभावी कदम सिद्ध होगी। हमारी छात्राएँ ही नहीं, बल्कि समाज के वे सभी लोग जो बालिकाओं को आत्मनिर्भर एवं प्रशिक्षित बनाने में सहयोग करना चाहते हैं, उनके लिए महाविद्यालय हर संभव प्रयास करने हेतु सदैव तत्पर है। बता दें कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत झारखण्ड राज्य में बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देने की यह एक विशेष पहल है, जिसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में झारखण्ड महिला विकास समिति एवं डोरंडा कॉलेज के संयुक्त प्रयास से प्रारम्भ किया गया है। मौके पर कराटे प्रशिक्षण हेतु विशेष रूप से सुसज्जित कराटे डोजो कक्ष का भी उद्घाटन किया गया।

### 75 वर्ष के सिद्धांत पर भाजपा की नैतिकता कटघरे में : विजय शंकर नायक

**रांची :** उपरोक्त बाते रविवार को आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने कहीं इन्होने आगे कहा की भारतीय जनता पार्टी द्वारा सार्वजनिक रूप से प्रचारित और अपनाए गए तथाकथित 75 वर्ष आयु–सिद्धांत को लेकर आज देश भर में गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं। यह सिद्धांत कोई विपक्षी आरोप नहीं, बल्कि स्वयं भाजपा नेतृत्व द्वारा घोषित और लागू किया गया राजनीतिक मानदंड रहा है। नायक ने आगे कहा की यह सर्वविदित है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान तथा उसके बाद कई सार्वजनिक अवसरों पर यह बात कही थी कि भाजपा में 75 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद सक्रिय राजनीति और पदों से मार्गदर्शन की भूमिका में जाने की परंपरा है। इसी सिद्धांत के आधार पर भाजपा के कई वरिष्ठ और संस्थापक नेताओं को सक्रिय राजनीति से बाहर कर दिया गया। नायक ने आगे कहा की 75 वर्ष के सिद्धांत से लालकृष्ण आडवाणी, डॉ. मुरली मनोहर जोशी, यशवंत सिन्हा,शांता कुमार , सुमित्रा महाजन जैसे नेताओं की राजनीति समाप्त हुई और इस सिद्धांत के चलते भाजपा के अनेक वरिष्ठ नेता धीरे–धीरे राजनीतिक हाशिये पर चले गए, इन नेताओं की सक्रिय भूमिका भजपा में समाप्त होना इस बात का प्रमाण है कि यह सिद्धांत केवल कथन नहीं, बल्कि व्यवहार में लागू किया गया आज प्रश्न यह है कि जो सिद्धांत दूसरों पर लागू हुआ, क्या वही सिद्धांत प्रधानमंत्री स्वयं पर लागू होगा या नहीं? वही सिद्धांत, जिस पर वरिष्ठ भाजपा नेताओं की राजनीति समाप्त कर दी गई, आज खुद प्रधानमंत्री पर लागू क्यों नहीं हो रहा? अगर यह नियम सबके लिए था, तो प्रधानमंत्री पर भी लागू होना चाहिए। जनता अब केवल शब्दों से नहीं, बल्कि कर्म और जवाबदेही से जवाब चाहती है। यह सिद्धांत केवल दूसरों को हटाने का औजार नहीं, बल्कि लोकतंत्र और नैतिक राजनीति की कसौटी है।

### रांची में विश्व तुलसी पूजन दिवस : 20 दिसंबर को वाहन यात्रा से सेवा वितरण



**रांची :** विश्वव्यापी तुलसी पूजन दिवस अभियान के तहत रांची में इस वर्ष भी श्री योग वेदांत सेवा समिति की ओर से दो दिवसीय धार्मिक और सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। समस्त साधक परिवार रांची की ओर से कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समिति की ओर से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर रविवार को बताया गया कि 20 दिसम्बर को कोकर चौक, फिरायालाल चौक तथा बुटी मोड़ चौक पर वाहन यात्रा के माध्यम से व्यापक वितरण सेवा आयोजित की जाएगी। सेवा के दौरान 1,500 तुलसी पौधे, 1,500 वाल कैलेंडर सन 2026, 1500 तुलसी रहस्य पुस्तकें, 1500 पानी की बोतलें, 1500 प्रसाद पाउच तथा 1500 ऋषि प्रसाद पत्रिकाएं श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों को वितरित की जाएंगी। इसी प्रकार 25 दिसम्बर को मुख्य कार्यक्रम रांची के सूर्यपुरी (हेसल) स्थित संत श्री आशारामजी बापू सत्संग भवन में आयोजित होगा। कार्यक्रम में 100 दरिद्र नारायणों को कंबल एवं वाल कैलेंडर वितरण का कार्यक्रम भी रखा गया है। सभी श्रद्धालुओं और अतिथियों के लिए भंडारे की व्यवस्था रहेगी। साधक परिवार ने रांची एवं आसपास के क्षेत्रों के साधकों से आग्रह किया है कि वे कार्यक्रम में सम्मिलित होकर आध्यात्मिक एवं सेवा कार्यों का लाभ प्राप्त करें।

# बोकारो में खेलों का महाकुंभः सांसद खेल महोत्सव से चमकेगा नया टैलेंट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो :** बोकारो का मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम शनिवार को खेलों के जोश और जुनून से गूंज उठा, जब सांसद खेल महोत्सव का रंगारंग आगाज हुआ। 14 दिसंबर से शुरू हुआ यह खेल महाकुंभ 24 दिसंबर तक चलेगा, जहां बोकारो और धनबाद क्षेत्र के करीब दो हजार खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का दमखम दिखाएंगे। उद्घाटन समारोह में धनबाद के भाजपा सांसद ढुल्लू महतो और पूर्व अंतर्राष्ट्रीय तीरंदाज एंजेला सिंह,पूर्व अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी अजय सिंह की मौजूदगी ने खिलाड़ियों का उत्साह दोगुना कर दिया। सांसद और वरिष्ठ खिलाड़ियों ने हरी झंडी दिखाकर खेलों की शुरूआत की, वहीं खिलाड़ियों ने खेल भावना और अनुशासन की शपथ लेकर मैदान में उतरने का संकल्प लिया। इस महोत्सव में फुटबॉल, क्रिकेट, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल सहित कुल 10 खेलों का आयोजन किया जा रहा है। मैदान के हर कोने में प्रतिस्पर्धा, मेहनत और जीत का जज्बा साफ नजर आ रहा है। सुबह से ही स्टेडियम में खिलाड़ियों की चहल-पहल और दर्शकों की तालियों ने माहौल को उत्सव में बदल दिया। वहीं खेल के शुरूआत से पहले झारखंड के पारंपरिक छौ नृत्य का भी आयोजन किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी एंजेला सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनों से स्थानीय प्रतिभाओं को राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का मंच मिलता है। उन्होंने भरोसा जताया कि यहां से निकलने वाले खिलाड़ी आने वाले समय में देश का नाम रोशन करेंगे। वहीं सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से खिलाड़ियों को बेहतर मंच देने का प्रयास किया जा रहा है। सांसद खेल महोत्सव युवाओं के सपनों को उड़ान देने वाला मंच है, जहां मेहनत को पहचान और प्रतिभा को दिशा मिलती है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि एंजेला सिंह, अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉलर अजय सिंह, कबड्डी से विपिन कुमार, जिलाध्यक्ष जयदेव राय, पूर्व जिला अध्यक्ष रोहित लाल सिंह, परिंदा सिंह माना सिंह, सांसद प्रतिनिधि अमर सोनकर, विक्रम महतो भाजपा युवा जिलाध्यक्ष विनोद महतो, फुटबॉलर अमजद अली, गौर रजवार, कनक, संगठन के रमेश बाबू, अरुण झा, सत्येंद्र सिंह, सुदामा, संजय, पायल, आरबी ओझा, संजय मोदी, बीएन देव, निर्मल मांझी, मुरली, बोधरा, विश्वनाथ, महेंद्र संहिता ने मौजूद रहे। स्टेडियम की दुर्दशा पर भड़के संसद सांसद ने स्टेडियम के दुर्दशा देखकर बीएसएनएल अधिकारियों पर अपनी भड़ास निकाली। बीएसएल के कुछ अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त है। मैं चुप हूं तो वे लोग सोच रहे हैं कि उन्हें कोई देख नहीं रहा है। लेकिन मोदी के सरकार में भ्रष्टाचारी बचने वाले नहीं है।

## एक नजर

### कौणिडनिया में हुआ छात्रों के लिए विशेष प्रशिक्षण का आयोजन

**कोडरमा :** आश्रम रोड स्थित कौण्डिनिया पब्लिक स्कूल झुमरी तिलैया में विद्यालय के अध्यक्ष सह झारखंड के पूर्व डीआईजी माननीय श्री राजीव रंजन सिंह के पहल पर पदमा ट्रेनिंग कॉलेज के प्रशिक्षकों मोहम्मद इरफान तथा थापा के द्वारा छात्र एवं छात्राओं को मार्च पास्ट के लिए गठित बैंड को आकर्षक एवं मनमोहक बनाने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में पदमा ट्रेडिंग कॉलेज से आए प्रशिक्षकों ने बच्चों को बैंड से संबंधित कई साज को बजाने का प्रशिक्षण दिया। तमाम कौणिंडनिया के छात्र-छात्राओं ने इस प्रशिक्षण शिविर में आए प्रशिक्षकों का अभिवादन किया। इस प्रशिक्षण को लेकर बच्चों में उत्साह और उमंग भरपूर देखने को मिला। बच्चे प्रशिक्षकों के नेतृत्व में मार्च पास्ट का उम्दा प्रदर्शन प्रस्तुत किया। इस मौके पर पूर्व डीआईजी श्री राजीव रंजन सिंह ने विद्यालय को न सिर्फ कोडरमा जिला बल्कि झारखंड का उत्कृष्ट स्कूल में तब्दील करने के अपने सपनों को दोहराते हुए कहा कि वे अपने सपनों के प्रति विद्यालय के तमाम शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ समर्पण भाव से समर्पित है। विद्यालय के पठन-पाठन को सशक्त और उत्कृष्ट बनाने के लिए उन्होंने शिक्षक कर्मियों में कई फेरबदल भी किया है ताकि बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ विद्यालय पठन-पाठन में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सके। वे लगातार इस दिशा में बड़ी गंभीरता से स्थितियों का जायजा समय-समय पर करते रहते हैं।

### कार ने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मारी एक की मौत दो घायल



**बोकारो :** झारखंड में बोकारो जिले के चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के जरूआ गांव के पास बलेनो कार ने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी जिससे एक महिला की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि जरूआ गांव के पास बलेनो गाड़ी चालक नाबालिक युवक ने एक मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी । मोटरसाइकिल सवार जमाल अंसारी और तमन्ना परवीन सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय अस्पताल ले जाने के क्रम में तमन्ना परवीन की मौत रास्ते में ही हो गई। दुर्घटना के बाद बलेनो चालक भागने के क्रम में एक पेड़ मे टक्कर मार दी, जिसके कारण बलेनो कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया । सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को जप्त कर मामले की जांच कर रही है।

### नीमा ने आदिवासी गांव भस्की में ठंड से राहत के लिए बांटे 400 कंबल



**बोकारो :** आयुर्वेद एवं यूनानी चिकित्सकों के राष्ट्रीय संगठन नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) की झारखंड शाखा की ओर से बोकारो जिले के जरीडीह प्रखंड स्थित आदिवासी बाहुल्य सुदूरवर्ती ग्राम भस्की में ठंड से ठिठुरते गरीब और जरूरतमंद लोगों के बीच 400 कंबलों का वितरण किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन भस्की पंचायत के मुखिया मंटू मरांडी एवं उप मुखिया पूनम कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर पंचायत के सभी जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। नीमा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एके प्रसाद एवं प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. पूर्णेंदु गोस्वामी ने कहा कि नीमा आम जनसहयोग के माध्यम से साधनविहीन और जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाने का निरंतर प्रयास करती है।

## विवाहिता को ससुराल में रखने से इनकार पुलिस व समाज की पहल पर खुला ताला

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**जयनगर :** थाना क्षेत्र अंतर्गत तिलोकरी पंचायत के गढ़वाटांड गांव से एक मामला सामने आया है, जहां एक विवाहिता को उसकी हाइट को लेकर ससुराल में रखने से रोका जा रहा था। पीड़िता पुष्पा देवी ने इस संबंध में पहले ही पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, जो वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है। पुष्पा देवी ने बताया की शादी वर्ष 2022 में सत्यनारायण यादव के पुत्र सचिन यादव के साथ हुई थी। शादी के कुछ महीनों बाद ही हाइट और पारिवारिक विवाद को लेकर ससुराल पक्ष द्वारा उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। पीड़िता का आरोप है कि जब भी वह ससुराल आने की कोशिश करती, घर में ताला बंद कर दिया जाता था।रविवार को पुष्पा देवी अपने परिजनों और महिला संगठन की कुछ महिलाओं के साथ ताला खुलवाने के लिए गढ़वाटांड गांव पहुंची। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर हो-हंगामा हुआ। सास द्वारा घर का ताला नहीं खोले जाने पर माहौल गहमा गहमी का हो गया। सूचना मिलने पर जयनगर थाना पुलिस एएसआई इस्लाम अंसारी के नेतृत्व में मौके पर पहुंची। बाद में समाज के लोगों ने दोनों पक्षों को बैठाकर समझाया। काफी समझाइश के बाद अंततः घर का ताला खुलवाया गया और विवाहिता को ससुराल में रखवाया गया।

## इंडोर स्टेडियम की मांग को लेकर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मो. सद्दाम ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** सतगावां में आयोजित दीशोम गुरुजी स्मृति क्रिकेट टूनामेंट के फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से झारखंड युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मो. सद्दाम ने मुलाकात कर जिले से जुड़ी अहम माँगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मो. सद्दाम ने झुमरी तिलैया शहर में आधुनिक इंडोर स्टेडियम के निर्माण की माँग करते हुए कहा कि इससे बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कबड्डी, बॉक्सिंग, कुश्ती व योग जैसे खेलों को बढ़ावा मिलेगा और जिले के युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही उन्होंने जे.जे. कॉलेज, झुमरी तिलैया में विषयवार शिक्षकों की कमी का मुद्दा उठाते हुए शीघ्र नियुक्ति की आवश्यकता बताई। इसके अलावा जिले के प्राकृतिक एवं दर्शनीय पर्यटन स्थलों के विकास, संरक्षण और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की भी माँग रखी गई। मो. सद्दाम ने कहा कि इन माँगों के पूरा होने से युवाओं, विद्यार्थियों और आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। मंत्री ने ज्ञापन पर सकारात्मक विचार करने और आवश्यक पहल का आश्वासन दिया।

## बोकारो में 'हैप्पी स्ट्रीट' के चौथे सीजन का उल्लासपूर्ण और भव्य शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



बोकारो : बोकारो शहर में रविवार, 14 दिसंबर को 'हैप्पी स्ट्रीट' के चौथे सीजन का भव्य शुभारंभ उत्साह और उमंग के साथ हुआ। यह आयोजन शहरवासियों के लिए स्वस्थ जीवनशैली, सामाजिक सहभागिता और आनंद का प्रमुख केंद्र बना। कार्यक्रम का उद्घाटन बोकारो उपायुक्त अजय नाथ झा ने किया। इस आयोजन में बोकारो स्टील लिमिटेड की अहम भूमिका रही। उद्घाटन अवसर पर बीएसएल के लिंक डायरेक्टर एवं राउरकेला स्टील प्लांट के डायरेक्टर इंचार्ज आलोक वर्मा, अधिशासी निदेशक राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक प्रिय रंजन, अधिशासी निदेशक अनीष सेनगुप्ता, ईडी डॉ. बी.बी. करुणामय, अधिशासी निदेशक पी.के. रथ, अधिशासी निदेशक अनूप कुमार दत्त, सीजीएम कुंदन कुमार, सीजीएम लक्ष्मी दास, बीएसएल कम्युनिकेशन से मणिकंदन, अभिनव शंकर तथा टाउन एडमिनिस्ट्रेशन से अविनाश कुमार सहित हैप्पी स्ट्रीट के को ऑर्डिनेटर और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने नृत्य, गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से माहौल को जीवंत बना दिया। बच्चों और युवाओं द्वारा लगाए गए फूड स्टॉल, हर्बल उत्पादों के काउंटर और रचनात्मक स्टॉल लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। ठंड के बावजूद सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग आयोजन स्थल पर पहुंचे। बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों की सहभागिता ने इसे खास बना दिया। हैप्पी स्ट्रीट अब बोकारो में स्वास्थ्य, खुशी और सामाजिक एकता का मजबूत प्रतीक बन चुका है और चौथे सीजन में भी लोगों का उत्साह पहले जैसा ही देखने को मिला।

## किशोरी क्लब के प्रयास से बाल विवाह पर लग रही है लगाम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो :** बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने के उद्देश्य से बोकारो जिले के कसमार प्रखंड में सहयोगिनी संस्था द्वारा 'किशोरी क्लब' के माध्यम से विभिन्न जागरूकता एवं क्षमता-निर्माण गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इन प्रयासों से किशोरियों में नेतृत्व क्षमता का विकास हो रहा है, जिससे वे बाल विवाह की परंपरा को तोड़ने में सफल हो रही हैं। सहयोगिनी की समन्वयक कुमारी किरण और मंजू देवी ने बताया कि कसमार प्रखंड के 11 गांवों में किशोरियों के साथ मिलकर नेतृत्व क्षमता विकास को लेकर विशेष गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि प्रखंड की गरी, सोनपुरा और पोंडा पंचायत के 11 गांवों में लगातार कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। नियमित बैठकें आयोजित कर बाल विवाह और अन्य सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की जाती है। किशोरियों को बाल विवाह निषेध अधिनियम, पॉक्सो, घरेलू हिंसा अधिनियम, शिक्षा का अधिकार अधिनियम सहित अन्य कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी जाती है। इसके साथ फुटबॉल और विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया जा रहा है, जो टीम भावना और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देती हैं। स्टेकहोल्डर बैठक, नेतृत्व क्षमता प्रशिक्षण, लाइफ स्किल प्रशिक्षण जैसी गतिविधियों के माध्यम से किशोरियों की नेतृत्व क्षमता का विकास हो रहा है। वे अब बाल विवाह से संबंधित हानिकारक परंपराओं को चुनौती देने और तोड़ने में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। किशोरी क्लब का यह प्रयास ग्रामीण स्तर पर लड़कियों को सशक्त बनाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण साबित हो रहा है।

## भारतीय जनता पार्टी जिला कोडरमा संगठन की बैठक में मण्डल अध्यक्ष और मंडल प्रतिनिधि कि घोषणा संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा :** भारतीय जनता पार्टी जिला कोडरमा संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक गुरु कृपा विवाह भवन, कोडरमा में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने की, जबकि संचालन जिला चुनाव सह प्रभारी नीतीश चंद्रवंशी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष सह कोडरमा जिला चुनाव पर्यवेक्षक विकास प्रीतम एवं जिला चुनाव अधिकारी सुबोध सिंह 'गुड्डू' की उपस्थिति रही। इस अवसर पर दोनों चुनाव अधिकारियों द्वारा मंडल अध्यक्ष एवं मंडल प्रतिनिधियों की विधिवत घोषणा की गई। घोषित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि विकास प्रीतम ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। आगामी चुनाव को देखते हुए सभी मंडल अध्यक्ष और प्रतिनिधि पूरी निष्ठा व समर्पण के साथ कार्य करें, ताकि पार्टी को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। जिला चुनाव अधिकारी सुबोध सिंह 'गुड्डू' ने कहा कि संगठनात्मक चुनाव पारदर्शिता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत संपन्न हुए हैं। नए दायित्वधारियों से अपेक्षा है कि वे संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करेंगे। कोडरमा विधायक नीरा यादव ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं की मेहनत और अनुशासन ही पार्टी की पहचान है। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी संगठन और जनसेवा के कार्यों को प्राथमिकता दें। निम्नलिखित मण्डल के अध्यक्ष बनाये गए। सतगांवा मंडल अध्यक्ष- रणजीत कुमार और मण्डल प्रतिनिधि - बालमुकुंद सिंह, बासोडीह मण्डल अध्यक्ष - नरेश यादव और मण्डल प्रतिनिधि - मनोज चौधरी, झुमरी तिलैया नगर दक्षिणी मण्डल - अध्यक्ष नवीन चौधरी , मण्डल प्रतिनिधि-संजय शर्मा,कोडरमा नगर मण्डल अध्यक्ष - संजय पासवान, मण्डल प्रतिनिधि - संदीप कुमार गुप्ता, करमा मण्डल अध्यक्ष - सुनील पण्डित मण्डल, डोमचांच नगर मण्डल अध्यक्ष - सुजीत कुमार , डोमचांच ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष - सुनील भारती ,मण्डल प्रतिनिधि - पारिजात सिंह, नवाडीह मण्डल अध्यक्ष- सुनील कुमार यादव , मण्डल प्रतिनिधि - पवन सिंह, मार्कच्चो मण्डल अध्यक्ष - शम्भू कुमार सिंह, मण्डल प्रतिनिधि -सुरेन्द्र यादव, चंदवारा मण्डल अध्यक्ष - नन्द किशोर सोनी एवं मंडल प्रतिनिधि - द्वारिका प्रसाद राणा, तिलैया डैम मण्डल अध्यक्ष - मनोज कुमार साव एवं मण्डल प्रतिनिधि - राज कुमार पांडेय, जयनगर मण्डल अध्यक्ष - महाबीर यादव एवं मण्डल प्रतिनिधि- रामदेव मोदी, ,हीरोडीह मण्डल अध्यक्ष - राजेन्द्र सिंह, बैठक में प्रदेश कार्य समिति सदस्य रवि मोदी ,पूर्व जिला अध्यक्ष रामनाथ सिंह ,वीरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष, प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

## संक्षिप्त खबरें

### विधायक डॉ नीरा यादव ने कोडरमा में किया कई योजनाओं का शिलान्यास



**कोडरमा :** विधायक और प्रदेश की पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव ने रविवार को कई योजनाओं का शिलान्यास किया। नगर पंचायत कोडरमा के फुलवरिया और डुमरियाटांड में एचवाईडीटी के साथ समरसेबल अधिष्ठापन कार्य तथा सार्वजनिक पानी स्टोरेज हेतु पानी टंकी अधिष्ठापन कार्य का उन्होंने शिलान्यास किया। इसके पूर्व बरसोतियाबर में भी योगा शेड और पेवर ब्लॉक लगाने की योजना का भी शिलान्यास किया। इस दौरान विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि लोगों की समस्याओं को लेकर वे गम्भीर हैं और पानी, सड़क, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं सभी को मिले इसके लिए लगातार कार्य कर रही हैं। विधायक डॉ नीरा यादव ने लोगों से कहा कि वे विकास की योजनाओं पर सतत निगरानी भी रखें ताकि कार्य की गुणवत्ता ठीक रहे। इस दौरान फुलवरिया में पहली बार बिजली पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने उनके प्रति आभार जताया। मौके पर सचिन कुमार, विजय सिंह, दिवाकर, सहदेव यादव समेत कई स्थानीय लोग भी मौजूद थे। रविवार को विधायक अन्य जगहों पर भी जाकर कई परिवार से मुलाकात कर सुख दुख में शामिल हुईं।

### सतगांवा के प्रखंड परिसर में फाईनल मैच खुटा एवं मनोहर पुर के बिच खेला गया




**कोडरमा :** दिशुम गुरु शिबू सोरेन स्मृति क्रिकेट टुनार्मेंट का आयोजन झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा सतगांवा के प्रखंड परिसर में फाईनल मैच खुटा एवं मनोहर पुर के बिच खेला गया। जिसमें झारखंड सरकार के नगर विकास एवं पर्यटन एवं उच्च शिक्षा मंत्री सुदिप्य कुमार सोनू एवं पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव। कोडरमा जिला के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी शालिनी गुप्ता। जिला अध्यक्ष बिरेंद्र पांडेय सचिव पवन माईकल कुजुर, केन्द्रीय समिति सदस्य गंगा प्रसाद यादव,संजय पांडेय, इस्लाम अंसारी, रविन्द्र शाण्डिल, बैजनाथ मेहता,अशोक सिंह, गणेश राय ,संजय साजन ओनम पिर्या, क्रिकेट मैच का सफल आयोजन अखिलेश यादव एवं धर्मेंद्र यादव ने किया।इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी सम्मानित पदाधिकारियों मौजूद थे।

### संस्कार पब्लिक स्कूल नवलशाही की छात्रा अनीशा बनी कोडरमा टॉपर




मरकच्चो : प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, डोमचांच के तत्वावधान में आयोजित अंतर विद्यालय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का परिणाम 10 सितंबर को घोषित किया गया था। इसी क्रम में आज सन साइन एजुकेशन एकेडमी, डोमचांच के प्रांगण में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में संस्कार पब्लिक स्कूल, नवलशाही की छात्रा अनीशा कुमारी ने टॉपर का स्थान प्राप्त किया, जबकि सिया कुमारी ने सेकंड टॉपर बनकर विद्यालय का नाम रोशन किया। सम्मान समारोह में संस्कार पब्लिक स्कूल, नवलशाही के आरफा खान, जिशान खान, प्रिंस राज,अनीशा सिन्हा, आशिक आलम, राजवीर कुमार, आयुष कुमार यादव, अदिति कुमारी, मोहित दास, रेहान खान, शाहबान खान, सूरज राणा एवं करुणा सागर को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक पवन कुमार दास, प्राचार्य सद्दाम हुसैन एवं वरिष्ठ शिक्षक सुनील यादव ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कहा कि निरंतर परिश्रम और अनुशासन से ही सफलता प्राप्त होती है।वहीं इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं सुलेखा कुमारी,ममता कुमारी,कृति कुमारी,निशा सिंह,ज्योति सिन्हा, मधु सिन्हा, ऋचा सिन्हा,शहबाज सिद्दीकी,रोहित कुमार,जितेंद्र सिंह, दिलीप कुमार,देवराज सिंह,मंच कुमार एवं अभिभावकों ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए बच्चों की इस उपलब्धि पर गर्व जताया और उन्हें आगे भी इसी प्रकार सफलता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### बोकारो में मिथिला सांस्कृतिक परिषद का अनूठा आयोजन, देशभर के मैथिली साहित्यकार हुए शामिल



**बोकारो :** बोकारो में मिथिला-मैथिलों की प्रतिष्ठित संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद ने पुनः अपने एक ऐतिहासिक आयोजन के माध्यम से बोकारो की सांस्कृतिक एवं साहित्यिक कड़ी में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। परिषद द्वारा संचालित नगर के सेक्टर-4ई स्थित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल का विद्यापति सभागार शनिवार की पूरी रात अद्वितीय साहित्यक आयोजन का साक्षी बना। सगर राति दीप जरए के 124वें- कथा सिन्धु कार्यक्रम में पूरी रात साहित्य की अनूठी लौ जलती रही। कार्यक्रम का शुभारंभ संध्या लगभग 6:00 बजे दीप प्रज्वलन के साथ हुआ और यह दीया पूरी रात और रविवार सुबह सूर्योदय तक जलता रहा। जब तक दीया जलता रहा, तब तक साहित्यकारों ने बिना रुके, बिना थके एक से बढ़कर एक अपनी कथाएं सुनाई। बिहार, झारखंड, राजस्थान, दिल्ली सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे मिथिला के विशद साहित्यकारों ने जहां अपनी कथाओं के माध्यम से सामाजिक परिस्थितियों का जीवंत चित्रण किया, वहीं श्रोताओं ने उनकी समीक्षा भी की। पूरी रात यह सिलसिला चलता रहा। कार्यक्रम की शुरूआत महाकवि विद्यापतिजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद वरिष्ठतम साहित्यकार बुद्धिनाथ झा, परिषद के निदेशक मंडल संयोजक एवं मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार, निदेशक मंडल सदस्य एवं विद्यालय के उपाध्यक्ष विजय कुमार झा, परिषद के अध्यक्ष जयप्रकाश चौधरी, महासचिव नीरज चौधरी, विद्यालय के सचिव दिलीप कुमार झा, संस्था के उप महासचिव मिहिर कुमार झा व अविनाश कुमार झा अवि, सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक अरुण पाठक, कार्यक्रम संयोजक शंभु झा आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

## एक नजर

### चुट्टूपालू घाटी में बाइक दुर्घटना : जिला प्रशासन की त्वरित कार्रवाई



**रामगढ़ :** रविवार को चुट्टूपालू घाटी क्षेत्र में एक बाइक सवार के सड़क दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना प्राप्त होते ही जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। उपायुक्त, रामगढ़ फैज एक अहमद मुमताज के निर्देशानुसार अनुमंडल पदाधिकारी सह जिला परिवहन पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में जिला प्रशासन की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया था। मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों एवं स्थानीय लोगों द्वारा तत्काल प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया, जिससे घायल की स्थिति को स्थिर किया जा सका। समय पर दिए गए प्राथमिक उपचार ने घायल को गंभीर स्थिति में जाने से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### चलो गांव की ओर, नामांकन महाअभियान का किया गया आयोजन



**कोलेबिरा :** विवेकानन्द शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, लचरागढ़ की ओर से विद्यालय द्वारा चलो गाँव की ओर संस्कारित शिक्षा का घर-घर प्रसार नामांकन महाअभियान के अंतर्गत लचरागढ़ ग्राम में अभिभावक संपर्क अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में विद्यालय के प्रधानाचार्य के नेतृत्व में समस्त आचार्य कार्यकर्ता बंधु भगिनी की सक्रिय उपस्थिति रही। अभियान के अंतर्गत ग्राम के विभिन्न टोला मोहल्लों में जाकर उन अभिभावकों से संपर्क किया गया, जिनके बच्चे अभी विद्यालय में नामांकित नहीं हैं। अभिभावक संपर्क के दौरान अभिभावकों को विद्यालय की शैक्षणिक विशेषताओं, लक्ष्य एवं उद्देश्य साथ ही संस्कारयुक्त एवं सांस्कृतिक शिक्षा प्रणाली की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विद्यालय द्वारा शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन, नैतिक मूल्य, राष्ट्रभाव तथा चरित्र निर्माण पर दिए जा रहे विशेष ध्यान से भी अवगत कराया गया। विद्यालय द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु संचालित विभिन्न खेल एवं शारीरिक गतिविधियों की जानकारी भी अभिभावकों को दी गई।

# लोक समर्पण के रक्तदान शिविर में उमड़ा जनसैलाब

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**जमशेदपुर :** लौहनगरी जमशेदपुर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था 'लोक समर्पण' के तत्वावधान में रविवार को सिदगोड़ा स्थित सोन मंडप परिसर में एकदिवसीय स्वैक्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का विधिवत उद्घाटन मुख्यातिथि के रूप में शामिल जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कोल्हान यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति डॉ शुक्ला मोहंती एवं सम्मानित अथिति मजदूर नेता सह विभिन्न यूनियन के अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय, टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी, टाटा मोटर्स यूनियन के अध्यक्ष शशिभूषण प्रसाद, महामंत्री आर के सिंह ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। सुबह 9 बजे से संध्या 5 बजे तक चले शिविर में युवा एवं माहिला रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सुबह से ही रजिस्ट्रेशन एवं रक्तदान करने कतारबद्ध होकर लोग अपनी बारी का इंतेजार करते दिखे। शिविर की समाप्ति पर कुल 663 यूनिट रक्त संग्रह किये गए। रक्तदान शिविर में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने भी शिरकत की और रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाया। इस दौरान रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करने एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से सभी रक्तवीरों को उपहार स्वरूप हेलमेट एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। वहीं, अतिथियों की ओर से सभी रक्तदाताओं को एकल पुष्प प्रदान कर नेक मानवीय कार्य के लिए आभार जताया गया। रक्तदाताओं में दिखा उत्साह, बनाये गए थे सेल्फी पॉइंटः रक्तदाताओं को प्रेरित करने हेतु सेल्फी पॉइंट बनाए गए थे। जहां स्लोगन में रक्तदान हेतु प्रेरक संदेश लिखे थे। सेल्फी पॉइंट में संस्था के कुछ कार्यों को भी दशार्या गया था। मुख्यातिथि के रूप में शामिल जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि लोक समर्पण द्वारा शहर और आसपास के क्षेत्रों में लगातार सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं। इस बार नए उद्देश्य और व्यापक सोच के साथ आयोजित रक्तदान शिविर को लोगों की भारी भागीदारी ने ऐतिहासिक सफलता दिलाई है। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है और युवाओं में बढ़ती जागरूकता इसका प्रमाण है। उन्होंने संस्था के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए समाजहित में निरंतर कार्य करते रहने का आह्वान किया। संस्था के संरक्षक सह समाजसेवी ललित दास ने बताया कि हमारी संस्था द्वारा पहली बार रक्तदान शिविर इतने बड़े स्तर पर आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों युवाओं ने पहली बार रक्तदान किया। उन्होंने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मानव ही मानव के काम आता है। इसी भावना के साथ लोक समर्पण विगत कई वर्षों से जरूरतमंदों तक पहुंचकर सेवा कार्य कर रही है। उन्होंने सभी युवाओं से यातायात एवं सड़क सुरक्षा नियमों के पालन करने की बात कही। शिविर में आये अतिथियों ने संस्था के प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना की और कहा कि युवाओं में रक्तदान के प्रति बढ़ती जागरूकता समाज के लिए एक सकारात्मक संकेत है। रक्तदान शिविर में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर मिश्रा, गुंजन यादव, कुलवंत सिंह बंटी, बबुआ सिंह, संजीव सिंह, भूपेंद्र सिंह, टुनटुन सिंह, सुशांत पांडा, पवन अग्रवाल, अखिलेश चौधरी, मान्तु बनर्जी, प्रेम झा, अमित अग्रवाल, अभिमन्यु सिंह, अभिषेक अग्रवाल, ज्ञान प्रकाश, प्रकाश दुबे, चिंटू सिंह, नारायण पोद्दार, पप्पू उपाध्याय, बबलू गोप, मोनोजीत घोषाल एवं सतनाम सिंह एवं संस्था के कई अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## दलदल में फंसे बीमार हाथी का इलाज के दौरान हुई मौत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला जिला के चांडिल वन क्षेत्र के नीमडीह प्रखंड के चातरमा गांव के कीचड़ नुमा खेत यानी दलदल में गिरने से इलाज के दौरान करीब एक महीने से बीमारी से ग्रस्त एक हाथी की मौत हो गई। रविवार को पशु चिकित्सा पदाधिकारी का टीम द्वारा पोस्टमार्टम कर हाथी को बगल में ही दफनाया गया। हाथी की मौत के बाद स्थानीय लोगों ने फुल अगरवत्ती से मृत हाथी का पूजा पाठ भी किया गया।मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को हाथी एक दलदल खेत में फंस गया और चाहकर भी दलदल से निकल नहीं पाया। वन विभाग को सुचना मिलते ही डीएफओ सवा आलम, रेंजर शशि प्रकाश रंजन,वन पाल राधारमण ठाकुर, राणा प्रताप, पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ के के चौधरी पहुंचे और हाथी चिकित्सकों का टीम द्वारा हाथी का इलाज प्रारंभ किया। वन पाल राधारमण ठाकुर से बात करने से बताया गया कि स्थानीय चिकित्सक एवं गुजरात के स्पेशल चिकित्सकों की टीम द्वारा हाथी का इलाज किया गया। उन्होंने बताया कि 45 बोतल स्लाइन चढ़ाया गया। काफी प्रयास के बाद भी हाथी को बचाने में चिकित्सकों का दल नाकाम रहे। देर रात को हाथी की मौत हो गई। हांलांकि रात भर वन विभाग के पदाधिकारी घटनास्थल पर डटे रहे। बताया जा रहा है कि एक माह से बीमार चल रहे हाथी को ठीक करने के लिए 10 लाख रुपए वन विभाग द्वारा खर्च किया गया ।

## झामुमो जिला सचिव सफीक खान का दौरा जनसमस्याओं के त्वरित समाधान पर दिया जोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कुरडेग :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला सचिव सफीक खान ने अपने कमिटी सदस्यों के साथ कुरडेग प्रखण्ड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रखण्ड कमिटी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में श्री खान ने संगठन को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं से वंचित लोगों को जोड़ना संगठन की अहम जिम्मेदारी है। विशेष रूप से वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन और राशन कार्ड से जुड़ी समस्याओं के समाधान पर जोर दिया गया। जिला सचिव ने कहा कि यदि आम जनता को किसी भी प्रकार के सहयोग की आवश्यकता हो तो झामुमो संगठन 24 घंटे उनके साथ खड़ा है। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे योजनाओं की जानकारी घर-घर पहुंचाएं और पात्र लाभुकों को उनका हक दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक के दौरान संगठन द्वारा प्रखण्ड अंतर्गत पंचायतों में चल रही मनरेगा योजनाओं में कथित अवैध कार्यों की जानकारी जिला सचिव को दी गई। इस पर श्री सफीक खान ने दुख व्यक्त करते हुए तुरंत कार्रवाई का भरोसा दिया। उन्होंने तत्काल बीडीओ कुरडेग से मुलाकात कर मनरेगा में सुधार लाने को लेकर विस्तृत चर्चा की तथा डीसी सिमडेगा से संपर्क कर संबंधित मनरेगा कर्मियों की शिकायत दर्ज कराई। इस क्रम में श्री खान ने डीसी महोदया से बीडीओ कुरडेग द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना भी की। श्री सचिव ने कहा कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समन्वय से ही योजनाओं का सही लाभ जनता तक पहुंच सकता है। बैठक से झामुमो कार्यकताओं में नया उत्साह देखने को मिला और संगठन को और मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

## साउथ प्वाइंट स्कूल पटमदा में वार्षिक खेल दिवस समारोह 'तेजस' का सफल आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पटमदा :** साउथ प्वाइंट स्कूल पटमदा के खेल मैदान में वार्षिक खेल दिवस समारोह-2025 का भव्य आयोजन अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि क्रीड़ा भारती, जमशेदपुर महानगर के अध्यक्ष शिव शंकर सिंह , विधालय के चेयरमैन शिव प्रकाश शर्मा , डायरेक्टर शिवम शर्मा , प्राचार्य अरूण कुमार सिंह द्वारा स्कूल ध्वज तथा विद्यालय के स्पोर्ट्स फ्लैग के ध्वजारोहण से हुई। विद्यालय के चारों सदनों – शिवाजी सदन, प्रताप सदन, सुभाष सदन और पटेल सदन– ने आकर्षक और भव्य मार्च-पास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी। मुख्य अतिथि ने मशाल प्रज्ज्वलित व बैलून को आकाश में छोड़कर खेल दिवस का आगाज किया। खेल कूद के समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि रिटायर्ड डिप्टी सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस झारखंड के कमल किशोर ने विजेताओं को पुरस्कार देकर इस समारोह का समापन किया,इस मौके पर समाजिक कार्यकर्ता नुकूल तिवारी, प्रदीप बेसरा पार्षद पटमदा , राधारमन अग्रवाल संचालक मानगो नगर, सपन महतो पूर्व पार्षद बोड़ाम, प्रमोद कुमार सिंह, विजय गुप्ता बैंक मैनेजर, गौरव अग्रवाल बिजनेसमैन, रीमा उपस्थित थीं। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि "खेल न केवल शारीरिक क्षमता को बढ़ाते हैं, बल्कि अनुशासन, साहस और टीम भावना को भी विकसित करते हैं। "विधालय के चेयरमैन शिव प्रकाश शर्मा जी ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए स्वागत सम्बोधन किया। प्रधानाचार्य अरूण कुमार सिंह ने वार्षिक उपलब्धियों का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और विद्यार्थियों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना बनाए रखने का संदेश दिया।

## ईचागढ़ में 22वीं डेढ़ लाख टंकिया फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य समापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़ :** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के टीकर हाईस्कूल मैदान में 22 वां एक दिवसीय डेढ़ लाख टंकिया फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला नेताजी स्पोर्टिंग रेमता खुंटी एवं प्रेम होटल एन एच 33 के बीच खेला गया। प्रतियोगिता में प्रेम होटल एन एच 33 ने नेताजी स्पोर्टिंग रेमता खुंटी को पछाड़ कर खिताब पर कब्जा जमाया। प्रथम विजेता टीम को डेढ़ लाख रुपए एवं ट्राफी , द्वितीय उप विजेता टीम को एक लाख 21 हजार रुपए एवं ट्राफी, तीसरे व चौथे स्थान पर रहे लालटु स्पोटिंग एवं डाक्टर स्पोटिंग चोगा को 25-25 हजार रुपए एवं ट्राफी देकर पुरस्कृत किया गया। खेल का उद्घाटन राजा प्रशांत कुमार आदित्यदेव राष्ट्रीय गीत एवं झंडा फहराकर किया गया। आयोजन समिति आर एफसी क्लब टीकर के द्वारा खेल मैदान, दर्शक दीर्घा एवं मंच को दुल्हन जैसा सजाया गया था। प्रतियोगिता में विधायक सविता महतो, आजसू के केन्द्रीय महासचिव हरेलाल महतो, भाजपा नेता पाप्पु वर्मा आदि ने जनसमूह को संबोधित किया। मौके पर विधायक के भाई संजय महतो, प्रमुख गुरू पद मार्डी, खेल अध्यक्ष ललित मोहन घोष, सचिव दिवाकर कैवर्त, कोषाध्यक्ष गुरू दयाल शर्मा, अभिराम उरांव, बनमाली रजक, मुकेश गुप्ता, सुभाष महतो, अनिल सिन्हा, बासुदेव चटर्जी, श्यामापद, कार्तिक, परशुराम, खगेन्द्र प्रामाणिक, फकीर प्रामाणिक, मधु गोप, भजोहरी महतो, मनोरंजन ठाकुर, फटीक गोराई, नकुल घोष, निर्मल गोराई आदि सदस्य उपस्थित थे।

# दिव्यांगजनों के लिए हुआ पर्पल फेयर का आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रामगढ़ :** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सौजन्य से तथा समेकित क्षेत्रीय कौशल विकास, पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण केंद्र ,रांची एवं जिला प्रशासन, रामगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में झारखंड राज्य के द्वितीय जिला स्तरीय पर्पल फेयर का आयोजन दिनांक 14 दिसंबर, 2025 को टाउन हॉल, रामगढ़ में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन रौशन लाल चौधरी, माननीय विधायक, बड़कागांव; सांसद प्रतिनिधि राजीव जयसवाल; अभयनंदन अंबष्ट, राज्य निःशक्तता आयुक्त, झारखंड सरकार; एवं इंदु प्रभा खलखो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, रामगढ़ द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने दिव्यांगजनों की सक्रिय भागीदारी एवं उनकी क्षमताओं की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा भविष्य में इस प्रकार के समावेशी आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहित करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में सी.आर.सी., रांची, जिला प्रशासन के पदाधिकारी तथा रामगढ़ जिले के विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस पर्पल फेयर में 400 से अधिक दर्शकों ने सहभागिता की, जिनमें दिव्यांगजन एवं उनके परिजन, विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, आंगनबाड़ी सेविकाएं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा जिला प्रशासन के अधिकारीगण शामिल थे। रौशन लाल चौधरी, माननीय विधायक, बरकागांव ने अपने संबोधन में कहा कि पर्पल फेयर जैसे आयोजन दिव्यांगजनों की प्रतिभा और क्षमताओं को समाज के समक्ष प्रस्तुत करने का एक सशक्त मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन किसी से कम नहीं हैं, आवश्यकता केवल उन्हें समान अवसर और उचित मंच उपलब्ध कराने की है। उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार के समावेशी कार्यक्रमों को निरंतर समर्थन देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। अभयनंदन अंबष्ट, राज्य निःशक्तता आयुक्त, झारखंड सरकार ने अपने वक्तव्य में कहा कि दिव्यांगजनों के अधिकारों की रक्षा, सुलभता सुनिश्चित करना तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना राज्य सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि पर्पल फेयर जैसे आयोजन दिव्यांगता के प्रति समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने के साथ-साथ दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हैं। कार्यक्रम के दौरान 33 दिव्यांग कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें मनमोहक नृत्य, संगीत एवं कविता पाठ शामिल थे। साथ ही दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित हस्तशिल्प एवं कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिससे उनके रचनात्मक कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन हुआ। इसके अतिरिक्त सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थाओं द्वारा रोजगार, शिक्षा, प्रशिक्षण एवं पुनर्वास से संबंधित जानकारी प्रदान करने हेतु 10 स्टॉल लगाए गए।

### विस्थापित परिवारो के शिकायतों के निराकरण हेतु विधायक ने राज्यपाल से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन



**बड़कागांव :** विधायक रोशन लाल चौधरी ने लोकभवन जाकर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शिष्टाचार मुलाकात की। विधायक ने राज्यपाल को झारखंड राज्य विस्थापन एवं पुनर्वास आयोग गठन कार्य एवं दायित्व नियमावली 2025 को सुदृढ़ वैधानिक एवं क्रियाशील बनाने को लेकर सुझाव देने से संबंधित ज्ञापन सौंपा। उन्होंने राज्यपाल से अनुरोध किया है कि गठित झारखंड राज्य विधानसभा एवं पुर्नवास आयोग सभी सुझावों के समावेश करने से झारखंड राज्य विस्थापन एवं पुनर्वास आयोग केवल परामर्श निकाय नहीं रहेगा बल्कि एक स्वतंत्र सशक्त एवं अर्थ न्यायिक संस्था के रूप में स्थापित होगा जो विकास एवं न्याय दोनों के बीच संतुलन कायम रख सकेगी। यह आयोग न केवल विस्थापितों के अधिकारों की रक्षा करेगा बल्कि झारखंड को एक मानव केंद्रित विकास मॉडल की दिशा में अग्रसर करेगा। साथ ही उन्होंने राज्यपाल का ध्यान हजारीबाग जिला अंतर्गत एनटीपीसी की कई परियोजनाओं, सीसीएल की परियोजनाओं एवं रामगढ़ जिला अंतर्गत पीवीयूएनएल पतरातू परियोजनाओं से संबंधित विस्थापित परिवारों के मुआवजाओं रोजगार एवं पुनर्विस्थापन संबंधित लंबित शिकायतों के निराकरण की ओर ध्यान आकर्षित कराया है।

## संक्षिप्त खबरें

### 22 वां एक दिवसीय डेढ़ लाख टंकियां फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रेम होटल एन एच 33 ने किया खिताब पर कब्जा



**ईचागढ़ :** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के टीकर हाईस्कूल मैदान में 22 वां एक दिवसीय डेढ़ लाख टंकिया फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला नेताजी स्पोर्टिंग रेमता खुंटी एवं प्रेम होटल एन एच 33 के बीच खेला गया। प्रतियोगिता में प्रेम होटल एन एच 33 ने नेताजी स्पोर्टिंग रेमता खुंटी को पछाड़ कर खिताब पर कब्जा जमाया। प्रथम विजेता टीम को डेढ़ लाख रुपए एवं ट्राफी , द्वितीय उप विजेता टीम को एक लाख 21 हजार रुपए एवं ट्राफी, तीसरे व चौथे स्थान पर रहे लालटु स्पोटिंग एवं डाक्टर स्पोटिंग चोगा को 25-25 हजार रुपए एवं ट्राफी देकर पुरस्कृत किया गया। खेल का उद्घाटन राजा प्रशांत कुमार आदित्यदेव राष्ट्रीय गीत एवं झंडा फहराकर किया गया। आयोजन समिति आर एफसी क्लब टीकर के द्वारा खेल मैदान, दर्शक दीर्घा एवं मंच को दुल्हन जैसा सजाया गया था। प्रतियोगिता में विधायक सविता महतो, आजसू के केन्द्रीय महासचिव हरेलाल महतो, भाजपा नेता पाप्पु वर्मा आदि ने जनसमूह को संबोधित किया। मौके पर विधायक के भाई संजय महतो, प्रमुख गुरू पद मार्डी, खेल अध्यक्ष ललित मोहन घोष, सचिव दिवाकर कैवर्त, कोषाध्यक्ष गुरू दयाल शर्मा, अभिराम उरांव,बनमाली रजक, मुकेश गुप्ता, सुभाष महतो, अनिल सिन्हा, बासुदेव चटर्जी, श्यामापद, कार्तिक, परशुराम,खगेन्द्र प्रामाणिक,निमाई गोप, शक्ति महतो नरेंद्र गोप,मानिक घोष, राधानाथ, ताहिर अंसारी,फकीर प्रामाणिक, मधु गोप,भजोहरी महतो, मनोरंजन ठाकुर,फटीक गोराई, नकुल घोष, निर्मल गोराई आदि सदस्य उपस्थित थे।

### जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर को ऑपरेटिव कॉलेज में आयोजित "दर्शन मानवता एवं समाजसेवा" विषय पर आधारित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुआ। दर्शन का लक्ष्य केवल ज्ञान प्राप्त करना नहीं, अपितु "लोकहित और सर्वजन मंगल" की भावना को सिद्ध करना है। यही कारण है की वेदांत से लेकर गांधी-दर्शन तक सेवा और सत्य को जीवन- आचरण का आधार माना गया है। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० अमर सिंह, डॉ० मंगला श्रीवास्तव, डॉ० नीता सिन्हा, डॉ० दुमरेंद्र रंजन सहित विश्वविद्यालय के अनेक अधिकारीगण, शिक्षाविद, शोधार्थीगण व एनसीसी के विद्यार्थी उपस्थित रहें।

### गिरिडीह सिविल कोर्ट कर्मचारियों की धमाकेदार जीत, अधिवक्ताओं को 49 रनों से हराया



**सरिया :** रविवार को गिरिडीह में सिविल कोर्ट कर्मचारियों और अधिवक्ताओं के बीच एक रोमांचक क्रिकेट मैच खेला गया, जिसमें सिविल कोर्ट कर्मचारी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 49 रनों से विजय प्राप्त की।मैच में सिविल कोर्ट कर्मचारी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 121 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। जवाब में अधिवक्ता टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए मात्र 73 रनों पर ही ऑलआउट हो गई। अधिवक्ताओं की ओर से सबसे ज्यादा रन विशाल कुमार आनंद उर्फ विक्की बाबू ने बनाए। सिविल कोर्ट कर्मचारियों की जीत में अभिजीत कुमार रंजन, विकास कुमार यादव, अनिल कुमार, अजीत कुमार चौधरी, अंकित कुमार, वीरेंद्र कुमार यादव, मोहम्मद अनवारूल हक, देव कुमार साव, यशवीर सिंह, प्रेम कुमार और अभिषेक कुमार का सराहनीय योगदान रहा। इन खिलाड़ियों की शानदार बल्लेबाजी ने टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।यह मैच दोनों पक्षों के बीच खेल भावना और मैत्रीपूर्ण माहौल का प्रतीक बना। ऐसे आयोजनों से न्यायिक समुदाय में आपसी सद्भाव बढ़ता है।

### सोनारी आदर्श सहकारी गृह निर्माण समिति द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन



**जमशेदपुर :** सोनारी आदर्श सहकारी गृह निर्माण समिति लिमिटेड के नवनिर्वाचित निर्देशक मंडली की पहल पर रविवार को समिति के सदस्यों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सोनारी स्थित आदर्श नगर कार्यालय परिसर में पहली वार नए समिति के प्रयास से आयोजित की गई। जिसमें बड़ी संख्या में समिति के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।स्वास्थ्य जांच शिविर में ब्रह्मानंद अस्पताल एवं पूर्णिमा नेत्रालय के चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की टीम द्वारा बीपी, शुगर, ईसीजी एवं नेत्र जांच सहित अन्य सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। शिविर में लगभग 300 से अधिक लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई और चिकित्सकों से आवश्यक परामर्श प्राप्त किया। इस अवसर पर समिति के चेयरमैन धनंजय डे ने बताया सोनारी आदर्श सहकारी गृह निर्माण समिति लिमिटेड की नई निर्देशक मंडली सभी सदस्यों तक हर संभव सहायता पहुंचाने के लिए संकल्पित है। श्री डे ने बताया समिति द्वारा पहली बार इस तरह का निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया है, ताकि सभी सदस्य अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो सकें और समय रहते बीमारियों की पहचान हो सके। समिति के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर आशिम कुमार स्वैन ने बताया स्वस्थ सदस्य ही एक मजबूत और सशक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं। इसी उद्देश्य से समिति भविष्य में भी इस तरह के जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी।

# 'वंदे मातरम' राष्ट्र प्रेम की भावना से लिखा गया एक अमर गीत

बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा लिखा गया 'वंदे मातरम' गीत के 150 वीं वर्षगांठ पर देश की लोकसभा और राज्यसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जिस तरह बहसें हुई हैं, इससे प्रतीत होता है कि यह गीत आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना कि इस गीत के रचना के समय। इस अमर राष्ट्र गीत के पक्ष में सत्ता पक्ष के नेताओं ने कहा कि यह गीत स्वाधीनता आंदोलनकारियों को गुलामी की बेड़ियों से मुक्त करने के लिए एक नई ऊर्जा प्रदान की थी। यह गीत तब से लेकर आज तक देशवासियों को राष्ट्रीय चेतना से प्रेरित करता रह रहा है। वहीं दूसरी ओर विपक्ष के नेताओं ने सत्ता पक्ष पर यह आरोप लगाया कि बंगाल विधानसभा के चुनाव को ध्यान में रखकर इस गीत पर चर्चा कर राजनीति कर रही है। आरोप और प्रत्यारोप तो चलता ही रहेगा, लेकिन बंकिमचंद्र चटर्जी ने इस गीत को उस दौर में लिखा था, जब भारत ब्रिटिश हुकूमत के अधीन था। सच्चे अर्थों में इस गीत ने स्वाधीनता सेनानियों में एक नई ऊर्जा का संचार कर दिया था। इस गीत की पंक्तियों ने ब्रिटिश हुकूमत की नींव हिला करके रख दी थी। इसके साथ ही इस गीत ने पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण में रहने वाले तमाम देशवासियों को एक सूत्र में बांधने का काम किया था। वंदे मातरम गीत राष्ट्र प्रेम की भावना से लिखा गया एक अमर गीत बन चुका है। इस गीत की गूंज सदियों तक सुनाई पड़ती रहेगी।

'वन्दे मातरम' बंकिमचन्द्र चटर्जी द्वारा संस्कृत और बाँग्ला मिश्रित भाषा में रचित एक अमर गीत है। इस गीत के रचयिता बंकिमचंद्र चटर्जी को भी पता नहीं था कि यह उनका अमर गीत बनने वाला है। उन्होंने भारत माता व जन्मभूमि की महत्ता पर वंदे मातरम की पंक्तियां निछावर कर दिया है। इस गीत का प्रकाशन सन 1882 में उनके उपन्यास 'आनन्द मठ' में अन्तर्निहित गीत के रूप में हुआ था। इस गीत से सदियों से सुप्त भारत देश जाग उठा था। आगे चलकर यह यह भारत के स्वतंत्रता संग्राम का प्रेरक बना। आनंद मठ उपन्यास में यह गीत भवानन्द नाम के संन्यासी द्वारा गाया गया है।

वंदे मातरम गीत पर समीक्षा से पूर्व यह जानना जरूरी हो जाता है कि जिस कालखंड में बंकिम चंद्र ने इस गीत की रचना की थी, भारत गुलाम था।

भारत का मूल धर्म सनातन धर्म और संस्कृति पर ब्रिटिश हुकूमत द्वारा जबरदस्त ढंग से हमला किया जा रहा था। बंकिम चंद्र यह बखूबी जानते थे कि भारत की सनातन संस्कृति कितना गौरवशाली है। भारत माता के करोड़ों पुत्र होने के बावजूद भारत माता अधिक दिनों तक बेड़ियों में कैसे बंधी रह सकती हैं ? भारत माता करोड़ों देशवासियों की जन्म दात्री के रूप में पूजी जाती हैं। मानी जाती हैं। करोड़ों देशवासी उसकी संतान हैं। भारत माता के इस विराट व्यक्तित्व को लेकर इस गीत की रचना हुई थी।

'वंदे मातरम्य गीत की पंक्तियां इस प्रकार हैं। वन्दे मातरम/सुजलां सुफलाम/मलयजशीतलाम/शस्यश्यामलाम/ मातरम।

कवि बंकिमचंद्र, अपनी पहली ही पंक्ति में माता की वंदना से शुरूआत करते हैं। उनकी दृष्टि में भारतवर्ष की पूरी धरती ही आदिशक्ति स्वरूपा है। यह इस बात को दशार्ता है कि संपूर्ण भारत वर्ष की धरती माता के समान पवित्र है। उन्हें गर्व है कि यह धरती उनकी जन्म भूमि है। इसलिए वे बारंबार माता का वंदन करते हैं। वे इस गीत की शुरूआत माता की वंदना से कर अंतिम पंक्ति में भी उनकी वंदना से ही अंत करते हैं। वे कहते हैं कि माते, मैं तुम्हें वन्दन करता हूँ। यह पवित्र भूमि जल से समृद्ध है। धनधान्य से भी समृद्ध है। इस पवित्र भूमि के दक्षिण के मलय पर्वत के ऊपर से आने वाली वायु की लहरों से शीतल होने वाली तथा विपुल खेती लहलहा रही है।

## सूडोकु नवताल- 7644

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | | 7 |
| | | | | | 8 | | | 1 |
| | | 7 | 4 | 6 | | 8 | | 9 |
| 3 | 2 | | | | 7 | | | 8 |
| 1 | | 9 | | 4 | | 7 | | 5 |
| 4 | | | 2 | | | | 9 | 3 |
| 6 | | 3 | | 5 | 1 | 9 | | |
| 8 | | | 3 | | | | | |
| 7 | | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7643 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |

# कार्य स्थल पर तनाव का बढ़ता संकट

डॉ प्रियंका सौरभ



भारत जिस तेजी से डिजिटल कार्य-संस्कृति की ओर बढ़ा है, उतनी ही तेजी से कर्मचारियों पर कार्य-संबंधी तनाव का बोझ भी बढ़ा है। स्मार्टफोन, ईमेल, टीम कम्युनिकेशन ऐप्स और वर्क-फ्रॉम-होम मॉडल ने कार्य और निजी जीवन की रेखा लगभग मिटा दी है। इसी संदर्भ में प्रस्तावित राइट टू डिसकनेक्ट बिल, 2025 न केवल कानूनी प्रयास है, बल्कि आधुनिक कार्य-संस्कृति के लिए भावी नैतिक व्यवस्था भी। इस बिल का मूल उद्देश्य सरल है- कर्मचारी को उसके कार्य समय के बाद डिजिटल तरीकों से काम से जोड़ने की बाध्यता को सीमित करना। किन्तु भारत जैसा विशाल, विविध और प्रतिस्पर्धी श्रम-परिदृश्य इस अधिकार के वास्तविक क्रियान्वयन को जटिल बनाता है।

दरअसल, आज की कार्यशैली ऑलवेज ऑन मानसिकता पर आधारित है, जहाँ यह मान लिया जाता है कि कर्मचारी हमेशा उपलब्ध रहेंगे। पहले काम कार्यालय के दरवाजे पर रुक जाता था; अब काम जेब में रखा मोबाइल बन गया है- हर पल साथ, हर पल सक्रिय। इस मनोवैज्ञानिक दबाव ने कर्मचारियों के तनाव स्तर, नींद की गुणवत्ता, पारिवारिक संबंधों और मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। कई अंतरराष्ट्रीय सर्वे बताते हैं कि लगातार डिजिटल उपलब्धता से बर्नआउट की दर तेजी से बढ़ती है और भारत जैसे देशों में यह प्रभाव अधिक तीव्र दिखाई देता है क्योंकि यहाँ कार्य-संस्कृति में अधिक काम करना अक्सर अच्छा कर्मचारी होने का पर्याय मान लिया गया है।

राइट टू डिसकनेक्ट इसी असंतुलन को सुधारने का नैतिक और कानूनी प्रयास है।

यह बिल कर्मचारियों को यह अधिकार देता है कि वे निर्धारित कार्य समय के बाद ईमेल, संदेश या कॉल का उत्तर देने के लिए बाध्य न हों। यह अवधारणा कई यूरोपीय देशों में कानूनी हकीकत बन चुकी है और इससे सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं- उच्च उत्पादकता, संतुलित मानसिक स्वास्थ्य और कम कर्मचारी पलायन। भारत में भी यह कदम कर्मचारी कल्याण के लिए महत्वपूर्ण आधार बना सकता है।

इस अधिकार का सबसे महत्त्वपूर्ण पक्ष मानसिक स्वास्थ्य सुरक्षा है। लगातार जुड़े रहने से मस्तिष्क को विश्राम नहीं मिल पाता, जिससे तनाव हार्मोन लगातार सक्रिय रहते हैं। अनेक अध्ययनों में पाया गया है कि डिजिटल अधिभार के कारण नींद की गुणवत्ता घटती है, चिड़चिड़ापन बढ़ता है और दीर्घकालीन स्वास्थ्य जटिलताएँ उत्पन्न होती हैं। भारत के आईटी और बीपीओ क्षेत्र में विशेष रूप से यह समस्या गहरी है, जहाँ समय-क्षेत्र (टाइम जोन) आधारित काम की प्रकृति के कारण कर्मचारी अक्सर देर रात तक उपलब्ध रहने को मजबूर होते हैं।

यदि इस बिल को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए तो यह मानसिक शांति, व्यक्तिगत समय और पारिवारिक जीवन को संरक्षित करने की दिशा में बड़ा कदम होगा।

कार्य-जीवन संतुलन इस बिल की दूसरी सबसे बड़ी उपलब्धि हो सकती है। भारत की युवा कार्यशक्ति अत्यधिक महत्वाकांक्षी है, परंतु अनियंत्रित कार्य-समय उसके व्यक्तिगत विकास, सामाजिक संबंधों और शारीरिक स्वास्थ्य को क्षति पहुँचा रहा है। राइट टू डिसकनेक्ट कर्मचारियों को यह सुरक्षा देता है कि उनके पास अपने लिए सुरक्षित समय होगा, जो किसी भी आधुनिक समाज की उत्पादक क्षमता के लिए बुनियादी शर्त है। विश्राम पाकर कर्मचारी केवल खुश नहीं होते बल्कि अधिक रचनात्मक, अधिक सतर्क और अधिक उत्पादक भी बनते हैं।

कानूनी दृष्टि से यह बिल एक महत्वपूर्ण शून्य को भरता है। भारत के मौजूदा श्रम कानून अभी तक डिजिटल युग की आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं हैं। इस बिल के लागू होने से एक औपचारिक ढाँचा तैयार होगा, जिसमें यह स्पष्ट हो पाएगा कि नियोक्ता की अपेक्षाएँ कार्य-समय के बाहर कितनी वैध हैं। इससे श्रमिक अधिकारों को मजबूती मिलेगी और कार्यस्थलीय शोषण की कई अनदेखी समस्याओं पर अंकुश लगेगा।

हालाँकि, इस बिल की राह उतनी आसान नहीं है जितनी नजर आती है।

भारत की कार्य-संस्कृति स्वभावतः विविध है- बड़ी कंपनियों से लेकर छोटे स्टार्टअप, औपचारिक क्षेत्रों से लेकर लाखों अनौपचारिक और गिग वर्कर तक-सभी की कार्य-जरूरतें अलग-अलग हैं। एक समान नियम सभी क्षेत्रों पर लागू करना व्यवहारिक चुनौती बन सकता है। विशेषकर लघु व मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) में, जहाँ कर्मचारियों की संख्या कम और कार्य का बोझ अधिक होता है, बिल को लागू करना नियोक्ता के लिए कठिन हो सकता है।

सबसे बड़ी जटिलता भारत के आईटी क्षेत्र में उभरती है, जहाँ अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों के कारण समय-सीमाएँ वैश्विक होती हैं। काम का स्वभाव ही ऐसा है कि कई बार कर्मचारियों को नियमित कार्य-समय से बाहर मीटिंग या ईमेल का उत्तर देना आवश्यक होता है।

इसी तरह, पत्रकारिता, आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाएँ, परिवहन और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में 247 उपलब्धता नौकरी का मूल हिस्सा है। इन स्थितियों में ह्यराइट टू डिसकनेक्टह्न का शत-प्रतिशत अनुपालन संभव नहीं है। इसलिए यह बिल तभी प्रभावी होगा जब इसे लचीले क्षेत्र-विशिष्ट दिशा-निर्देशों के साथ लागू किया जाए।

एक अन्य चुनौती भारतीय कॉर्पोरेट संस्कृति में निहित है- यहाँ कर्मचारी का मूल्यांकन अक्सर उसकी उपलब्धता से जोड़ा जाता है। कई कर्मचारी आशंका में रहते हैं कि वे यदि ऑफ-ड्यूटी संदेशों या कॉल का उत्तर नहीं देंगे तो उनकी छवि खराब होगी या करियर प्रभावित होगा। यह समस्या भय और दबाव की संस्कृति को जन्म देती है, जिसे बदलने के लिए केवल कानून पर्याप्त नहीं; बल्कि मानसिकता में दीर्घकालीन बदलाव आवश्यक है।

इसके अतिरिक्त, तकनीकी दृष्टि से यह भी चुनौतीपूर्ण है कि नियोक्ता किस हद तक कर्मचारियों के डिजिटल उपकरणों की निगरानी कर सकते हैं। यदि कंपनियाँ निगरानी बढ़ाती हैं तो यह निजता के अधिकार का उल्लंघन कर सकती है। इसलिए बिल के साथ डिजिटल गोपनीयता के स्पष्ट मानक भी अनिवार्य होंगे।

इन चुनौतियों के बावजूद, यह बिल कर्मचारी कल्याण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। इसका वास्तविक प्रभाव तब दिखेगा जब कंपनियाँ इसे केवल ह्यअनुपालनह्न के रूप में न देखें बल्कि इसे मानव-केंद्रित कार्य-संस्कृति का आधार बनाएं। कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण, नियोक्ताओं के लिए संतुलित दिशा-निर्देश और सरकार के लिए प्रभावी क्रियान्वयन तंत्र- ये तीन स्तंभ इस बिल को सफल बना सकते हैं। यदि भारत मानसिक स्वास्थ्य और कार्य-जीवन संतुलन को आधुनिक विकास का मूल मानता है तो यह बिल एक निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है।

# हवा हवाई हुये हवाई चप्पल वालों की हवाई यात्रा के 'जुमले'

तनवीर जाफरी




भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के अकुशल संचालन के चलते पिछले दिनों देशभर में भारी उड़ान संकट पैदा हो गया। हालांकि यह संकट मुख्य रूप से 2 दिसंबर 2025 से शुरू हुआ और 5 दिसंबर को अपने चरम पर जा पहुंचा था जब इंडिगो ने देश भर की अपनी लगभग एक हजार से अधिक उड़ानें रद्द कर दी थीं । जिससे देश भर में हजारों यात्री विभिन्न शहरों में अकारण ही फंस गए थे । इस घटना ने केवल यात्रियों को ही परेशान नहीं किया, बल्कि एविएशन सेक्टर की कार्यकुशलता पर भी कई सवाल खड़े कर दिए। अभी तक पूरे देश में उड़ानों की स्थिति सामान्य नहीं हो सकी है। मुंबई,इंदौर,दिल्ली हैदराबाद व बेंगलुरु जैसे कुछ महत्वपूर्ण नगरों की इंडिगो उड़ान सेवाएं अभी भी प्रभावित होने के समाचार हैं। हवाई अड्डों पर जहां सामान्य दिनों में पहले ही भारी भीड़ इकट्ठा हो रही थी पिछले दिनों की अफरा तफरी के दौरान इन्हीं उड़ान प्रभावित हवाई अड्डों पर तो भीड़ का कुछ ऐसा दृश्य दिखाई दिया जैसा कि छठ-दिवाली व दशहरा जैसे त्योहारों के दौरान रेलवे स्टेशन पर नजर आता है।

हवाई संचालन में आये इस तरह के असामान्य व्यवधान के कई कारण बताये जा रहे हैं। इनमें नए पायलट और क्रू रेस्ट नियमों का प्रभाव, तकनीकी खराबी और ऑपरेशनल लापरवाही, मौसम, भीड़भाड़ और उड़ान शेड्यूल में बदलाव जैसी वजहें मुख्य रूप से शामिल हैं। इस अव्यवस्था के चलते देश भर में विमान यात्रियों को जिस शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना को सहन करना पड़ा वह तो अपनी जगह पर परन्तु दुर्भाग्यपूर्ण बात यह कि इस कई एयरलाइंस कंपनियों ने इसी अव्यवस्था का फायदा उठाकर देश के कई प्रमुख हवाई रूट्स पर किराए 2 से 10 गुना तक मंहगे कर दिए। उदाहरण स्वरूप दिल्ली-बेंगलुरु का सामान्य किराया जो 10,000 से 15,000 के मध्य होता था वह बढ़कर 70,000 तक और कुछ मामलों में तो 1 लाख से ज्यादा और एयर इंडिया पर नॉन स्टॉप फ़्लाइट का 1.02 लाख तक पहुँच गया था। इसी तरह दिल्ली-मुंबई का किराया 25,000से 60,000 तक और कुछ विमानों में 93,000 से भी अधिक हो गया था। जबकि एयरलाइंस कंपनियों द्वारा दिल्ली-चेन्नई के 40,000 से लेकर 80,000+ तक वसूल किये गये। दिल्ली-पुणे, गोवा, लखनऊ पर भी 20,000 से 50,000 से भी अधिक की टिकट बेची गयी। डिमांड-सप्लाई गैप के कारण खासकर इंडिगो की 60%+ मार्केट शेयर वाली फ़्लाट्स कैंसिल होने के कारण यात्रियों को दूसरी एयरलाइंस में शिफ़्ट होना ही था। इसी का लाभ एयर इण्डिया ,एयर इण्डिया एक्सप्रैस,इस्पाईस जेट व अकासा एयर जैसी कई विमानन कंपनियों ने उठाया। हालांकि बाद में सरकार ने किराए की इस बेतहाशा बढ़ोतरी पर अस्थायी कैप लगाई ताकि अनुचित किराया बढ़ोतरी रोकी जा सके।

अब विमानन क्षेत्र में मची इसी अफरातफरी के सन्दर्भ में जरा नरेंद्र मोदी का वह कथन याद कीजिये जब मार्च 2014 में सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल) में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा था कि ह्नमैं चाहता हूँ कि हमारे गाँव के गरीब, जो हवाई चप्पल पहनते हैं, वो हवाई जहाज में बैठें। मैं ये सपना देखता हूँ कि जिस गरीब की झोली में कभी दो जून की रोटी भी मुश्किल से आती थी, वो हवाई जहाज में सफर करे। क्या ये सपना देखना गुनाह है?ह्व मोदी ने यह 'भावनात्मक जुमले 'कई रैलियों में अलग-अलग शब्दों में दोहराये। यह भी सच है कि मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत में हवाई अड्डों के विकास और संचालन में काफी प्रगति हुई है। मुख्य रूप से क्षेत्रीय संपर्क योजना (उड़ान ) के तहत कई नए हवाई अड्डे शुरू किए गए हैं, साथ ही पुराने बंद पड़े या कम उपयोग वाले हवाई अड्डों को पुनर्जीवित भी किया गया है। नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रूप में जहाँ इसी वर्ष मुंबई का दूसरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा शुरू किया गया है वहीं महर्षि बाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नाम से अयोध्या इंटरनेशनल एयरपोर्ट, दोनी पोलो एयरपोर्ट, ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश), मोपाह एयरपोर्ट, गोवा (गोवा का दूसरा एयरपोर्ट), देवघर एयरपोर्ट, झारखंड, कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट, उत्तर प्रदेश, पाक्योंग एयरपोर्ट, सिक्किम (सिक्किम का पहला एयरपोर्ट),पसीघाट, जीरो, होलोंगी, तेजू (अरुणाचल प्रदेश); आगत्ती (लक्षद्वीप),रीवा (मध्य प्रदेश), अंबिकापुर (छत्तीसगढ़), सहारनपुर (उत्तर प्रदेश), सतना और दतिया (मध्य प्रदेश),अलीगढ़, आजमगढ़, चित्रकूट, मुरादाबाद, श्रावस्ती (उत्तर प्रदेश) आदि अनेक नये एयर पोर्ट विकसित किये गए हैं तो दिल्ली, लखनऊ, पुणे, ग्वालियर, जबलपुर जैसे कई हवाई अड्डों पर नये टर्मिनल का भी निर्माण किया गया है।

अब सवाल यह है कि विमानन क्षेत्र में होने वाले इस विकास से गरीबों को फायदा हुआ या विमानन कंपनियों को? क्या आज इस बात की कल्पना की जा सकती है कि पैरों में हवाई चप्पल धारण करने वाली यानी देश की गरीब जनता या दूसरे शब्दों में वे 80 करोड़ लोग जिन्हें सरकार ने 5 किलो मुफ़्त राशन पर आश्रित बना दिया है ऐसे लोग जो दस हजार रुपए की हवाई यात्रा की टिकट भी नहीं खरीद सकते वे लोग वही टिकट विमानन संचालन संकट के समय भला सत्तर हजार की कैसे खरीद सकते हैं ? यदि नहीं तो मोदी के उन 'जुमलों ' की क्या हक़ीकत जिसमें वे दो जून की रोटी भी मुश्किल से खाने वाले गरीब की हवाई यात्रा की 'जुमलेबाजी ' करते हैं ? हाँ विमानन क्षेत्र में हो रहे विस्तार से स्पष्ट रूप से विमानन कंपनियों को फायदे जरूर हुये हैं। इंडिगो जैसी कंपनियां ही 66% से अधिक बाजार पर कब्जा कर चुकी हैं। इंडिगो ने तो अपनी स्थापना के तीन वर्षों में ही लाभ कमाना शुरू कर दिया, और लागत नियंत्रण (जैसे ईंधन दक्षता) से सालाना 850 करोड़ रुपये की बचत की। देश के अनेक छोटे बड़े हवाई अड्डों का संचालन व रखरखाव अडानी की कंपनियों द्वारा किया जा रहा है।

# लौहपुरुष सरदार पटेल और एकीकृत भारत की नींव

योगेश कुमार गोयल

राष्ट्रीय एकता के प्रति सरदार पटेल की निष्ठा आजादी के इतने वर्षों बाद भी पूरी तरह प्रासंगिक है। एकता की मिसाल कहे जाने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल गुजरात के नाडियाद के किसान परिवार में 31 अक्तूबर 1875 को जन्मे, जिन्होंने सदैव देश की एकता को सर्वोपरि माना। सरदार पटेल ने भारत को खण्ड-खण्ड करने की अंग्रेजों की साजिश को नाकाम करते हुए बड़ी कुशलता से आजादी के बाद करीब 550 देशी रियासतों तथा रजवाड़ों का एकीकरण करते हुए अखण्ड भारत के निर्माण में सफलता हासिल की थी। राजनीतिक और कूटनीतिक क्षमता का परिचय देते हुए स्वतंत्र भारत को एकजुट करने का असाधारण कार्य बेहद कुशलता से सम्पन्न करने के लिए जाने जाते रहे सरदार पटेल का देहांत दिल का दौरा पड़ने के कारण 15 दिसम्बर 1950 को 75 वर्ष की आयु में हो गया था और इसी दिन को प्रतिवर्ष ह्यसरदार पटेल स्मृति दिवसह्न के रूप में मनाया जाता है।

देश के पहले गृहमंत्री और प्रथम उप-प्रधानमंत्री रहे सरदार पटेल का भारत के राजनीतिक एकीकरण के लिए अविस्मरणीय योगदान रहा।

सरदार पटेल ने लंदन से वकालत की पढ़ाई पूरी कर अहमदाबाद में प्रैक्टिस शुरू की थी। वे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों से अत्यधिक प्रेरित हुए और इसीलिए उन्होंने गांधीजी के साथ भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन में हिस्सा लिया। वे भाई-भतीजावाद की राजनीति के सख्त खिलाफ थे और ईमानदारी के ऐसे पर्याय थे कि उनके देहांत के बाद जब उनकी सम्पत्ति के बारे में जानकारी जुटाई गई तो पता चला कि उनकी निजी सम्पत्ति के नाम पर उनके पास कुछ नहीं था। वह जो भी कार्य करते थे, पूरी ईमानदारी, समर्पण, निष्ठा और हिम्मत से साथ पूरा किया करते थे। उनके जीवन से जुड़े कई ऐसे प्रसंग सामने आते हैं, जो इस महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कुशल प्रशासक के जीवन को समझने में सहायक हैं।

एक किसान परिवार में जन्मे वल्लभ भाई पटेल जब छोटे थे, तब अपने पिताजी के साथ खेत पर जाया करते थे। एक दिन जब उनके पिताजी खेत में हल चला रहे थे तो वल्लभ भाई पटेल उन्हीं के साथ चलते-चलते पहाड़े याद कर रहे थे। उसी दौरान उनके पांव में एक बड़ा-सा कांटा चुभ गया किन्तु वे हल के पीछे चलते हुए पहाड़े कंठस्थ करने में इस कदर लीन हो गए कि उन पर कांटा चुभने का कोई प्रभाव ही नहीं पड़ा।

जब एकाएक उनके पिताजी की नजर उनके पांव में घुसे बड़े से कांटे और बहते खून पर पड़ी तो उन्होंने घबराते हुए बैलों को रोका और बेटे के पैर से कांटा निकालते हुए घाव पर पत्ते लगाकर खून बहने से रोका। बेटे की एकाग्रता और तन्मयता देख कर वे बहुत खुश हुए और जीवन में कुछ बड़ा कार्य करने का आशीर्वाद दिया।

वल्लभ भाई पटेल वकालत की पढ़ाई करने के लिए सन 1905 में इंग्लैंड जाना चाहते थे लेकिन पोस्टमैन ने उनका पासपोर्ट और टिकट उनके भाई विठ्ठल भाई पटेल को सौंप दिए। दोनों भाइयों का शुरूआती नाम वी. जे. पटेल था, ऐसे में बड़ा होने के नाते उस समय विठ्ठल भाई ने स्वयं इंग्लैंड जाने का निर्णय लिया। वल्लभ भाई पटेल ने बड़े भाई के निर्णय का सम्मान करते हुए न केवल बड़े भाई को अपना पासपोर्ट और टिकट दे दिया बल्कि इंग्लैंड में रहने के लिए उन्हें कुछ धनराशि भी भेजी।

सरदार पटेल का जीवन कितना सादगीपूर्ण था और उनका स्वभाव कितना सहज तथा नम्र था, यह इस किस्से से आसानी से समझा जा सकता है। सरदार पटेल उन दिनों भारतीय लेजिस्लेटिव असेंबली के अध्यक्ष थे। असेंबली के कार्यों से निवृत्त होकर एक दिन जब वे घर के लिए निकल ही रहे थे, तभी एक अंग्रेज दम्पत्ति वहां पहुंचा, जो विदेश से भारत घूमने के लिए आया था। सरदार पटेल सादे वस्त्रों में रहते थे और उन दिनों उनकी दाढ़ी बढ़ी हुई थी। अंग्रेज दम्पत्ति ने इस वेश में देखकर उन्हें वहां का चपरासी समझ लिया और असेंबली में घुमाने के लिए कहा। सरदार पटेल ने बड़ी ही विनम्रता से उनका यह आग्रह स्वीकार करते हुए उन्हें पूरे असेंबली भवन में घुमाया। इससे खुश होकर दम्पति ने सरदार पटेल को बख्शीश में एक रुपया देने का प्रयास किया लेकिन सरदार पटेल ने अपनी पहचान उजागर न करते हुए विनम्रतापूर्वक लेने से इन्कार कर दिया।

अगले दिन जब असेंबली की बैठक हुई तो वह अंग्रेज दम्पत्ति लेजिस्लेटिव असेंबली की कार्रवाई देखने के लिए दर्शक दीर्घा में पहुंचा और सभापति के आसन पर बढ़ी हुई दाढ़ी तथा सादे वस्त्रों वाले उसी शख्स को देखकर दंग रह गया। वह मन ही मन ग्लानि से भर उठा कि जिस शख्स को चपरासी समझकर उन्होंने उसे असेम्बली घुमाने के लिए कहा, वो कोई और नहीं बल्कि खुद इस असेंबली के अध्यक्ष हैं। अंग्रेज दम्पत्ति सरदार पटेल की सादगी, सहज स्वभाव और नम्रता का कायल हो गया और उसने असेम्बली की कार्रवाई के बाद सरदार पटेल से क्षमायाचना की। एकीकृत भारत की निमार्ता यह महान शख्सियत 15 दिसम्बर 1950 को चिरनिद्रा में लीन हो गई।

## दैनिक पंचांग

15 दिसम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 06.42 बजे से |
| चंद्र | तुला में | मकर | 08.47 बजे से |
| मंगल | धनु में | कुंभ | 10.33 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मीन | 12.06 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मेष | 13.37 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | वृष | 15.17 बजे से |
| शनि | मीन में | मिथुन | 17.15 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कर्क | 19.28 बजे से |
| केतु | सिंह में | सिंह | 21.44 बजे से |
| राहुकाल | | कन्या | 23.56 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | तुला | 02.07 बजे से |
| बजे तक | | वृश्चिक | 04.22 ब.से |

**सोमवार** 2025 वर्ष का 349 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** पौष (दक्षिण भारत में मृगशीर्ष)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** एकादशी 21.21 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** चित्रा 11.09 बजे को समाप्त।
**योग** शोभन 12.30 बजे को समाप्त।
**करण** बव 08.04 बजे तदनन्तर बालव 21.21 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.7 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 16'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872559
**जूलियन दिन** 2461024.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 23
**विशेष** सफला एकादशी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### झारखंड पुलिस एसोसिएशन का चुनाव संपन्न, अमलेश बने सभापति

**साहिबगंज :** झारखंड पुलिस एसोसिएशन की साहिबगंज शाखा का चुनाव रविवार को जैप-9 में संपन्न हो गया। चुनाव में अमलेश कुमार सिंह सभापति चुने गए। जबकि उप-सभापति भरत राय, सचिव सत्येन्द्र पासवान, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र टुडू, संयुक्त सचिव सुबोध कुमार निराला चुने गए। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को झारखंड पुलिस एसोसिएशन के सदस्यों ने बधाई दी। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी अब अगले कार्यकाल के लिए पुलिसकर्मियों के हितों और कल्याण से संबंधित कार्यों का संचालन करेगी।

### चोरी के मामले में एक अभियुक्त गिरफ्तार, नगद व चांदी के पायल बरामद



**सिमडेगा :** सिमडेगा थाना कांड संख्या 129/2025, दिनांक 11 दिसंबर 2025, धारा 303(2) बीएनएस के तहत दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। मामले में सानिया फिरदौस, पति जिशान अंसारी, निवासी ईदगाह मुहल्ला भट्टीटोली, सिमडेगा द्वारा थाना में आवेदन दिया गया था, जिसमें उनके घर से 20,000 नगद, एक जोड़ी चांदी की पायल, दो चांदी की चैन एवं एक सोने की अंगूठी चोरी होने की शिकायत की गई थी। आवेदन के आधार पर पुलिस ने शेख अराफात , पिता स्व. शेख असलम, निवासी खैरनटोली स्कूल मुहल्ला, सिमडेगा के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की। वरीय पुलिस पदाधिकारियों के निर्देश पर की गई छापामारी के दौरान अभियुक्त को 13 दिसंबर 2025 को गिरफ्तार किया गया पूछताछ में अभियुक्त ने अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद उसकी निशानदेही पर 20,000 नगद एवं एक जोड़ी चांदी की पायल बरामद की गई। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

### वृद्ध एवं असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया



**टेढईटांगर :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम अलसंगा में भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री अमरनाथ बामलिया के सहयोग से वृद्ध एवं असहाय लोगों के बीच ठंड से बचने के लिए कंबल का वितरण किया गया। जिससे मुख्य उपस्थित जिला मंत्री श्री नरेंद्र बड़ाईक, पूर्व मुखिया बंधु माझी जी, सूरज बड़ाईक जी ग्राम प्रधान अध्यक्ष दशरथ सिंह जी आदि उपस्थित थे। मौके पर भाजपा जिला मंत्री सह पूर्व सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र बड़ाईक ने कहा कि हर वर्ष भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरनाथ बामलिया के सौजन्य से जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया जाता है। आगे भी कम्बल वितरण का कार्यक्रम जारी रहेगा।

### क्रिसमस गैदरिंग सह मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**बानो :** प्रखंड के जयपाल सिंह मैदान में अल चर्चेस समिति बानो, कोलेबिरा, जलडेगा, के तत्वाधान में क्रिसमस गैदरिंग सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सीएनआई चर्च के छोटा नागपुर डायोसिस के कोषाध्यक्ष अनिल डांग व विशिष्ट अतिथि के रूप में पादरी उम्बूलन टोपनो, पादरी सीएस जरिया, जिला परिषद अध्यक्ष सह झामुमो महिला मोर्चा अध्यक्ष रोष प्रतिमा सोरेंग, झामुमो जिला सचिव सफीक खान, पादरी एन टोपनो, प्रखंड प्रमुख सुधीर डांग, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिल लुगुन, प्रखंड सचिव अमित बडिंग, मो० तनवीर हुसैन, उपस्थित रहे।

# चांदपुर इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट पर ऑटो-टोटो स्टैंड का उपायुक्त ने किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** ज़िले के उपायुक्त मनीष कुमार द्वारा मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत चांदपुर इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट परिसर में निर्मित ऑटोझटोटो स्टैंड का विधिवत उद्घाटन झंडा दिखाकर किया गया। यह ऑटो-टोटो स्टैंड झारखंडझ पश्चिम बंगाल सीमा क्षेत्र में लंबे समय से बनी यातायात अव्यवस्था एवं अवैध ऑटोझटोटो परिचालन की समस्या के समाधान के उद्देश्य से निर्मित किया गया है। जिला ऑटो-टोटो संगठन, चालकों एवं आम नागरिकों द्वारा की जा रही वर्षों पुरानी मांग को पूर्ण करते हुए जिला प्रशासन द्वारा यह महत्वपूर्ण पहल की गई है। वहीं उपायुक्त ने कहा कि चांदपुर क्षेत्र एक संवेदनशील बॉर्डर एरिया है, जहां यातायात एवं सवारी संचालन को लेकर लगातार कठिनाइयाँ आ रही थीं। इस दिशा में जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे, जिन्हें अब सफलतापूर्वक अमल में लाया गया है। उन्होंने बताया कि ऑटो-टोटो स्टैंड में वाहनों के क्रमबद्ध खड़े होने की व्यवस्था, समर्पित पार्किंग एरिया तथा यात्रियों के सुरक्षित उतरने-चढ़ने की सुविधा सुनिश्चित की गई है। इससे यातायात व्यवस्था सुचारू होगी, ट्रैफिक जाम की समस्या कम होगी तथा सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आने की संभावना है। साथ ही सीमा क्षेत्र में आवागमन करने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। उपायुक्त ने बताया कि यह व्यवस्था पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रारंभ की गई है। आगामी एक माह तक आमजन एवं ऑटो-टोटो चालकों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर आवश्यक सुधार किए जाएंगे, ताकि इसे और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि ऑटो-टोटो चालकों की पहचान, अनुशासन एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु आईडी कार्ड एवं यूनिफॉर्म व्यवस्था प्रारंभ की गई है। कई चालक उद्घाटन के दिन यूनिफॉर्म में उपस्थित रहे हैं और लक्ष्य है कि वर्ष के अंत तक सभी ऑटो-टोटो चालक यूनिफॉर्म एवं आईडी कार्ड के साथ ही संचालन करें। उपायुक्त ने सभी वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने तथा जिला प्रशासन के साथ सहयोग कर पाकुड़ जिले को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं दुर्घटना-मुक्त बनाने की अपील की। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी, प्रशासक, नगर परिषद श्री अमरेन्द्र चौधरी, अंचलाधिकारी पाकुड़ श्री अरबिंद कुमार बेदिया, मोटरयान निरीक्षक अमित कुमार, थाना प्रभारी मुफस्सिल गौरव कुमार, यातायात प्रभारी राकेश रंजन, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक रितेश कुमार सिंह, पंचायत प्रतिनिधि, पाकुड़ जिला ऑटोझटोटो ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष हिसाबी राय, सचिव अनिकेत कुमार, चालकगण एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत, पत्नी ने लगाया मानसिक प्रताड़ना का आरोप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला के बरहरवा प्रखंड के कोटालपोखर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत मामले ने तूल पकड़ लिया है।मृतक की पत्नी रवीना खातून ने अपने पति की मृत्यु के लिए कुछ स्थानीय लोगों को जिम्मेदार ठहराते हुए थाना प्रभारी को आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने एवं कठोर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में रवीना खातून ने बताया कि उनके पति हसन राजा को बीते दिनों कुछ व्यक्तियों द्वारा छेड़खानी के एक झूठे मामले में फँसाया गया था। हालांकि न्यायालय से 11 दिसंबर को उनके पति को अग्रिम जमानत प्रदान कर दी गई थी। इसके बावजूद आरोप लगाने वाले लोग एवं उनके सहयोगी लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से उनके पति को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे, अपमानित कर रहे थे तथा बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा था। रवीना खातून के अनुसार, लगातार हो रही मानसिक प्रताड़ना और धमकियों के कारण उनके पति गहरे तनाव में चले गए थे। इसी दौरान जब वे अपने कार्य के सिलसिले में मालदा गए हुए थे, तभी 13 दिसंबर को सुबह करीब 6 बजे उनकी मृत्यु की सूचना परिवार को मिली। पत्नी का आरोप है कि यह मृत्यु सीधे तौर पर झूठे मुकदमे, सोशल मीडिया पर बदनामी और लगातार मानसिक उत्पीड़न का परिणाम है। आवेदन में कुल 9 लोगों के नाम उल्लेखित करते हुए उन पर झूठा मुकदमा दर्ज कराने, सोशल मीडिया पर बदनाम करने तथा घर में आग लगाने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है।

## विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर विशेष टिकट जांच अभियान में बिना टिकट 59 यात्रियों से 14,950 रुपये जुर्माना वसूला

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, कार्तिक सिंह की देखरेख में, मालदा मंडल द्वारा आज तीनपहाड़ और राजमहल रेलवे स्टेशनों पर विशेष टिकट जांच अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यात्रियों में अनुशासन बनाए रखना, अनधिकृत यात्रा रोकना तथा रेलवे राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। अभियान में वाणिज्य निरीक्षक एवं अन्य टिकट जांच स्टाफ और आरपीएफ की टीमों ने सक्रिय सहभागिता की और यात्रियों के वैध टिकट होने की जांच की। इस अभियान के दौरान कुल 59 बिना टिकट यात्रियों का पता चला और उनसे कुल 14,950/- जुमार्ना वसूल किया गया। यह स्पष्ट रूप से दशार्ता है कि मालदा मंडल अपने यात्रियों के लिए सुरक्षित, व्यवस्थित और सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने के प्रति प्रतिबद्ध है।अभियान के माध्यम से मालदा मंडल ने यह संदेश भी दिया कि रेलवे यात्रा केवल वैध टिकट के माध्यम से ही संभव है और अनधिकृत यात्रा के लिए न केवल जुमार्ना वसूला जाएगा, बल्कि भविष्य में भी ऐसे प्रयास लगातार जारी रहेंगे। यह पहल यात्रियों में यात्रा अनुशासन और जिम्मेदारी बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। मालदा मंडल सभी यात्रियों से अनुरोध करता है कि वे सदैव वैध टिकट के साथ यात्रा करें, अनधिकृत यात्रा से बचें और रेलवे की नियमावली का पालन करें।

## साहिबगंज में विधिक सेवाएं सह मेगा सशक्तीकरण शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अखिल कुमार के मार्गदर्शन में आज जिले भर के प्रत्येक प्रखंडों में न्यायिक पदाधिकारियों की उपस्थिति में विधिक सेवाएं सह मेगा सशक्तीकरण शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य शिविर स्थानीय सिदो कान्हू सभागार में प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय संजय कुमार उपाध्याय, उपविकास आयुक्त सतीश चंद्रा, प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी तुषार आनंद और जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रेम नाथ तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय संजय उपाध्याय ने कहा कि विधिक सेवाएं-सह मेगा सशक्तीकरण शिविर का आयोजन का मुख्य उद्देश्य होता है कि आम जनता को सशक्त बनाया जाए। नागरिकों को अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाये कि देश का कानून क्या है। आपकी इसमें किस तरह से भागीदारी हो सकती है। अधिकारों को समझें, किसी तरह की समस्या आने पर निःसंकोच जिला विधिक सेवा प्राधिकार में आए। उपविकास आयुक्त सतीश चंद्रा ने कहा कि विधिक सशक्तीकरण का मेगा शिविर का उद्देश्य है कि जिला में जो भी नागरिक रहते हैं चाहे वह किसी भी जाति व धर्म से आते हों सबको विधिक रूप से जागरूक किया जाये और सरकार की जो भी महत्वाकांक्षी योजनाएं चलायी जा रही है लोगों इसका लाभ प्राप्त कर सकें। ताकि समाज का अंतिम व्यक्ति योजना के प्रति अवगत हो सके। प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार एक ऐसा मंच है, जहां आप निःसंकोच अपनी कानूनी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं। शिविर में लाभुकों को योजनाओं का लाभ दिया गया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अमर जॉन आइन्द, अंचल अधिकारी बासुकी नाथ टुडू सहित अन्य उपस्थित थे।

## बोरियो शिशु विद्या मंदिर में सप्तशक्ति संगम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिला के बोरियो प्रखंड क्षेत्र के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में रविवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के आह्वान पर सप्तशक्ति संगम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कार्यक्रम की अध्यक्ष नीतू देवी, साहिबगंज विभाग के विभाग संयोजिका सह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बोरियो की प्रधानाचार्या हेमा कुमारी, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर साहिबगंज की आचार्या सारिका कुमारी, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर राजमहल की आचार्या श्वेता रानी ने संयुक्त रूप से भारत माता, माँ सरस्वती एवं ॐ के चित्र पर पुष्प अर्चन एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य हेमा कुमारी द्वारा प्रस्तावना एवं नारियों की सात शक्तियों पर विस्तृत जानकारी दी गयी। राजमहल शिशु विद्या मंदिर की आचार्या श्वेता रानी ने कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण संरक्षण पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संयुक्त परिवार हमारी कुटुंब व्यवस्था की नींव है। माताएं अपने बच्चों को अच्छे संस्कार एवं पारंपरिक विधाओं और रिवाजों की जानकारी दें और घर पर आध्यात्मिक कार्यक्रमों एवं शादी विवाह, पूजा पाठ जन्मदिन में मिलजुल कर भारतीय परंपरा के अनुसार मनाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही नीतू देवी ने कहा कि महिलाओं को जागरूक रहने की आवश्यकता है। नारी शक्ति ही समाज की वास्तविक आधार शिला है। उन्होंने कहा आधुनिक युग में नारी को अपनी क्षमताओं को पहचान कर आगे बढ़ना चाहिए। आचार्या सारिका ने भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला।

# जिलेबिया घाटी लूट कांड के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने तीन अभियुक्त को गिरफ्तार किया, इसकी जानकारी सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशोर तिर्की ने जिरवाबाड़ी थाना कार्यालय कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। आगे उन्होंने बताया कि 14 दिसंबर 2025 को सुबह समय 07:05 बजे जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी को गुप्त सूचना मिली कि पूर्व की घटना जिरवाबाड़ी थाना कांड संख्या 191/25 में जिलेबिया घाटी में लूट की घटना को अंजाम देने वाला अभियुक्त आकाश चौधरी (22) पिता रामजी चौधरी, अपने साथी कृष्ण कुमार राय (20) पिता रोहित राय एवं अन्य साथी जितेंद्र स्वर्णकार (19) पिता राजेंद्र प्रसाद साह के साथ लोहंडा आई.टी.आई. पश्चिम बंद पड़े क्रेशर के पास छुपे हुए है जो किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। इसकी सुचना वरीय पदाधिकारी को देते हुए छापामारी दल का गठन किया गया। थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित छापामारी दल के द्वारा सूचना के आलोक में आवश्यक कार्रवाई करते हुए लोहंडा आई.टी.आई. से पश्चिम बंद पड़े क्रेशर के पास पहुंचने पर पुलिस बल को देखकर तीनों व्यक्ति वहां से भागने लगे, जिसे छापामारी दल के द्वारा दौड़ाकर पकड़ा गया। तथा तीनों व्यक्ति से बारी-बारी तलाशी लिया गया, तलाशी के क्रम में आकाश चौधरी के पास से एक अवैध देशी कट्टा, एक जिंदा गोली, तथा इनके निशानदेही से एक सैमसंग मोबाइल, एवं एक कीपैड मोबाइल को बरामद किया गया। इस संबंध में उनके द्वारा कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया तथा पूछताछ करने पर बताये कि पूर्व में भी जिलेबिया घाटी में हमलोग लूट की घटना को अंजाम दिए थे। जिसे विधिवत गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत सदर अस्पताल में शारीरिक जांच करने के बाद तीनों अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इस मौके पर छापामारी दल में पुअनि शशि सिंह थाना प्रभारी, सअनि विनोद टुडू, पुअनि अजीत लकड़ा, पुअनि उपेन्द्र प्रसाद यादव, सअनि जयकांत रविदास, हवालदार सुधीर दास, भीम हांसदा, सभी जिरवाबाड़ी थाना शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### परिवहन पदाधिकारी ने बिना माइनिंग चालान के स्टोन लदे तीन ट्रैक्टर को किया जब्त



**साहिबगंज/बरहरवा :** साहिबगंज जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी ने रविवार को कोटालपोखर थाना क्षेत्र अंतर्गत ढाटापाड़ा से बिना माइनिंग चालान के स्टोन लदे तीन ट्रैक्टरों को जब्त करने में सफलता हासिल की है। मिली जानकारी के अनुसार, जब्त किए गए वाहनों में एक बिना रजिस्ट्रेशन नंबर का ट्रैक्टर बोल्डर लदा हुआ था, दूसरे ट्रैक्टर में चिप्स तथा तीसरे ट्रैक्टर में स्टोन डस्ट लोड पाया गया। तीनों वाहन बिना वैध माइनिंग चालान के परिवहन किए जा रहे थे। जिला परिवहन पदाधिकारी ने सभी जब्त वाहनों को कोटालपोखर थाना के सुपुर्द कर दिया है। इस संबंध में डीटीओ मिथिलेश कुमार चौधरी ने बताया कि ढाटापाड़ा क्षेत्र से तीनों ट्रैक्टरों को जब्त कर थाना को सौंपा गया है तथा मामले में आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई से अवैध खनिज परिवहन में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है।

### जिला परिवहन विभाग द्वारा जानकारीपरक स्टॉल के माध्यम से जागरूकता अभियान का हुआ आयोजन



**साहिबगंज :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में आयोजित मेगा सशक्तिकरण शिविर के अवसर पर आज सिद्धूझकान्हू सभागार, साहिबगंज में जिला परिवहन विभाग, साहिबगंज द्वारा विभागीय योजनाओं से संबंधित एक जानकारीपरक स्टॉल लगाया गया। उक्त स्टॉल के माध्यम से आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा एवं परिवहन विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शिविर में उपस्थित नागरिकों को विशेष रूप से नेक नागरिक, पॉलिसी के संबंध में अवगत कराया गया, जिसके अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर के दौरान त्वरित सहायता प्रदान करने वाले नागरिक को 2000 की प्रोत्साहन राशि एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाने का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त हिट एंड रन सड़क दुर्घटना मुआवजा योजना के बारे में जानकारी दी गई, जिसके अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को 50,000/- तथा दुर्घटना में मृत्यु होने पर मृतक के आश्रितों को 2,00,000/- की मुआवजा राशि प्रदान की जाती है। शिविर में मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के उद्देश्यों एवं लाभों की जानकारी भी दी गई। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से नागरिकों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया।कार्यक्रम के दौरान आमजनों के बीच हैंडबिल, बुकलेट, पंपलेट तथा परिवहन विभाग की विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन प्रपत्रों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश, उप विकास आयुक्त, जिला परिवहन पदाधिकारी, साहिबगंज, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक एवं सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यगण सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिला परिवहन विभाग, साहिबगंज द्वारा आयोजित यह पहल आम नागरिकों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं विभागीय योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

### 14 दिवसीय कॉस्ट्यूम ज्वेलरी प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



**साहिबगंज :** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की ओर से बोरियो स्थित सीएमटीसी, झारखंड राज्य आजीविका सखी मंडल में 14 दिवसीय कॉस्ट्यूम ज्वेलरी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिला जज शेखर कुमार, बोरियो बीडीओ नागेश्वर साह, ब्लॉक प्रोग्राम पदाधिकारी अखिलेश कुमार, जेएसएलपीएस के जॉब एंड स्किल कॉर्डिनेटर राजेन्द्र कुमार, आरसेटी निदेशक प्रदीप कुमार झा दीपक, वरीय संकाय राजहंस कुमार, संकाय उपेंद्र गोप, कार्यालय सहायक आकाश कुमार झारखंड आजीविका सखी मंडल की सामुदायिक समन्यक लाली कुमारी बैजयंती बैसाखी ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जिला जज ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनकर समाज व देश के आर्थिक विकाश में सहयोग कर सकती है और अपने परिवार को आर्थिक कमजोरी से निकाल सकती है। बीडीओ ने कहा कि जेएसएलपीएस और आरसेटी आज समाज में बहुत अच्छा काम कर रही है। उन्होंने प्रशिक्षुओ के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### टेढईटांगर के जिप सदस्य अजय एक्का को इंडिया नेशनल अवार्ड 2025 से किया गया सम्मानित



**सिमडेगा :** पुलिस पब्लिक रिपोर्टर मीडिया समूह द्वारा शनिवार को राजधानी रांची स्थित पाँच सितारा होटल रेडिसन ब्लू में भव्य इंडिया नेशनल अवार्ड सम्मान समारोह 2025 का आयोजन किया गया। इस समारोह में देशभर के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के माननीय मंत्री हफीजुल हसन अंसारी थे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव, ग्रामीण एसपी रांची प्रवीण पुष्कर, पूर्व डीआईजी सुबोध प्रसाद उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त पुलिस पब्लिक रिपोर्टर के प्रधान संपादक सरफराज कुरैशी, समूह संपादक शाहिद खान, प्रबंध संपादक संदीप मिश्रा, ब्यूरो हेड समीर हेजाजी एवं रिजवान हुसैन की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर पुलिस पब्लिक रिपोर्टर मीडिया समूह द्वारा आईपीएस अधिकारी, झारखंड पुलिस, भारतीय सेना, समाजसेवी, चिकित्सक, साहित्यकार, लेखक, खिलाड़ी एवं अन्य विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को इंडिया नेशनल अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया।

# सेंसेक्स की प्रमुख आठ कंपनियों का मार्केट कैप 79,129 करोड़ घटा

**- रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले, एचडीएफसी बैंक दूसरे और भारती एयरटेल तीसरे स्थान पर रही**

**मुंबई ।**

बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में रही गिरावट के बीच बीएसई की शीर्ष 10 में से आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 79,129 करोड़ रुपये घट गया। बीएसई के आंकड़ों के अनुसार, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, बजाज फाइनेंस और एलआईसी के एमकैप में सप्ताह के दौरान वृद्धि हुई है जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज और एलएंडटी का सम्मिलित एमकैप 25,345 करोड़ रुपये बढ़ गया। बीएसई के आंकड़ों के अनुसार एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, बजाज फाइनेंस और एलआईसी के बाजार पूंजीकरण में कमी आई। सबसे ज्यादा नुकसान बजाज फाइनेंस को हुआ, जिसका एमकैप 19,290 करोड़ रुपये घट गया। इसके बाद आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्य 18,516 करोड़ रुपये कम हुआ। भारती एयरटेल और भारतीय स्टेट बैंक के एमकैप में क्रमशः 13,885 करोड़ और 7,846 करोड़ रुपये की गिरावट रही। आईटी कंपनियों में इंफोसिस का एमकैप 7,146 करोड़ और टीसीएस का 6,784 करोड़ रुपये घटा। एचडीएफसी बैंक और एलआईसी के बाजार पूंजीकरण में क्रमशः 4,461 करोड़ और 1,202 करोड़ रुपये की कमी दर्ज हुई। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज और एलएंडटी दो ऐसी कंपनियां रहीं, जिनका एमकैप बढ़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 20,434 करोड़ रुपये बढ़कर 21,05,653 करोड़ रुपये हो गया, जबकि एलएंडटी का एमकैप 4,911 करोड़ रुपये बढ़ा। बाजार पूंजीकरण के हिसाब से रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले, एचडीएफसी बैंक दूसरे और भारती एयरटेल तीसरे स्थान पर बनी रही।

# इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की टैक्सपेयर-फ्रेंडली पहल शुरू

**- फर्जी डोनेशन क्लेम पर टैक्सपेयर्स को भेजे जा रहे एसएमएस और ईमेल**

**नई दिल्ली ।**

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने टैक्सपेयर्स को राहत देते हुए एक टैक्सपेयर-फ्रेंडली पहल शुरू की है। इसके तहत विभाग लोगों को एसएमएस और ईमेल के जरिए सूचित कर रहा है कि वे अपने इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) की समीक्षा करें और यदि किसी तरह का गलत डिडक्शन या क्लेम किया गया हो, तो उसे स्वयं सुधार लें। इस बारे में वित्त मंत्रालय ने जानकारी दी। यह अभियान उन कार्रवाइयों के बाद शुरू किया गया है, जिनमें इनकम टैक्स विभाग ने ऐसे बिचौलियों पर शिकंजा कसा था जो टैक्सपेयर्स के लिए फर्जी डोनेशन क्लेम दाखिल कर टैक्स देनदारी कम करवा रहे थे। जांच में सामने आया कि ये फर्जी क्लेम मुख्य रूप से रजिस्टर्ड लेकिन अनरिकग्नाइज्ड पॉलिटिकल पार्टियों (आरयूपीपी) और कुछ चैरिटेबल संस्थाओं को दिए गए डोनेशन के नाम पर किए गए थे। इनसे टैक्स कम किया गया और कई मामलों में फर्जी रिफंड भी लिया गया। विभाग की जांच में पाया गया कि कई आरयूपीपी न तो इनकम टैक्स रिटर्न फाइल कर रही थीं, न ही अपने रजिस्टर्ड पते पर मौजूद थीं




और न ही किसी राजनीतिक गतिविधि में शामिल थीं। इन संस्थाओं का इस्तेमाल फंड रूटिंग, हवाला लेनदेन, क्रॉस-बॉर्डर रेमिटेंस और फर्जी डोनेशन रसीदें जारी करने के लिए किया गया। इसके अलावा, कुछ कंपनियों और व्यक्तियों द्वारा किए गए फर्जी सीएसआर और डोनेशन क्लेम के सबूत भी मिले हैं।

# स्पेसएक्स की आईपीओ की तैयारी, 800 अरब डॉलर तक पहुंचा मूल्यांकन

## 2.56 अरब डॉलर तक की शेयर खरीद को मंजूरी




**नई दिल्ली ।** एलॉन मस्क की अंतरिक्ष कंपनी स्पेसएक्स अगले कुछ वर्षों में शेयर बाजार में उतरने की तैयारी कर रही है। कंपनी ने हाल ही में एक सेकेंडरी शेयर सेल शुरू की है, जिसके आधार पर उसका अनुमानित मूल्यांकन लगभग 800 अरब डॉलर आंका गया है। यह जानकारी कंपनी के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) ब्रेट जॉनसन ने शेयरहोल्डर्स को भेजे गए एक पत्र में दी है। 12 दिसंबर को लिखे गए पत्र में जॉनसन ने बताया कि स्पेसएक्स ने एक ऐसी व्यवस्था को मंज़ूरी दी है, जिसके तहत नए और मौजूदा निवेशक, साथ ही कंपनी खुद मिलकर 2.56 अरब डॉलर तक के शेयर खरीदेंगे। इन शेयरों की कीमत 421 डॉलर प्रति शेयर तय की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कंपनी 2026 में संभावित आईपीओ के लिए खुद को तैयार कर रही है, हालांकि आईपीओ की तारीख, कीमत और अंतिम फैसला अभी तय नहीं है। स्पेसएक्स को सार्वजनिक करने के पीछे सबसे बड़ी वजह उसकी स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट सेवा की तेज़ी से बढ़ती लोकप्रियता है। कंपनी डायरेक्ट-टू-मोबाइल इंटरनेट सेवा पर काम कर रही है, जिससे मोबाइल फोन बिना टावर के भी सैटेलाइट के ज़रिये कनेक्ट हो सकेंगे। इसके साथ ही, कंपनी का स्टारशिप रॉकेट प्रोग्राम भी लगातार प्रगति कर रहा है, जिसे चांद और मंगल मिशनों के लिए बेहद अहम माना जा रहा है। आईपीओ या शेयर बिक्री से जुटाई गई पूंजी का इस्तेमाल स्टारशिप उड़ानों की संख्या बढ़ाने, अंतरिक्ष में एआई डेटा सेंटर, मूनबेस अल्फा और मंगल ग्रह पर मानव मिशनों के लिए किया जाएगा। निवेशकों ने संभावित आईपीओ की खबरों का स्वागत किया है और माना जा रहा है कि इससे स्पेसएक्स का मूल्यांकन भविष्य में 1 ट्रिलियन डॉलर से भी ऊपर जा सकता है।

# यात्रियों का आरोप- कई एयरलाइंस तय सीमा से अधिक किराया वसूल रही

**10 में 6 यात्रियों ने एयरलाइंस पर नियम तोड़ने का आरोप लगाया**



**नई दिल्ली ।**

देश भर में घरेलू उड़ानों की टिकट बुकिंग करने वाले यात्रियों का कहना है कि सरकार द्वारा तय की गई किराया सीमा के बावजूद एयरलाइंस ऊंचे दाम वसूल रही हैं। कम्युनिटी प्लेटफॉर्म लोकलसर्किल्स के हालिया सर्वे में यह बात सामने आई है कि करीब 10 में से 6 यात्रियों ने किराया सीमा के उल्लंघन के मामले देखे हैं।

यह शिकायतें 6 दिसंबर के बाद भी जारी हैं, जबकि इसी दिन नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने अस्थायी तौर पर किराए की अधिकतम सीमा लागू की थी। दरअसल, 3 से 6 दिसंबर के बीच घरेलू उड़ानों के टिकटों के दाम अचानक काफी बढ़ गए थे। यात्रियों की लगातार शिकायतों के बाद सरकार ने इकोनॉमी क्लास की नॉन-स्टॉप घरेलू उड़ानों पर बेस किराया सीमा तय की। इसके तहत 500 किलोमीटर तक की दूरी के लिए अधिकतम 7,500 रुपये, 500 से 1,000 किलोमीटर के लिए 12,000 रुपये, 1,000 से 1,500 किलोमीटर के लिए 15,000 रुपये और 1,500 किलोमीटर से अधिक दूरी के लिए 18,000 रुपये किराया तय किया गया। टैक्स और एयरपोर्ट शुल्क इससे अलग हैं। सरकार ने इसे अस्थायी कदम बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य अधिक वसूली पर रोक लगाना है। लोकलसर्किल्स ने देश के 291 जिलों में यात्रियों से बातचीत की, जिसमें 25,519 लोगों ने अपनी राय दी। सर्वे के अनुसार, 59 प्रतिशत यात्रियों ने बताया कि उन्हें किराया सीमा के उल्लंघन के मामले मिले, जबकि सिर्फ 21 प्रतिशत ने माना कि हर बार नियमों का पालन हुआ। शेष यात्री इस पर स्पष्ट राय नहीं दे पाए। वहीं एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस जैसी बड़ी एयरलाइंस ने नियमों के पालन का दावा किया है।

उनका कहना है कि बुकिंग सिस्टम को अपडेट किया जा रहा है और व्यस्त रूटों पर अतिरिक्त उड़ानें भी जोड़ी जा रही हैं। इस बीच, इंडिगो की कई उड़ानों के रद्द होने और डीजीसीए के नए ड्यूटी टाइम नियमों को किराया बढ़ने की प्रमुख वजह माना जा रहा है।

# बीते सप्ताह घरेलू थोक बाजार में चावल सस्ता, गेहूं-चीनी महंगी रही

**गेहूं और आटे की बढ़ती कीमतों के पीछे बढ़ी हुई मांग और सीमित स्टॉक का प्रभाव रहा**

**नई दिल्ली ।** बीते सप्ताह घरेलू थोक बाजारों में अनाज की कीमतों में अलग-अलग रुझान देखने को मिले। चावल की औसत कीमत 67 रुपये घटकर 3,755.96 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। वहीं गेहूं के दाम बढ़कर 2,848.44 रुपये प्रति क्विंटल और आटा 18 रुपये बढ़कर 3,307.09 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। विशेषज्ञों का कहना है कि गेहूं और आटे की बढ़ती कीमतों के पीछे बढ़ी हुई मांग और सीमित स्टॉक का प्रभाव रहा। खाद्य तेलों में भी उतार-चढ़ाव रहा। मूंगफली तेल 50 रुपये, पाम ऑयल 47 रुपये और सूरजमुखी तेल 54 रुपये प्रति क्विंटल महंगे हुए, जबकि सोया तेल में केवल 5 रुपये की बढ़त रही। इसके विपरीत, सरसों तेल 107 रुपये और वनस्पति तेल 62 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दालों में चना दाल सस्ती हुई, 19 रुपये प्रति क्विंटल घटकर बिक रही है। मसूर, तुअर, मूंग और उड़द दाल क्रमशः 6, 8, 7 और 32 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मीठे के बाजार में गुड़ 18



रुपये सस्ता हुआ, जबकि चीनी 11 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। साप्ताहिक बाजार समीक्षा के अनुसार, अनाज में गेहूं और आटे की कीमतें बढ़ीं, चावल सस्ता हुआ। तेल और दालों में मिला-जुला रुख देखा गया, जबकि मीठे में चीनी महंगी और गुड़ सस्ता रहा।

## एसयूवी 'कैट' ब्राज़ील में ग्लोबली लॉन्च

**नईदिल्ली ।** अपनी नई कॉम्पैक्ट एसयूवी 'कैट' को निसान ने ब्राज़ील में ग्लोबली लॉन्च किया है। कंपनी को उम्मीद है कि एसयूवी 'कैट' निसान की एंट्री-लेवल एसयूवी लाइनअप को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई मजबूती देगी। निसान कैट का डिज़ाइन मौजूदा वी-प्लेटफार्म पर आधारित है, लेकिन लुक पहले से ज्यादा आधुनिक और दमदार है। यह मॉडल अब तक उपलब्ध किक्स प्ले की जगह लेगा और 2026 से 20 से अधिक देशों में एक्सपोर्ट किया जाएगा। स्पिल्ट एलईडी हेडलैम्प्स, नए डीआरएलएस, चौड़ा ग्रिल और अपडेटेड एलईडी टेल-लैंप्स एसयूवी को प्रीमियम और मस्कुलर अपीयरेंस देते हैं। 4,304 एमएम लंबी इस एसयूवी में 432 लीटर बूट स्पेस मिलता है, जो इसे सेगमेंट में व्यावहारिक बनाता है। इंटीरियर में ब्लैक थीम के साथ कई सुधार किए गए हैं, जिनमें 9-इंच पायोनियर टचस्क्रीन, 7-इंच डिजिटल इंस्ट्रुमेंट क्लस्टर, वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो-एप्पल कारप्ले और वायरलेस चार्जिंग शामिल हैं। सुरक्षा फीचर्स में 360-डिग्री कैमरा, एडैप्टिव क्रूज़ कंट्रोल और पूरा अडास पैकेज मिलता है। कैट में 1.6-लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 110बीएचपी पावर और 146एनएम टॉर्क पैदा करता है और सीवीटी गियरबॉक्स से जुड़ा है। ब्राज़ील में इस एसयूवी की शुरुआती कीमत लगभग 20 लाख रुपये के बराबर रखी गई है।



## बीएमडब्ल्यू मिनी ब्रांड का भारत में करेगी विस्तार

**नई दिल्ली ।** जर्मनी की लग्जरी कार निर्माता बीएमडब्ल्यू अगले साल अपने मिनी पोर्टफोलियो का विस्तार करने की योजना बना रही है। कंपनी के एक अे धिकारी ने कहा कि मिनी कूपर, मिनी कंट्रीमैन जेसीडब्ल्यू और मिनी कन्वर्टिबल के साथ-साथ एक-दो नए मॉडल भी भारत में लाए जा सकते हैं। बरार ने बताया कि फिलहाल मिनी ब्रांड करीब नौ शहरों में मौजूद है। अगले साल यह संख्या दोगुनी करने का लक्ष्य है, ताकि मेट्रो शहरों के अलावा छोटे शहरों और कस्बों तक भी पहुंच बनाई जा सके। जयपुर, लखनऊ और रांची जैसे शहर नए नेटवर्क में शामिल होंगे। कंपनी ऐसे छोटे शहरों पर भी ध्यान दे रही है, जहां अभी उसकी कोई मौजूदगी नहीं है। बीएमडब्ल्यू का कहना है कि छोटे शहरों से भी धीरे-धीरे मिनी कारों की मांग बढ़ रही है। स्थानीय स्तर पर मौजूदगी से बिक्री के बाद की सेवाओं पर ग्राहक का भरोसा भी मजबूत होता है। इसके अलावा कंपनी मिनी ब्रांड के लिए स्थानीय समुदाय बनाने पर काम कर रही है। अगले साल मिनी मालिकों और उत्साही लोगों के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे ब्रांड की पहचान और ग्राहक जुड़ाव बढ़ सके।

## विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक दावोस में होगी

**- बैठक में करीब 130 देशों के लगभग 3,000 वैश्विक नेता शामिल होंगे**

**नई दिल्ली ।** विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक 19 से 23 जनवरी, 2026 तक स्विट्जरलैंड के दावोस में होगी। इस बैठक में करीब 130 देशों के लगभग 3,000 वैश्विक नेता शामिल होंगे, जिनमें लगभग 60 राष्ट्राध्यक्ष भी उपस्थित रहेंगे। इस वर्ष बैठक का विषय है 'संवाद की भावना'। भारत से महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, आंध्र प्रदेश के एन चंद्रबाबू नायडू, तेलंगाना के ए रेवंत रेड्डी और मध्य प्रदेश के मोहन यादव दावोस में पहुंचेंगे। इसके अलावा उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों के प्रतिनिधियों की भी भागीदारी की संभावना है। केंद्रीय मंत्रियों के नाम की घोषणा जल्द की जाएगी। बैठक में भारत के प्रमुख उद्योगपति और सीईओ भाग लेंगे, जिनमें मुकेश अंबानी, एन चंद्रशेखरन, संजीव बजाज, हरि एस भरतिया, अमिताभ चौधरी, नादिर गोदरेज, सज्जन जिंदल, निखिल कामथ, सुनील भारती मित्तल, नंदन नीलेकणि, सलिल एस पारेख, ऋषद प्रेमजी, प्रशांत रुइया और विजय शेखर शर्मा शामिल हैं। सार्वजनिक क्षेत्र से अमरदीप सिंह भाटिया, संदीप कुमार गुप्ता, सी एस सेट्टी, गुरदीप सिंह और जितेंद्र श्रीवास्तव बैठक में भाग लेंगे। जी-7, जी-20, ब्रिक्स देशों के नेता और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुख भी बैठक में उपस्थित होंगे। भारत की मजबूत उपस्थिति वैश्विक मंच पर निवेश और रणनीतिक संवाद को बढ़ावा देगी।

## सस्ते तांबे के आयात से घरेलू उद्योग को नुकसान

**- आईपीसीपीए ने सरकार से सुरक्षा शुल्क की मांग की**

**नई दिल्ली ।** इंडियन प्राइमरी कॉपर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन (आईपीसीपीए) ने कहा है कि कई मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के तहत तांबे का सस्ता आयात देश के घरेलू उद्योग को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। संगठन के अनुसार, शून्य शुल्क पर आयात से भारतीय स्मेल्टिंग और रिफाइनिंग उद्योग को नुकसान हो रहा है, जबकि उद्योग ने आत्मनिर्भर बनने के लिए हाल के वर्षों में 20,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। आईपीसीपीए ने सरकार से आग्रह किया है कि तांबे की कुछ श्रेणियों पर तीन प्रतिशत सुरक्षा शुल्क लगाया जाए और विदेशों से आने वाले आयात पर मात्रात्मक प्रतिबंध लागू किए जाएं। संगठन ने भारत-यूएई व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) को लेकर भी चिंता जताई है। इसके तहत तांबे के वायर रॉड पर सीमा शुल्क वित्त वर्ष 2025-26 में केवल एक फीसदी रह गया है और वित्तवर्ष 2026-27 तक इसे पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा। आईपीसीपीए का कहना है कि यदि उचित कदम नहीं उठाए गए तो घरेलू तांबे उद्योग को और गंभीर नुकसान होगा।




## एफपीआई ने दिसंबर में भारतीय बाजार से निकाले 24,936 करोड़

**मुंबई ।**

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने दिसंबर के पहले दो हफ्तों में भारतीय पूंजी बाजार से लगभग 24,936 करोड़ रुपए की निकासी की है। सीडीएसएल के आंकड़ों के मुताबिक, इस दौरान एफपीआई ने 17,955 करोड़ के शेयर और 7,585 करोड़ के बॉन्ड बेचे। हालांकि, हाइब्रिड इंस्ट्रूमेंट में उन्होंने 191 करोड़ का शुद्ध निवेश किया और म्यूचुअल फंड में 270 करोड़ रुपए की खरीदारी की। अक्टूबर और नवंबर में एफपीआई ने क्रमशः 35,246 करोड़ रुपए और 4,114 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश किया था। दो महीने लगातार खरीदारी के बाद दिसंबर में बाजार में बिकवाली शुरू हो गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि रुपये की लगातार गिरावट से विदेशी निवेशक अपना पैसा निकाल रहे हैं। कमजोर मुद्रा के कारण उनके लिए निवेश का रिटर्न कम हो जाता है, इसलिए बिकवाली बढ़ रही है। इस साल अब तक एफपीआई ने कुल 70,187 करोड़ रुपए की निकासी की है, जिसमें सबसे अधिक बिकवाली शेयर बाजार में हुई है। निवेशकों की नजरें अब अगले वित्तीय संकेतों पर टिकी हैं।

# इस सप्ताह बाजार पर रहेगा महंगाई और वैश्विक कारकों का असर

**भारत-अमेरिका ट्रेड डील और एफआईआई (की गतिविधियों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी**

**मुंबई ।** घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरी साप्ताहिक गिरावट के बाद स्थिरता की तलाश में हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इस सप्ताह में बाजार पर महंगाई के आंकड़े और वैश्विक आर्थिक कारक असर डाल सकते हैं। खुदरा महंगाई (सीपीआई) के आंकड़े शुक्रवार को जारी हुए, जबकि थोक महंगाई (डब्ल्यूपीआई) के आंकड़े सोमवार को बाजार बंद होने के बाद जारी होंगे। शेयर बाजार पर अमेरिका और भारत के बीच ट्रेड डील, विदेशी निवेशक की गतिविधियां और अंतरराष्ट्रीय ब्याज दरों के बदलाव का असर भी दिखाई देगा। अमेरिकी केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दर में 25 बेसिस प्वॉइंट कटौती से कुछ राहत मिली है, वहीं डॉलर के मुकाबले रुपये की गिरावट (90.56 का नया रिकॉर्ड) निवेशकों को सतर्क कर रही है। विदेशी निवेशकों ने शुक्रवार को भारतीय शेयरों में अधिक बिकवाली की, कुल 396.26 करोड़ रुपये के शेयर बेचे गए। इसके विपरीत, भारतीय संस्थागत निवेशकों ने शेयरों की खरीद अधिक की, जिससे नेट बाइंग 2,828.21 करोड़ रुपये रही। इससे बाजार में कुछ स्थिरता बनी, लेकिन रुपया कमजोर बना हुआ है। अगले सप्ताह निवेशक थोक महंगाई, निर्यात-आयात आंकड़े, और मैन्युफैक्चरिंग व सर्विसेज सेक्टर की गतिविधियों पर बारीकी से नजर रखेंगे। यह आंकड़े वर्ष के अंत तक भारत की अर्थव्यवस्था की ताकत का संकेत देंगे। विशेषज्ञों का अनुमान है कि




रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 89.50 से 91.00 के दायरे में ऊपर-नीचे रहेगा।

भारत-अमेरिका ट्रेड डील में किसी भी सकारात्मक खबर से रुपये और शेयर बाजार में हल्की मजबूती आ सकती है। कुल मिलाकर, घरेलू और वैश्विक आर्थिक कारक, निवेशकों की गतिविधियां और व्यापार वार्ता बाजार की दिशा तय करेंगे। निवेशकों को महंगाई, निर्यात-आयात आंकड़े और विदेशी निवेशक व्यवहार पर ध्यान रखना होगा ताकि वे सही निवेश निर्णय ले सकें।

# बोनस, डिविडेंड और स्प्लिट से भरपूर होगा अगला हफ्ता

**- मनीबॉक्स, सिल्फ, डॉ. लाल पैथलैब्स और यूनिफिंज कैपिटल जारी करेंगी बोनस इश्यू**

**नई दिल्ली ।**

शेयर बाजार में आने वाला हफ्ता निवेशकों के लिए काफी महत्वपूर्ण रहने वाला है। इसकी वजह है कई कंपनियों द्वारा किए जा रहे कॉरपोरेट एक्शन, जिनमें बोनस शेयर, डिविडेंड और स्टॉक स्प्लिट जैसे फैसले शामिल हैं। ऐसे फैसले निवेशकों की होल्डिंग, रिटर्न और शेयरों की कीमतों पर सीधा असर डालते हैं। इस दौरान रिकॉर्ड डेट और एक्स-डेट पर नजर रखना बेहद जरूरी हो जाता है, क्योंकि इन्हीं तारीखों के आधार पर यह तय होता है कि कौन निवेशक इन फायदों के हकदार होंगे। बीएसई पर उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, मनीबॉक्स फाइनेंस, सिल्फ टेक्नोलॉजीज, डॉ. लाल पैथलैब्स और यूनिफिंज कैपिटल इंडिया बोनस इश्यू करने जा रही हैं।

इन कंपनियों ने इसके लिए एक्स-डेट और रिकॉर्ड डेट तय कर दी है। जिन निवेशकों का नाम रिकॉर्ड डेट तक कंपनी के शेयरधारकों की सूची में रहेगा, उन्हें बोनस शेयर मिलेंगे। मनीबॉक्स फाइनेंस लिमिटेड 15 दिसंबर 2025 को बोनस इश्यू के लिए एक्स-डेट पर ट्रेड करेगी। कंपनी ने 1:1 के अनुपात में बोनस शेयर देने का फैसला किया है, यानी एक शेयर पर एक अतिरिक्त शेयर मिलेगा। यही



तारीख इसकी रिकॉर्ड डेट भी होगी। माइक्रो और स्मॉल बिजनेस फाइनेंसिंग से जुड़ी यह कंपनी हाल के दिनों में निवेशकों के बीच चर्चा में रही है। वहीं सिल्फ टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने 17 दिसंबर को बोनस इश्यू की एक्स-डेट तय की है।

कंपनी 5:11 के अनुपात में बोनस शेयर जारी करेगी, यानी 11 शेयरों पर 5 बोनस शेयर मिलेंगे। टेक्नोलॉजी सेक्टर की यह कंपनी लंबे समय से सक्रिय निवेशकों के रडार पर बनी हुई है। हेल्थकेयर और डायग्नोस्टिक सेक्टर की दिग्गज कंपनी डॉ. लाल पैथलैब्स लिमिटेड 19 दिसंबर को बोनस इश्यू की एक्स-डेट और रिकॉर्ड डेट रखेगी। कंपनी 1:1 के अनुपात में बोनस शेयर जारी करेगी। भरोसेमंद ब्रांड मानी जाने वाली इस कंपनी का यह कदम निवेशकों के लिए अहम माना जा रहा है।

## डिग्री नहीं, सोच बनाती है अमीर या गरीब: रॉबर्ट कियोसाकी

**- अमीरी-गरीबी का फर्क पढ़ाई से नहीं, पैसे को समझने के नजरिये से तय होता है**

**नई दिल्ली ।**

मशहूर लेखक और निवेशक रॉबर्ट कियोसाकी ने एक बार फिर अमीरी और गरीबी के अंतर को लेकर अपनी सोच साझा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि उनके गरीब पापा के पास पीएचडी की डिग्री थी, जबकि उनके अमीर पापा ने हाई स्कूल तक की पढ़ाई भी पूरी नहीं की थी। इसके बावजूद गरीब पापा की मौत कर्ज और आर्थिक तंगी में हुई, जबकि अमीर पापा करोड़पति बनकर रिटायर हुए। कियोसाकी के मुताबिक इस फर्क की वजह पढ़ाई या बुद्धि नहीं, बल्कि पैसे को लेकर सोच है। गरीब सोच यह सवाल करती है कि कौन-सा निवेश सबसे सुरक्षित है, जबकि अमीर सोच यह देखती है कि किस निवेश में नियंत्रण, उधार (लीवरेज) और नियमित नकद आय मिलेगी। उन्होंने कहा कि कोई भी निवेश अपने आप में अच्छा या बुरा नहीं होता, असली फर्क निवेशक की जानकारी से पड़ता है। गरीब सोच सुरक्षा ढूंढती है और कहती है मेरे पास पैसे नहीं हैं, जबकि अमीर सोच शिक्षा, समझ और हर बाजार में कमाई करने के तरीकों पर भरोसा करती है। कियोसाकी के अनुसार असली जोखिम निवेश करना नहीं, बल्कि हमेशा गरीब बने रहना है।

# बिहार में सुशासन के साथ रोजगार पर सरकार का फोकस



## उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा: पटना की 1024.52 एकड़ भूमि का समाधान आखिरी चरण में

पटना। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि विकसित बिहार का सपना तब साकार होगा जब रोजगार के लिए बाहर गए नौजवानों की घर वापसी होगी। राज्य सरकार अगले पांच साल में सुशासन व कानून के राज के साथ रोजगार पर भी फोकस करेगी। पहली कैबिनेट में ही 25 चीनी मिलों को खोलने का फैसला लिया गया है। उप मुख्यमंत्री शनिवार को दीघा विधानसभा कार्यालय परिसर में आयोजित ह्यअभिनंदन दीघाह्ण कार्यकर्ता सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम स्थानीय विधायक डॉ. संजीव चौरसिया ने रखा था। सभी वक्ताओं ने भाजपा उम्मीदवारों में सबसे बड़े अंतर से डॉ. चौरसिया को जीत दिलाने के लिए कार्यकताओं और आम जनता का आभार जताया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीव नगर, नेपाली नगर और दीघा की 1024.52 एकड़ भूमि का न्यायपूर्ण समाधान आखिरी चरण में है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सह उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि सुशासन के साथ उद्योग को भी तरजीह दी जाएगी। हर जिले में कल-कारखाने लगें, इसके लिए सरकार प्रतिबद्ध है। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी विपक्ष से नहीं, आपस में ही प्रतिस्पर्धा करते हैं। इस बार पटना के चारों उम्मीदवारों में डॉ. चौरसिया ने बाजी मार ली। कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने किसानों को राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहा। सांसद रवि शंकर प्रसाद ने वोट चोरी के विपक्ष के आरोपों को जनता का अपमान बताया। कार्यक्रम को पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, पीएचईडी मंत्री संजय कुमार सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, सांसद विवेक ठाकुर, विधायक संजय गुप्ता, रत्नेश कुशवाहा, पूर्व विधायक अरुण कुमार सिन्हा, उप महापौर रश्मि चंद्रवंशी ने भी संबोधित किया। आयोजक डॉ. चौरसिया ने दीघा विजय को अर्थतंत्र पर लोकतंत्र की जीत कहा। समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा, पटना महानगर जिलाध्यक्ष रूप नारायण मेहता, घटक दलों के जिलाध्यक्षों के अलावा सभी मंडल अध्यक्ष-महामंत्री, मंडल प्रभारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित थे। सभी मंडल अध्यक्षों को मंच पर उप मुख्यमंत्री, सांसद और अन्य मंत्रियों ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। डॉ. चौरसिया ने एक-एक कार्यकर्ता को उनके स्थान पर जाकर सम्मानित किया। समारोह में महिला कार्यकताओं की भी सराहनीय उपस्थिति रही।

## दाखिल-खारिज हुआ और आसान



बक्सर। अब दाखिल-खारिज या परिमार्जन प्लस के ऑनलाइन आवेदन के लिए आपको अंचल कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा अपितु, अंचल कार्यालय में स्थापित कामन सर्विस सेंटर से आप इससे संबंधित आवेदनों को ऑनलाइन करा सकते हैं। इसके लिए सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क देना होगा। कामन सर्विस सेंटर की स्थापना जिले के हर अंचल कार्यालय पर की जाएगी। शनिवार को सदर अंचल कार्यालय में इसकी शुरूआत की गई। अंचलाधिकारी राहुल शंकर ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर सीएससी सेंटर का शुभारंभ किया। कामन सर्विस सेंटर पर दाखिल खारिज एवं परिमार्जन प्लस के अलावा भू-मापी आवेदन, एसएमएस अलर्ट सर्विस, एलपीसी आवेदन, लगान भुगतान आदि के ऑनलाइन आवेदन करा सकेंगे। कामन सर्विस सेंटर के संचालक जितेंद्र कुमार चौबे ने बताया कि दाखिल खारिज के लिए 40 रुपया प्रति आवेदन शुल्क निर्धारित किया गया है। इसी तरह परिमार्जन प्लस के लिए आवेदन के लिए 30 रुपये देने होंगे। वहीं, भू-मापी आवेदन के लिए 40 रुपया, एसएमएस अलर्ट सर्विस के लिए प्रति जमाबंदी 10 रुपये का शुल्क देय होगा। इसके अलावा एलपीसी आवेदन के लिए 30 रुपया प्रति आवेदन, प्रति-2 देखने के लिए 10 रुपया प्रति जमाबंदी, पंजी-2 ऑफलाइन देखने के लिए 20 रुपया प्रति जमाबंदी, लगान भुगतान के लिए 20 रुपया प्रति जमाबंदी, आरसीएमएस सुविधा के लिए 40 रुपया प्रति आवेदन तथा खतियान के लिए 20 रुपये प्रति आवेदन निर्धारित किया गया है।

# प्रणव कुमार बने सेना में लेफ्टिनेंट



## जिले में खुशी की लहर, बिहार के इस गांव से खास जुड़ाव

मुजफ्फरपुर। जिले के एक बेटे ने कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर भारतीय सेना में कमीशन अधिकारी बनकर जिले और गांव का नाम रोशन किया है। कांटी प्रखंड के पानापुर करियात थाना क्षेत्र निवासी प्रणव कुमार, पिता सुरेश प्रसाद सिंह, को भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के रूप में कमीशन प्राप्त हुआ है। प्रणव कुमार ने वर्ष 2010 में भारतीय सेना में तकनीशियन के रूप में सेवा की शुरूआत की थी। तभी से उनके मन में लेफ्टिनेंट बनने का सपना था। लगातार मेहनत और तैयारी के बावजूद उन्हें पहले तीन प्रयासों में सफलता नहीं मिली, लेकिन चौथे प्रयास में सेवा चयन बोर्ड (रइ) द्वारा उनकी अनुशंसा की गई। इससे उन्होंने यह साबित कर दिया कि दृढ़ संकल्प और समर्पण से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

इसके बाद प्रणव कुमार ने भारतीय सैन्य अकादमी में एक वर्ष का कठोर प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया और 13 दिसंबर 2025 को इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मैकेनिकल इंजीनियर्स (एटए) शाखा में लेफ्टिनेंट के रूप में कमीशन प्राप्त किया। इस उपलब्धि की खबर मिलते ही परिवार में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। अपनी सफलता पर प्रणव कुमार ने कहा कि इसके पीछे उनके माता-पिता का आशीर्वाद, पत्नी का अटूट समर्थन, पुत्री का स्नेह और प्रेरणा, भाई का सहयोग, गुरुओं का मार्गदर्शन, यूनिट का विश्वास और मित्रों का उत्साहवर्धन रहा है। उन्होंने कहा कि इन सभी के सहयोग के बिना यह उपलब्धि संभव नहीं थी। प्रणव कुमार की सफलता की कहानी न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे गांव और जिले के युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है। गांव और जिले में खुशी का माहौल है और युवा उन्हें एक प्रेरक उदाहरण के रूप में देख रहे हैं।

## एसएसपी ने चलाया विशेष अभियान

कटिहार। इलाज के नाम पर लापरवाही और कथित ठगी का एक गंभीर मामला कटिहार जिले से सामने आया है। गालब्लेडर ऑपरेशन के बाद लगातार बिगड़ती हालत और तीन बार ऑपरेशन के बावजूद 38 वर्षीय प्रकाश चौधरी की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि निजी क्लिनिक में गलत इलाज और लापरवाही के कारण उनकी जान चली गई। इस इलाज में परिवार ने करीब 5 से 6 लाख रुपये खर्च किए, यहां तक कि जमीन तक बेचनी पड़ी, लेकिन अंत में हाथ सिर्फ दर्द और पीड़ा ही लगी। मृतक प्रकाश चौधरी आजमनगर प्रखंड के बेरिया गांव के रहने वाले थे। उनकी पत्नी निर्मला देवी ने बताया कि उनका मायका कटिहार शहर के हवाई अड्डा इलाके में है।

## संक्षिप्त डायरी

### लापता युवक का 16 दिन बाद झाड़ियों में मिला शव, ये जानकर परिजनों की भर आई आंखें, क्या है असल वजह?



पटना। जिले के बिहटा स्थित आईआईटी अम्हारा थाना क्षेत्र के मोलाहिमपुर गांव के बधार से पुलिस ने 16 दिनों से लापता एक युवक का सड़ा-गला शव बरामद किया है। मृतक की पहचान 40 वर्षीय विष्णु साव के रूप में हुई है, जो यमुनापुर गांव का निवासी था और डेकोरेशन का काम करता था। सूचना मिलते ही आईआईटी अम्हारा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पटना एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है, ताकि वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य जुटाए जा सकें। मृतक की पत्नी नेहा देवी ने बताया कि उनके पति विष्णु साव 27 नवंबर की रात बिना बताए घर से निकल गए थे। इसके बाद परिजनों ने उनकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका। नेहा देवी के अनुसार, विष्णु साव डेकोरेशन का काम करने के साथ-साथ वाहन भी चलाते थे। शनिवार शाम ग्रामीणों से सूचना मिली कि मोलाहिमपुर गांव के बधार में एक शव पड़ा है, जिसके बाद उन्हें अपने पति की मौत की जानकारी मिली। आईआईटी अम्हारा थानाध्यक्ष शिवशंकर कुमार ने बताया कि ग्रामीणों से शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। मौके पर पहुंचकर जांच करने पर शव की पहचान विष्णु साव के रूप में हुई, जो 27 नवंबर से लापता था। एफएसएल टीम को सूचना दे दी गई है और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

### जमीन विवाद में 20 वर्षीय युवक की हत्या, एल्यूमिनियम शीट से ढका मिला शव

दरभंगा। मब्बी थाना क्षेत्र के मौलागंज मोहल्ला में शनिवार की देर रात तेज आवाज बाजा के संचालक की हत्या कर शव को घर से करीब पांच मीटर की दूरी पर एल्यूमिनियम शीट से ढक दिया गया। रविवार की सुबह आस पड़ोस के लोग मवेशियों के गोबर को फेंकने निकले, तो एल्यूमिनियम शीट के पास खून के धब्बे देखकर शोरगुल किया। लोग पहुंचे और एल्यूमिनियमशीट को हटाकर देखा, तो मनोज महतो के पुत्र साजन कुमार (20) को शव पड़ा था। उसके सिर पर भारी सामान से प्रहार किया गया था और चेहरे पर कटे का निशान पाया गया। सूचना पर पहुंची मब्बी थाने की पुलिस एवं एफएसएल की टीम मामले की जांच में जुट गई है। स्वजन के अनुसार, कुछ माह पहले मौलागंज चौक पर पट्टीदार के रामशीष महतो से भूमि विवाद हुआ था। इसको लेकर साजन की हत्या कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, साजन रात में खाना खाकर घर से करीब 10 मीटर की दूरी पर स्थित बथान पर सोने के लिए चला गया। बथान पर ही वह अपने बाजा का सामान रखकर उसका संचालन करता था। पांच भाइयों में सबसे छोटा साजन अविवाहित था।

## एमएलसी बंशीधर ब्रजवाशी की कार में ट्रक ने मारी टक्कर



वैशाली। सोनपुर और पटना को जोड़ने वाले जेपी सेतु पर तिरहुत स्नातक क्षेत्र के एमएलसी बंशीधर ब्रजवाशी की कार को एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि चालक और बॉडीगार्ड घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग जुट गए। जानकारी के अनुसार, निर्दलीय एमएलसी बंशीधर ब्रजवाशी अपनी पत्नी के इलाज के लिए दिल्ली जाने हेतु पटना स्टेशन पहुंचे थे। ट्रेन से रवाना होने के बाद उनके बॉडीगार्ड और चालक कार से मुजफ्फरपुर लौट रहे थे। इसी दौरान पहलेजा थाना क्षेत्र के चेक पोस्ट के समीप जेपी सेतु पर एक ट्रक ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के एयरबैग खुल गए, जिससे उसमें सवार लोगों की जान बच सकी। घटना की सूचना मिलते ही चेक पोस्ट पर तैनात पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। एमएलसी बंशीधर ब्रजवाशी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से जानकारी देते हुए कहा कि गनीमत रही कि हादसे के वक्त वे खुद कार में मौजूद नहीं थे और पहले ही दिल्ली के लिए रवाना हो चुके थे। उन्होंने बताया कि दुर्घटना की सूचना सारण के पुलिस अधीक्षक को भी दे दी गई है।इस हादसे ने प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं, क्योंकि जेपी सेतु पर ट्रकों के संचालन पर प्रतिबंध है, इसके बावजूद ट्रक का वहां चलना गंभीर चिंता का विषय है।

# रोहतास में घरेलू विवाद के बाद युवक ने की आत्महत्या

## 26 साल के आकाश कुमार ने फांसी लगाई, मानसिक तनाव बना बड़ी चिंता



रोहतास। जिले के परसथुआ थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद के बाद एक 26 वर्षीय युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना से इलाके में शोक और सनसनी का माहौल है। युवक ने घर के कमरे में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। मृतक की पहचान परसथुआ थाना क्षेत्र निवासी आकाश कुमार (26) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, घटना से कुछ समय पहले आकाश और उसकी पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के बाद आकाश काफी गुस्से और तनाव में था। इसी दौरान वह घर के एक कमरे में चला गया और दरवाजा बंद कर लिया। परिजनों ने बताया कि आकाश के कमरे में जाने के बाद काफी देर तक जब वह बाहर नहीं निकला तो घरवालों को चिंता होने लगी। पहले तो परिजनों ने समझा कि वह गुस्सा शांत करने के लिए अकेले बैठा होगा, लेकिन समय बीतने के बाद भी कोई हलचल नहीं होने पर शक गहराने लगा। इसी बीच किसी तरह इसकी सूचना आकाश के चाचा को मिली। जब वे घर पहुंचे और कमरे का दरवाजा खोला, तो अंदर का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। आकाश कमरे में फंदे से लटका हुआ था। परिजनों में चीख-पुकार मच गई और पूरे घर में कोहराम फैल गया। घटना की जानकारी तुरंत परसथुआ थाना को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मौजूदगी में शव को फंदे से उतरवाया और कब्जे में लिया। इसके बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शुरूआती जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। परिजनों के बयान के अनुसार, घरेलू विवाद के बाद युवक के द्वारा यह कदम उठाने की बात सामने आ रही है।

हालांकि पुलिस का कहना है कि किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले हर पहलू की बारीकी से जांच की जा रही है। पुलिस ने मृतक की पत्नी और अन्य परिजनों से पूछताछ शुरू कर दी है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि विवाद का कारण क्या था और क्या युवक किसी अन्य मानसिक दबाव या परेशानी से जूझ रहा था। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पूरी तस्वीर स्पष्ट हो सकेगी। इस घटना के बाद परसथुआ और आसपास के इलाके में शोक की लहर है। आकाश की उम्र महज 26 साल थी और उसके इस तरह आत्महत्या कर लेने से लोग स्तब्ध हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि घरेलू विवाद अक्सर गंभीर रूप ले लेते हैं और समय रहते संवाद व समझदारी जरूरी है। यह घटना एक बार फिर युवाओं में बढ़ते मानसिक तनाव और पारिवारिक कलह के गंभीर परिणामों की ओर इशारा करती है। जानकारों का कहना है कि ऐसे मामलों में परिवार और समाज को मिलकर समय रहते हस्तक्षेप करना चाहिए, ताकि किसी की जान न जाए। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है। जांच और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि आत्महत्या के पीछे केवल घरेलू विवाद ही कारण था या इसके अलावा भी कोई वजह मौजूद थी।

# अनाथ व बेसहारा बच्चों को सरकार का सहारा, हर महीने मिल रहा 1 हजार रुपये



आरा। भोजपुर जिले में समाज कल्याण विभाग के द्वारा संचालित अनाथ, बेसहारा, एड्स और कुष्ठ रोग से पीड़ित बच्चों को प्रत्येक माह एक-एक हजार रुपये की सहायता राशि दी जा रही है। जिले में इस योजना के तहत वर्तमान में 879 से भी ज्यादा बच्चों को इसका लाभ दिया जा रहा है। और ज्यादा से ज्यादा बच्चों को योजना का लाभ देने के लिए आरा सदर अस्पताल में विशेष कैंप लगाया जा रहा है। जिले में परवरिश योजना के अंतर्गत वैसे बच्चे जो अनाथ और बेसहारा हैं तथा वह अपने निकटतम संबंधी अथवा रिश्तेदार के साथ रहते हैं, या वह एचआईवी, एड्स या कुष्ठ रोग से ग्रसित है वैसे बच्चों को सरकार के द्वारा सहायता की जा रही है।ये बच्चे समाज में अपने को हाशिए पर और उपेक्षित ना महसूस करें इसके लिए उन्हें जिला बाल संरक्षण इकाई के द्वारा प्रत्येक माह एक-एक हजार की राशि देकर जीवन यापन में मदद की जा रही है।

इस प्रकार के बच्चों की उम्र 18 वर्ष से कम रहने के साथ उनका पालन पोषण करने वाले माता-पिता या किसी भी अन्य व्यक्ति की वार्षिक आय 60 हजार रुपये से कम होना चाहिए, परंतु एचआईवी, एड्स एवं कुष्ठ रोग के मामले में वार्षिक आय साठ हजार से ज्यादा रहने पर भी उन्हें इसका लाभ दिया जाएगा। भोजपुर जिले में परवरिश योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन पत्र आंगनबाड़ी केंद्र, सीडीपीओ कार्यालय तथा सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई में निःशुल्क लेने के साथ यहां जमा कर सकते हैं। दूसरी तरफ, वर्तमान में सात दिसंबर से इस योजना के अंतर्गत नए लाभुकों का चयन करने के लिए सदर अस्पताल में विशेष कैंप लग रहा है यहां पर भी वे आवेदन दे सकते हैं। योजना के संबंध में ज्यादा जानकारी लेने के लिए 06182-295008 पर संपर्क किया जा सकता है। भोजपुर जिले में परवरिश योजना के अंतर्गत वर्तमान में 879 लाभुक को इसका लाभ मिल रहा है।

# बेगूसराय-बक्सर समेत कई जिलों में छाया कोहरा

## लगातार गिरेगा तापमान, पटना की हवा बेहद खराब, एक्यूआई 333 हुआ



पटना। बिहार के सभी जिलों में न्यूनतम तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण ठंड का असर दिखने लगा है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार राज्य के अधिकांश हिस्सों में आने वाले 7 दिनों तक रात और सुबह के समय ठंड लगातार बढ़ेगी। रविवार सुबह बेगूसराय में घना कोहरा है। वहीं कई जिलों में कोहरे का असर भी देखने को मिलेगा। अगले तीन से चार दिन तक सुबह के समय राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में कुहासा छाया रहेगा। फिलहाल, दिन में हल्की धूप निकलने से लोगों को कुछ राहत मिल रही है। पटना में शनिवार को सुबह में कुहासे के साथ पछुआ की रफ्तार थोड़ी कम रही। वहीं सबसे कम विजिबिलिटी 200 मीटर गयाजी में दर्ज की गई है।

जबकि राज्य में सबसे कम न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री सेल्सियस किशनगंज में दर्ज किया गया है। जबकि सबसे अधिक तापमान मोतिहारी में 29.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में कुछ जिलों में न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई है।

जबकि कुछ जगह पर आंशिक बढ़ोतरी दर्ज हुई है। पटना में एक्यूआई लेवल 151 से 333 तक पहुंच गया है। एयरपोर्ट और वेटनरी मैदान के आसपास की हवा लगातार खराब रह रही है। पटना में वायु प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। एयरपोर्ट और वेटनरी मैदान के आसपास की हवा लगातार खराब रह रही है। इन इलाकों में रहने वाले लोग सबसे अधिक प्रदूषित हवा में सांस ले रहे है। शनिवार को वेटनरी मैदान और एयरपोर्ट के पास एक्यूआई लेवल 333 रहा। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के मानक के मुताबिक, जहां का एक्यूआई लेवल 300 से अधिक है, वहां की हवा लोगों के स्वास्थ्य के लिए बहुत खराब है। वायु प्रदूषण विशेषज्ञ रविरंजन सिन्हा के मुताबिक, लोग धूल-कण शरीर के अंदर ले रहे हैं। जैसे-जैसे हवा में नमी और धुंध बढ़ेगी, प्रदूषण का स्तर बढ़ सकता है। कोहरे की वजह से ट्रेनों की लेटलतीफी भी जारी है। मौसम विभाग का कहना है कि उत्तर बिहार और सीमावर्ती जिलों में सुबह के समय हल्का कोहरा या धुंध देखने को मिल सकता है। दिन में धूप निकलने से अधिकतम तापमान सामान्य के आसपास बना रहेगा। फिलहाल, राज्य के किसी भी जिले में बारिश की संभावना नहीं है। मौसम विभाग ने ठंड को देखते हुए विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों को सुबह-शाम ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े पहनने की सलाह दी गई है। कोहरे या धुंध के समय गाड़ी चलाते समय गति नियंत्रित रखने और फॉग लाइट को उपयोग करने की बात कही गई है। बेगूसराय में कोहरा छाया हुआ है। आज का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जबकि अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

# स्पंदन राधा कृष्ण का

राधा का अर्थ है ...मोक्ष की प्राप्ति। रा का अर्थ है मोक्ष और ध का अर्थ है प्राप्ति। कृष्ण जब वृन्दावन से मथुरा गए, तब से उनके जीवन में एक पल भी विश्राम नही था। उन्होंने आतताइयों से प्रजा की रक्षा की, राजाओं को उनके लुटे हुए राज्य वापिस दिलवाए और सोलह हज़ार स्त्रियों को उनके स्त्रीत्व की गरिमा प्रदान की। उन्होंने अन्य कई जनहित कार्यों में अपने जीवन का उत्सर्ग किया।



राधा का अर्थ है ...मोक्ष की प्राप्ति। रा का अर्थ है मोक्ष और ध का अर्थ है प्राप्ति। कृष्ण जब वृन्दावन से मथुरा गए, तब से उनके जीवन में एक पल भी विश्राम नही था। उन्होंने आतताइयों से प्रजा की रक्षा की, राजाओं को उनके लुटे हुए राज्य वापिस दिलवाए और सोलह हज़ार स्त्रियों को उनके स्त्रीत्व की गरिमा प्रदान की। उन्होंने अन्य कई जनहित कार्यों में अपने जीवन का उत्सर्ग किया। श्रीकृष्ण ने किसी चमत्कार से लड़ाइयाँ नहीं जीती। बल्कि अपनी बुद्धि योग और ज्ञान के आधार पर जीवन को सार्थक किया। मनुष्य का जन्म लेकर , मानवता की...उसके अधिकारों की सदैव रक्षा की। वे जीवन भर चलते रहे , कभी भी स्थिर नही रहे ।जहाँ उनकी पुकार हुई,वे सहायता जुटाते रहे।उधर जब से कृष्ण वृन्दावन से गए, गोपियाँ और राधा तो मानो अपना अस्तित्व ही खो चुकी थी।राधा ने कृष्ण के वियोग में अपनी सुधबुध ही खो दी।मानो उनके प्राण ही न हो केवल काया मात्र रह गई थी। राधा को वियोगिनी देख कर ,कितने ही महान कवियों- लेखकों ने राधा के पक्ष में कान्हा को निर्मोही जैसी उपाधि दी।दे भी क्यूँ न ?

राधा का प्रेम ही ऐसा अलौकिक था...उसकी साक्षी थी यमुना जी की लहरें, वृन्दावन की वे कुंजन गलियाँ , वो कदम्ब का पेड़, वो गोधुली बेला जब श्याम गायें चरा कर वापिस आते थे , वो मुरली की स्वर लहरी जो सदैव वहाँ की हवाओं में विद्यमान रहती थी।राधा जो वनों में भटकती ,कृष्ण कृष्ण पुकारती,अपने प्रेम को अमर बनाती,उसकी पुकार सुन कर भी ,कृष्ण ने एक बार भी पलट कर पीछे नही देखा।...तो क्यूँ न वो निर्मोही एवं कठोर हृदय कहलाए।राधा का प्रेम ही ऐसा अलौकिक था...उसकी साक्षी थी यमुना जी की लहरें , वृन्दावन की वे कुंजन गलियाँ , वो कदम्ब का पेड़, वो गोधुली बेला जब श्याम गायें चरा कर वापिस आते थे , वो मुरली की स्वर लहरी जो सदैव वहाँ की हवाओं में विद्यमान रहती थी ... किन्तु कृष्ण के हृदय का स्पंदन किसी ने नहीं सुना।स्वयं कृष्ण को कहाँ कभी समय मिला कि वो अपने हृदय की बात..मन की बात सुन सकें। या फिर क्या यह उनका अभिनय था? जब अपने ही कुटुंब से व्यथित हो कर वे प्रभास -क्षेत्र में लेट कर चिंतन कर रहे थे तब जरा के छोडे तीर की चुभन महसूस हुई।तभी उन्होंने देहोत्सर्ग करते हुए, राधा शब्द का उच्चारण किया। जिसे जरा ने सुना और उद्धव को जो उसी समय वह पहुँचे..उन्हें सुनाया।उद्धव की आँखों से आँसू लगतार बहने लगे।सभी लोगों को कृष्ण का संदेश देने के बाद ,जब उद्धव ,राधा के पास पहुँचे ,तो वे केवल इतना कह सके -

राधा, कान्हा तो सारे संसार के थे,
किन्तु राधा तो केवल कृष्ण के हृदय में थी

# कष्टहरता जय हनुमान...

हनुमान बजरंगबली और महावीर के नामों से जाने जाने वाले पवनसुत सप्त चिरंजीवियों में से एक हैं। पद्म-पुराण के 56-6-7 वें श्लोक में उनका अन्य छः चिरंजीवियों के साथ नाम इस प्रकार आता है-

अश्वत्थामा बलिव्यासो हनुमानन्च विभीषण।
कृप परशुरामश्च सप्तैत चिरंजीविन ।

वस्तुतः रामभक्त, संकटमोचन, रामसेवक, रामदूत, केशरीनंदन, आंजनेय, अंजनीसुत, कपीश, कपिराज, पवनसुत और संकटमोचक के रूप में विख्यात हनुमान अपने भक्तों को व्याधियों व संकटों, वेदनाओं तथा परेशानियों से मुक्ति दिलाते हैं।

## हनुमान भक्ति व पूजा का लाभ

हर व्यक्ति को जीवन में अनेक समस्याओं से गुजरना पड़ता है, ऐसे में हनुमानजी का स्मरण उसकी कष्टों से रक्षा करता है। जहाँ हनुमानजी का नाम मुश्किलों से बचाव करता है, वहीं वह मन से अनजाने भय को निकालकर शुभ व मंगल का पथ प्रशस्त करता है, विपत्तियों से मुक्ति दिलाता है।

वास्तव में, हनुमानजी रामभक्ति, सत्य मर्यादा, ब्रह्मचर्य, सदाचार व त्याग की चरम सीमा हैं। इसका सविस्तार वर्णन हमें सुंदरकांड में मिलता है। इसीलिए सुंदरकांड का पाठ करने से अनिष्ट, अमंगल तथा संकट की समाप्ति होती है, और नेष्ट का रास्ता खुलता है।सुंदरकांड का पाठ करने से हनुमानजी प्रसन्न होते हैं, तथा भक्त को सुपरिणाम प्रदान करते हैं।

कार्यसिद्धि के लिए भी सुंदरकांड का पाठ किया जाता है।परंतु इस हेतु पाठ अमावस्या की रात्रि से शुरू करके नियमित रूप से 45 दिन करना चाहिए। इसके अतिरिक्त नवरात्रि के समय भी सुंदरकांड का पाठ करना उचित माना जाता है।एक ऐसी भी मान्यता है कि नौ ग्रहों को रावण की कैद से केशरीनंदन ने ही म ु क्त कराया था। उस समय शनि ने हनुमानजी को वचन दिया था कि- हे हनुमान! जो कोई भी आपकी पूजा-अर्चना करेगा, मैं उसे नहीं सताऊँगा। साधक को मंगलवार व शनिवार की पूजा करने से विशेष लाभ प्राप्त होता है।यथार्थ तो यह है कि कलियुग में महावीर हनुमान का नाम सही अर्थों में संकटमोचन है।



# माँ गंगा का प्राकट्य

शिव का हिमालय और गंगा से घनिष्ठ संबंध है और गंगा से उनके संबंध की कथा से लोकप्रिय चित्रांकन बड़ा समृद्ध हुआ है।हिंदुओं के लिए समस्त जल, चाहे वह सागर हो या नदी, झील या वर्षाजल, जीवन का प्रतीक है और उसकी प्रकृति दैवी मानी जाती है। इस संदर्भ में प्रमुख हैं तीन पवित्र नदियाँ- गंगा, यमुना और काल्पनिक सरस्वती।इनमें से पहली नदी सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

चूँकि गंगा स्त्रीलिंग हैं, इसलिए उसे लंबे केशों वाली महिला के रूप में अंकित किया जाता है।देवी के रूप में गंगा उन सबके पाप धो देती है जो इतने भाग्यशाली हों कि उनकी भस्म उसके पवित्र जल में प्रवाहित की जाए। ब्रह्मवैवर्त पुराण में गंगा को संबोधित करने वाले एक पद में स्वयं शिव कहते हैं- पृथ्वी पर लाखों जन्म-जन्मान्तर के दौरान एक पापी जो पाप के पहाड़ जुटा लेता है, गंगा के एक पवित्र स्पर्श मात्र से लुप्त हो जाता है।जो भी व्यक्ति इस पवित्र जल से आर्द्र हवा में साँस भी ले लेगा, वह निष्कलंक हो जाएगा।विश्वास किया जाता है कि गंगा के दिव्य शरीर के स्पर्श मात्र से हर व्यक्ति पवित्र हो जाता है। भारतीय देवकथा में सर्वाधिक रंगीन कहानियाँ हैं उन परिस्थितियों के बारे में जिनमें गंगा स्वर्गलोक से उतरकर पृथ्वी पर आई थीं।

एक समय कुछ राक्षस थे जो ब्राह्मण ऋषि-मुनियों को तंग करते थे और उनके भजन-पूजा में बाधा डाला करते थे।जब उनका पीछा किया जाता था तो वे समुद्र में छिप जाते थे, मगर रात में फिर आकर सताया करते थे। एक बार ऋषियों ने ऋषि अगस्त्य से प्रार्थना की कि वे उनको राक्षसी प्रलोभन की यातना से मुक्त करें। उनकी सहायता के उद्देश्य से अगस्त्य ऋषि राक्षसों समेत समुद्र को पी गए। इस प्रकार उन राक्षसों का अंत हो गया किंतु पृथ्वी जल से शून्य हो गई। तब मनुष्यों ने एक और ऋषि भगीरथ से प्रार्थना की कि वे सूखे की विपदा से उन्हें छुटकारा दिलाएँ।इतना बड़ा वरदान पाने के योग्य बनने के लिए भगीरथ ने तपस्या करने में एक हजार वर्ष बिता दिए और फिर ब्रह्मा के पास गए और उनसे प्रार्थना की कि वे स्वर्गलोक की नदी गंगा को- जो आकाश की नक्षत्र धाराओं में से एक थी- पृथ्वी पर उतार दें। भगीरथ की तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्मा ने यथाशक्ति प्रयत्न करने का वचन दिया और कहा कि वे इस मामले में शिव से सहायता माँगेंगे।उन्होंने समझाया कि अगर स्वर्गलोक की वह महान नदी अपने पूरे वेग और समस्त जल के भार के साथ पृथ्वी पर गिरी तो भूकंप आ जाएँगे और उसके फलस्वरूप बहुत विध्वंस होगा। अतः किसी को उसके गिरने का आघात सहकर उसका धक्का कम करना होगा और यह काम शिव के अतिरिक्त और कोई नहीं कर सकता। भगीरथ उपवास और प्रार्थनाएँ करते रहे। समय आने पर शिव पसीजे। उन्होंने गंगा को अपनी धारा पृथ्वी पर गिराने दी और उसके आघात को कम करने के लिए उन्होंने पृथ्वी और आकाश के बीच अपना सिर रख दिया। स्वर्गलोक का जल तब उनके केशों से होकर हिमालय में बड़े सुचारु रूप से बहने लगा और वहाँ से भारतीय मैदानों में पहुँचा जहाँ वह समृद्धि, स्वर्गलोक के आशीर्वाद और पापों से मुक्ति लेकर आया।



# कुछ आसान और अचूक टोटके

समय की कमी और भागदोड़ से भरी जिंदगी ने आज इंसान को हेरान परेशान कर रखा है। यहां हम जिन टोटकों यानि कि युक्तियों को दे रहें हैं वे ऐसी ही अद्भुत और कारगर युक्तियां हैं।ये तुलसी रामायण के प्रामाणिक और शक्ति सम्पन्न अंस हैं।जिनको सूर्योदय से पूर्व पूर्ण शांत एवं पूर्ण एकांत स्थान पर मात्र 15 मिनिट मंत्र की तरह जपने से इच्छित मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है।

- धन-समृद्धि की वृद्धि के लिये - जे सकाम नर सुनहिं जे गावहिं, सुख सम्पति नाना विधि पावहिं ।
- मुकद्दमा जीतने के लिये - पवन तनय बल पवन समाना, बुद्धि विवेक विज्ञान निधाना ।
- पुत्र प्राप्ति के लिये - प्रेम मगन कोशल्या निशिदिनि जात न जान, पुत्र सनेह बस माता बालचरित कर गान ।

# कौन थीं कृष्ण की 16108 रानियां?

श्रीकृष्ण का नाम आते ही हमारे मन असीम प्रेम उमड़ता है। सभी जानते हैं कि असंख्य गोपियां थी जो श्रीकृष्ण से अनन्य प्रेम करती थीं। परंतु उनकी शादी श्रीकृष्ण से नहीं हो सकी। श्रीकृष्ण की प्रमुख पटरानी रुकमणी पटरानी रुकमणी सहित उनकी 8 पटरानियां एवं 16100 रानियां थीं। कुछ विद्वानों का यह मत है कि कृष्ण की प्रमुख रानियां तो आठ ही थीं, शेष 16,100 रानियां प्रतीकात्मक थीं। इन्हें वेदों की ऋचाएं माना गया है।ऐसा माना जाता है चारों वेदों में कुल एक लाख श्लोक हैं। इनमें से 80 हजार श्लोक यज्ञ के हैं, चार हजार श्लोक पराशक्तियों के हैं। शेष 16 हजार श्लोक ही गृहस्थों या आम लोगों के उपयोग के अर्थात भक्ति के हैं। इन श्लोकों को ऋचाएं कहा गया है, ये ऋचाएं ही भगवान कृष्ण की पत्नियां थीं। श्रीकृष्ण की प्रत्येक रानी से 10-10 पुत्र एवं प्रत्येक रानी से 1-1 पुत्री का जन्म हुआ।

# क्या है कृष्ण की रासलीला का सच ?



कुछ लोग अपने आपको कृष्ण भक्त या कृष्ण के अनुयाई बताकर चेहरे पर बड़े गर्व के भाव व्यक्त करते हुए घूमते हैं। यदि उनसे पूछा जाए कि क्या है कृष्ण का मतलब? क्या था कृष्ण का व्यक्तित्व, और क्या कहते हैं कृष्ण अपनी गीता में क्या रसिया कृष्ण की गीता में रासलीला का बड़ा ही सुन्दर वर्णन आया है इतना पूछने पर, अपने आप को कृष्ण का अनुयाई कहने वाले ये तथाकथित कृष्ण भक्त खिसियाकर बगलें झांकने लगते हैं।

वास्तविकता यह है कि रास शब्द रस से ही बना है। जबकि रस शब्द का अर्थ है आनंद। आगे चलकर हम देखते हैं कि संगीत के साथ किये जाने वाले नृत्य को ही काव्य अथवा साहित्य में रास संज्ञा से सूचित किया जाने लगा। पता नहीं रासलीला को लेकर समाज में यह गलत मान्यता कैसे प्रचलित हो गई। संस्कृत कवि जयदेव ने अपने काव्य में कृष्ण को नायक बनाकर कई श्रृंगारिक गीतों की रचना की जो कि पूरी तरह काल्पनिक एवं मनगढ़ंत हैं। जयदेव की परंपरा को ही बाद में विद्यापति....से लेकर सूरदास ने आगे बढ़ाया।

नौ वर्ष के कृष्ण- एक अति महत्वपूर्ण बात और भी है जिससे बहुत कम ही लोग परिचित हैं। वह यह है कि जब कृष्ण ने हमेशा-हमेशा के लिये गोकुल-वृंदावन छोड़ा तब उनकी उम्र मात्र नौ वर्ष की थी। इससे यह तो स्पष्ट ही है कि कृष्ण जब गोप-गोपिकाओं के साथ गौकुल-वृंदावन में थे तब नौ वर्ष से भी छोटे रहे होगें। अति मनोहर रूप, बांसुरी बजाने में अत्यंत निपुण, अवतारी आत्मा होने के कारण जन्मजात प्रतिभाशाली आदि तमाम बातों के कारण वे आसपास के पूरे क्षेत्र में अत्यंत् लोकप्रिय थे। नौ वर्ष के बालक का गोपियों के साथ नृत्य करना एक विशुद्ध प्रेम और आनंद का ही विषय हो सकता है। अत कृष्ण रास को शारीरिक धरातल पर लाकर उसमें मोजमस्ती या भोग विलास जेसा कुछ ढूंढना इंसान की स्यवं की फितरत पर निर्भर करता है। कृष्ण के प्रति कोई राय बनाने से पूर्व इंसान को गीता को समझना होगा क्योंकि उसके बिना कोई कृष्ण को वास्तविक रूप में समझ ही नहीं पाएगा।

# भारतीय टीम ने अंडर-19 एशिया कप में पाकिस्तान को हराया

**दुबई (एजेंसी)।** आरोन जॉर्ज के शानदार अर्धशतक के बाद दीपेश देवेंद्रन और कनिष्क चौहान की घातक गेंदबाजी की सहायता से भारतीय टीम ने पाकिस्तान को अंडर-19 एशिया कप क्रिकेट मैच में 90 रनों से हरा दिया। इस मैच में पाकिस्तान ने टॉस जीतने के बाद भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया था। भारत ने आरोन के 85 और कनिष्क के 46 रनों की सहायता से 46.1 ओवर में 240 रन बनाये। इसके बाद जीत के लिए मिले 241 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान टीम 41.2 ओवर में 150 रन ही बना पायी। पाकिस्तान की टीम 241 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भातरीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पायी। उसकी शुरूआत धीमी और टीम के लगातार विकेट गिरते गये। केवल हुजैफा अहसान ही 50 रन बनाये पाये। इस खिलाड़ी के आउट होते ही पाक टीम की बल्लेबाजी ढ़ह गयी।

इससे पहले आरोन और कनिष्क की अच्छी बल्लेबाजी से भारतीय टीम ने 240 रन बनाए। इस मैच में आरोन ने 85 रन की अर्धशतकीय पारी खेली जबकि कनिष्क ने 46 रन बनाये। वहीं पाक की ओर से मोहम्मद सैय्यम और अब्दुल सुभान ने 3-3 विकेट लिए। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी आज असफल रहे और केवल 5 रन ही बना पाये। वह 3.2 ओवर में मोहम्मद सैय्यम का शिकार बने।

यशस्वी के अलावा भारतीय टीम के कप्तान आयुष म्हात्रे भी 38 रन ही बना पाये। विहान मल्होत्रा ने 12 रन जबकि वेदांत त्रिवेदी ने 7 रन बनाये। अभिज्ञान कुंडू ने 32 गेंदों पर 22 रन बनाए। आरोन ने सबसे बेहतर खेलते हुए 12 चौके और एक छक्का लगाकर 88 गेंदों पर 85 रन बनाए। खिलान पटेल केवल 6 रन ही बना पाये। कनिष्क चौहान 46 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में 46 गेंदों पर 2 चौके, 3 छक्के लगाये। -हेनिल पटेल12 रन जबकि दीपेश देवेंद्रन 1रन बनाकर पेवेलियन लौटे।



# भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी भी प्राप्त करने वाला - अमित शाह



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दावे के साथ कहा है कि भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी भी प्राप्त करने वाला है। उन्होंने यह बात अहमदाबाद में आयोजित सांसद खेल महोत्सव में कही। अमित शाह ने महोत्सव में उपस्थित लोगों से कहा कि वे और भी बड़े खेलों के आयोजन के लिए तैयार हो जाएं।

सांसद खेल महोत्सव में अमित शाह ने कहा, आप सबको हाल ही में कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी मिली है। मगर अहमदाबाद के लोगों तैयार हो जाओ, क्योंकि इस शहर में 2036 के ओलंपिक्स भी आने वाले हैं। बता दें कि यह समारोह नारनपुरा में हुआ, जहां अमित शाह नवनिर्मित वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में पहुंचे थे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार से गुजरात की तीन दिवसीय यात्रा शुरू की थी। उन्होंने कहा कि अहमदाबाद 2036 से पहले कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के इवेंट्स की मेजबानी करने वाला है। उन्होंने अपना उद्देश्य स्पष्ट रखते हुए कहा कि उनका लक्ष्य खेलों का ऐसा माहौल तैयार करना और एक ऐसा बुनियादी ढांचा तैयार करना है, जो ओलंपिक्स जैसे बड़े आयोजनों का समर्थन कर सके।

उन्होंने बताया कि अहमदाबाद में किस स्तर पर खेलों के विकास का प्रयास हो रहा है। 800 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया वीर सावरकर कॉम्प्लेक्स इसी का एक उदाहरण है। इसके अलावा उन्होंने मोटेरा स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल स्पोर्ट्स एंक्लेव का भी जिक्र किया।

अमित शाह ने आत्मविश्वास के साथ कहा, मुझे विश्वास है कि जब भारत ओलंपिक्स की मेजबानी करेगा, तब भारत पदक विजेता देशों की टॉप-5 सूची में आ जाएगा। उन्होंने बताया कि 2014 में खेल बजट 800 करोड़ का था, लेकिन अगले 11 सालों में यह बढ़कर 2025 में 4 हजार करोड़ का हो गया है।

# हार्दिक पांड्या ने अपने नाम की बड़ी उपलब्धि, टी20आई में ये रिकॉर्ड बनाने वाले पहले भारतीय बने



**नई दिल्ली ।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज के तीसरे तीसरे मैच में हार्दिक पांड्या ने बड़ा रिकॉर्ड बनाते हुए टी20आई में अपने 100 विकेट पूरे कर लिए हैं। धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ स्टेडियम में उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। हार्दिक से पहले अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह इस मुकाम को हासिल कर चुके हैं।

पांड्या को टी20आई में 100 विकेट पूरे करने के लिए एक विकेट की जरूरत थी। उन्होंने ट्रिस्टन स्टब्स को 6.6 ओवर में जितेश शर्मा के हाथों आउट करवाकर यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। इतना ही नहीं पांड्या भारत के लिए टी20आई में 100 विकेट लेने और 1000 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी हैं। वहीं ओवरऑल बात करें तो वह इस एलीट लिस्ट में जिम्बाब्वे के सिकंदर रज़ा, बांग्लादेश के शाकिब अल हसन और अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी के साथ शामिल हो गए हैं।

### टी20आई में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट

अर्शदीप सिंह - 71 मैचों में 108 विकेट

जसप्रीत बुमराह - 82 मैचों में 101 विकेट

हार्दिक पांड्या - 123 मैचों में 100 विकेट

युजवेंद्र चहल - 80 मैचों में 96 विकेट

भुवनेश्वर कुमार - 87 मैचों में 90 विकेट

### प्लेइंग 11

भारत : अभिषेक शर्मा, शुबमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती

दक्षिण अफ्रीका : रीजा हेंड्रिक्स, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), एडेन मार्कराम (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, ट्रिस्टन स्टब्स, डोनोवन फरेरा, मार्को जेनसन, कॉर्बिन बॉश, एनरिक नॉर्टजे, लुंगी एनगिडी, ओटनील बार्टमैन

# गिल के मुकाबले इस बल्लेबाज का फॉर्म भारत के लिए ज्यादा चिंता की बात : मोहम्मद कैफ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने कहा है कि ICC T20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले शुभमन गिल के मुकाबले सूर्यकुमार यादव का फॉर्म मेन इन ब्लू के लिए ज्यादा चिंता का विषय है। टी20 वर्ल्ड कप का 10वां एडिशन 7 फरवरी 2026 को शुरू होगा और 8 मार्च को फाइनल तक होगा। भारत और श्रीलंका 20 टीमों के इस टूर्नामेंट की सह-मेजबानी 29 दिनों में आठ जगहों (भारत में पांच और श्रीलंका में तीन) पर करेंगे।

### सूर्या का फॉर्म भारत के लिए ज्यादा चिंता का विषय : कैफ

इस साल टी20आई क्रिकेट में दोनों बल्लेबाजों के संघर्ष को देखते हुए मोहम्मद कैफ को लगता है कि भारत को गिल के बजाय सूर्या के फॉर्म के बारे में ज़्यादा चिंता करनी चाहिए क्योंकि एक तय कप्तान को बदला नहीं जा सकता। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'टी20 वर्ल्ड कप नजदीक है, इसलिए गिल के मुकाबले सूर्या का फॉर्म भारत के लिए ज्यादा चिंता का विषय है। भारत के पास ओपनिंग के कई विकल्प हैं, लेकिन एक तय कप्तान को बदला नहीं जा सकता।'



### 2025 में एक भी फिफ्टी नहीं लगा पाए सूर्या और गिल

टी20आई क्रिकेट में सूर्यकुमार का फॉर्म तेजी से गिरा है। भारत के टी20आई कप्तान ने इस साल 19 मैचों में 201 रन बनाए हैं। सूर्यकुमार इस साल टी20आई में अभी तक एक भी फिफ्टी नहीं बना पाए हैं। इस दाएं हाथ के बल्लेबाज का औसत 14.35 और स्ट्राइक रेट 126.41 रहा है। दूसरी ओर गिल का भी टी20आई क्रिकेट में यह साल अच्छा नहीं रहा है। इस दाएं हाथ के बल्लेबाज ने इस साल सबसे छोटे फॉर्मेट में 14 मैचों में 263 रन बनाए हैं। गिल अभी तक एक भी फिफ्टी नहीं बना पाए हैं। उनका औसत 23.90 और स्ट्राइक रेट 142.93 है।

# आईपीएल2026 ऑक्शन से पहले सरफराज खान का धमाका, सिर्फ इतनी गेंदों में जड़ी तूफानी फिफ्टी

**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 मिनी ऑक्शन से पहले सरफराज खान ने अपने बल्ले से जोरदार संदेश दे दिया है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 में मुंबई की ओर से खेलते हुए सरफराज ने हरियाणा के खिलाफ महज 25 गेंदों में 64 रनों की विस्फोटक पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 18 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया और 256 के शानदार स्ट्राइक रेट से रन बरसाए। उनकी इस पारी में 9 चौके और 3 छक्के शामिल रहे।

### हरियाणा के गेंदबाजों पर बरपा कहर

सुपर लीग के शुरुआती मुकाबले में हैदराबाद के खिलाफ फ्लॉप रहने के बाद सरफराज ने जोरदार वापसी की। हरियाणा के खिलाफ उन्होंने शुरू से ही आक्रामक तेवर दिखाए और गेंदबाजों को संभलने का मौका नहीं दिया। उनकी यह पारी ऑक्शन से पहले फ्रेंचाइजियों का ध्यान खींचने के लिए काफी मानी जा रही है।

### हाई-स्कोरिंग मैच में मुंबई की शानदार जीत

इस मुकाबले में हरियाणा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 234 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने आक्रामक अंदाज में लक्ष्य का पीछा किया। सरफराज खान और यशस्वी जायसवाल के बीच 37 गेंदों में 88 रनों की तेज साझेदारी हुई। जायसवाल ने 50 गेंदों में 101 रन की शतकीय पारी खेली और मुंबई ने 15 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। इस रोमांचक टी20 मैच में कुल 472 रन बने।

### ऑक्शन के पहले सेट में शामिल सरफराज

आईपीएल 2026 मिनी ऑक्शन 16 दिसंबर को अबू धाबी में होगा। 1000 से ज्यादा खिलाड़ियों में से 350 को शॉर्टलिस्ट किया गया है। सरफराज खान का नाम ऑक्शन के पहले सेट में शामिल है, जिसमें पृथ्वी शॉ, कैमरून ग्रीन, टिम डेविड, डेवोन कॉनवे और जेक फ्रेजर मैकगर्क जैसे बड़े नाम भी मौजूद हैं। मौजूदा फॉर्म को देखते हुए सरफराज पर बड़ी बोली लगने की पूरी संभावना है।



# विजय हजारे ट्रॉफी खेल सकते हैं रोहित शर्मा और विराट कोहली

नई दिल्ली । रोहित शर्मा और विराट कोहली इस साल विजय हजारे ट्रॉफी खेल सकते हैं । कोहली का नाम भारत के प्रमुख 50 ओवर के घरेलू टूर्नामेंट के लिए दिल्ली की संभावित टीम में शामिल होने के बाद , रोहित का चयन भी लगभग तय है । पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की मुंबई में विजय हजारे ट्रॉफी के कुछ मैचों में खेलने की संभावना हैं ताकि भारत की अगली वनडे सीरीज से पहले उन्हें तैयारी का मौका मिल सके । दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सफल सीरीज के बाद, भारत की अगली वनडे द्विपक्षीय सीरीज न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 जनवरी से शुरू होगी ।

इसका मतलब है कि उस सीरीज से पहले काफी समय है और अब केवल वनडे फॉर्मेट में खेलने वाले रोहित शर्मा और कोहली घरेलू क्रिकेट में खेल सकेंगे । यह बीसीसीआई की उस नीति के अनुरूप भी है जिसके तहत फिट और उपलब्ध सभी खिलाड़ियों के लिए घरेलू मैच खेलना अनिवार्य है । महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन के एक सूत्र ने बताया, 'टीम का चयन हर मैच के आधार पर किया जाएगा और हमें उम्मीद है कि रोहित कुछ मैच खेलेंगे, हालांकि अभी तक उनकी तरफ से कोई पुष्टि नहीं मिली है, लेकिन अभी समय है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के बाद अगले हफ्ते टीम का चयन होने की संभावना है। अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे मैच भी हैं, इसलिए उनकी उपलब्धता पर निर्भर करेगा ।'

# मंधाना ने हरमनप्रीत के नाम का स्टैंड बनने पर दी बधाई, कहा मुझे तुम पर गर्व है

नई दिल्ली । भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना ने महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में कप्तान हरमनप्रीत कौर के नाम पर एक स्टैंड का नाम किये जाने पर बधाई देते हुए कहा है कि मुझे तुम पर गर्व है । मंधाना ने हरमनप्रीत को सोशल मीडिया पर बधाई देते हुए लिखा कि महिला क्रिकेट के लिए ये दिन दिन काफी अच्छा रहा जब किसी खिलाड़ी के नाम पर स्टैंड बना है। पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) ने विश्व विजेता टीम की कप्तान हरमनप्रीत को सम्मानित करने उनके नाम पर एक स्टेडियम का उद्घाटन किया था । बीसीसीआई ने हरमनप्रीत का एक वीडियो अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया है । इसे साझा करते हुए मंधाना ने लिखा, 'बधाई हो हरमनप्रीत। महिला क्रिकेट के लिए क्या शानदार दिन है, मुझे तुम पर बहुत गर्व है ।' इस वीडियो में हरमनप्रीत ने कहा, 'विश्व कप जीतने के बाद मेरी जिंदगी में बहुत कुछ बदल गया है पर मुझे लगता है कि यह मेरे लिए एक खास पल है जिस मैदान पर मैंने खेलना शुरू किया था, आज आखिरकार उसपर मेरे नाम पर एक स्टैंड बना है । ये मेरे लिए बेहद गर्व का पल है और मैं इसके लिए पीसीए की आभारी हूं । लंबे संघर्ष के बाद ये दिन आया है । हरमनप्रीत की कप्तानी में भारतीय टीम ने आईसीसी विश्वकप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराया था। वह तीसरी भारतीय महिला क्रिकेटर बनीं जिनके नाम पर एक स्टैंड का नाम रखा गया है. इससे पहले झूलन गोस्वामी और मिताली राज के नाम पर स्टैंड बने थे पर हरमनप्रीत को सक्रिकय क्रिकेटर के तौर पर ये सम्मान मिला है । इसके साथ ही हरमनप्रीत को 11 लाख रुपये का चेक भी मिला है । के अलावा अमनजोत कौर और हरलीन देओल को भी 11 लाख रुपये मिले हैं । वहीं फील्डिंग कोच मुनीश बाली को 5 लाख रुपये मिले हैं ।



# नीदरलैंड्स ने अर्जेंटीना को हराकर जीता एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप का खिताब

**सैंटियागो (चिली) (एजेंसी)।** नीदरलैंड्स ने फाइनल मुकाबले में एक बार फिर से ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए अर्जेंटीना को 2-1 से हराकर लगातार तीसरी बार एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप का खिताब अपने नाम किया। डच टीम ने रिकॉर्ड छठी बार विश्व कप का खिताब जीता और 2022, 2023 और अब 2025 में जीत के साथ लगातार तीसरा खिताब अपने नाम किया।

मैच की शुरुआत में नीदरलैंड्स ने पहले हाफ में एक पेनल्टी कॉर्नर और एक ओपन प्ले से गोल करके मैच अपने नाम कर लिया और फिर निर्णायक चरणों में एक बहुत ही मजबूत रक्षात्मक संरचना के माध्यम से अपनी मामूली बढ़त को बनाए रखा।इस दौरान अर्जेंटीना लगातार दबाव दिखी। नीदरलैंड्स को दूसरे क्वार्टर में सफलता उसम समय मिली जब आइवी टेलियर ने 24वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से गोल करके डच टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। गूसजे मोएस ने 27वें मिनट में गोल करके बढ़त को दोगुना कर दिया।




अर्जेंटीना ने रक्षात्मक अनुशासन के साथ जवाब दिया, दबाव के सबसे कठिन चरणों को सहा और पेनल्टी कॉर्नर से अपने पहले स्कोरिंग मौके बनाए, दूसरे क्वार्टर में दो प्रयास किए लेकिन सफलता नहीं मिली। दूसरे हाफ में अर्जेंटीना ने लारा कैसास ने 37वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से गोल करके स्कोर 2-1 कर दिया और अर्जेंटीना की खिताबी मुकाबले में वापसी कराई। इसके बाद नीदरलैंड्स ने अपनी रक्षापंक्ति को मजबूत बनाए और रखा और अर्जेंटीना को गोल करने का कोई मौका नहीं दिया। ब्राजील ने चीन को 5-1 से हराकर कांस्य पदक जीता।

# सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी : यशस्वी के शतक से मुम्बई ने हरियाणा को हराया

मुम्बई । बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के शतक 101 रनों की सहायता से मुम्बई ने हरिणाण के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी ट्रॉफी में जीत के लिए मिले 235 रनों के लक्ष्य को छह विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया है । ये इस टूर्नामेंट में लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे बड़ी जीत है । इससे पहले सबसे बड़ी जीत का रिकार्ड झारखंड को था जो उसने पंजाब बे खिलाफ 237 रन बनाकर हासिल किया था । इस मैच में अपनी पारी से यशस्वी ने साबित किया है कि वह केवल टेस्ट ही नहीं टी20 के भी अच्छे बल्लेबाज हैं । सुपर लीग के इस मैच में हरियाणा ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए एक बड़ा स्कोर बनाया । । उनके बल्लेबाज़ों ने शुरुआत से ही आक्रामक बल्लेबाजी रते हुए मुंबई के गेंदबाज़ों को कोई मौका नहीं दिया । 235 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछ करते हुए यशस्वी ने पूरी जिम्मेदारी से खेला । नॉकआउट चरण के इस मैच में मुंबई की टीम ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया । उसके खिलाड़ियों ने शुरुआत से ही सराकात्मक रुख अपनाया । इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए यशस्वी जायसवाल ने शुरुआत से ही आक्रामक बल्लेबाजी की । इस बल्लेबाज ने एक के बाद एक आक्रामक शॉट खेले और केवल 48 गेंदों में ही अपने 50 रन पूरे कर लिये । यशस्वी ने अपनी इस पारी में 16 चौके और एक छक्का लगाया । ये उनका टी20 में चौथा शतक था । यशसवी की बल्लेबाजी के सामने हरियाणा के गेंदबाज बेबस दिखे । सबसे अधिक अंशुल कंबोज पर उनका कहर टूटा । कंबोज की 13 गेंदों पर ही उन्होंने 34 रन बना दिये । वहीं सुमित कुमार के एक ओवर में उन्होंने केवल 13 गेंदों में 25 रन बनाये । इससे मुंबई का रन रेट अच्छा बना रहा और उसके बल्लेबाजों पर कोई दबाव नहीं आया । यशस्वी जब आउट हुए तब मुंबई को जीत के लिए केवल सात रन बनाने थे । जीत से सिर्फ सात रन दूर थी ।

# पीसीबी ने टी20 विश्व कप 2026 पोस्टर में उसके कप्तान को जगह नहीं मिलने पर नाराजगी जतायी , आईसीसी से की शिकायत

लाहौर । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आरोप लगाया है कि टी20 विश्व कप 2026 के टिकट पोस्टर में पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा की तस्वीर नहीं लगायी गयी है । पीसीबी ने इस बारे में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से भी शिकायत की है । पीसीबी का कहना है कि पाक कप्तान को पोस्टर में जगह नहीं दिया जाना संतुलन और निष्पक्षता के सिद्धांतों के खिलाफ है, क्योंकि पाक टीम टूर्नामेंट का हिस्सा है । पीसीबी ने इस मामले पर आईसीसी को पत्र लिखकर नाराजगी भी जतायी है । पीसीब का कहना है कि ऐसे प्रमोशनल पोस्टर करोड़ों फैंस तक पहुंचते हैं और इनमें पाक कप्तान के नहीं होने से प्रशंसकों को ठेस लगती है । पीबीबी ने ये भी कहा कि एशिया कप के दौरान भी पाक कप्तान को प्रमोशनल कैंपेन में जगह नहीं मिली थी । पीसीबी ने कहा कि उसे उम्मीद है कि आइसीसी इस मामले पर ध्यान देगी । पाकिस्तान टीम अभी आईसीसी टी20 रैंकिंग में सातवें स्थान पर है पर पीसीबी का मानना है कि रैंकिंग के आधार पर किसी देश के कप्तान की उपेक्षा नहीं की जा सकती । पीसीबी का कहना है कि उसके दुनिया भर में काफी प्रशंसक है और इसी कारण उसे भी बराबर प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए । दूसरी ओर आईसीसी ने अभी तक अपनी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है । अब देखना होगा कि आईसीसी इस मामले में क्या फैसला करता है ।

# गनथर के खिलाफ हार के साथ ही सीना का 25 साल लंबा डब्ल्यूडब्यलूई करियर समाप्त हुआ



वॉशिंगटन । दिग्गज डब्ल्यू डब्यलू ई रेसलर जॉन सीना को यहां कैपिटल वन एरीना में हुए अपने अंतिम मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा है । सीना को इस मैच में गनथर ने हराया । गनथर के सामने इस मुकाबले में सीना टिक नहीं पाये और उन्होंने हार मान ली । मैच के बाद सीना ने अपनी टी-शर्ट और रिस्टबैंड रिंग में छोड़ने और दर्शकों का अभिवादन करने के बाद रिंग से विदायी दे ली । इस मुकाबले में सीना ने अंतिम बार अपनी ताकत दिखाने का प्रयास किय पर गनथर के सामने उनकी एक न चली । इस मुकाबले के साथ ही सीना का 25 साल लंबा डब्ल्यू डब्यलू ई करियर समाप्त हो गया । इसमें सीना का बनाया हुआ गीत ॐ माय टाइम इज नाउॐ बज रहा था । सीना के प्रतिद्वंदी गुंथर के नाम भी कई रिकार्ड हैं । वह डब्ल्यू डब्यलू ई इतिहास के सबसे लंबे समय तक इंटरकॉन्टिनेंटल चैंपियन रहे हैं और पूर्व विश्व हेवीवेट चैंपियन भी हैं । ऐसे में प्रशंसकों को एक रोमांच मुठभेड़ देखने को मिली । इसमें सीना पूरी ताकत से उतरे ।

सीना ने पहले ही साफ कर दिया था कि यह उनका आखिरी मैच है और इसके बाद वह सक्रिय रेसर के रूप में नहीं उतरेंगे । सीना ने कहा है कि मुझे अच्छा लगता है कि प्रशंसक सोचते हैं कि मैं फिर लौट सकता हूं हालांकि इस बार ऐसा नहीं होगा । उनके अनुसार यह मुकाबला उनके करियर का अंतिम मैच था । भले ही भविष्य में रेसलमेनिया जैसे बड़े इवेंट हों पर अब वह रिंग में नहीं उतरतेंगे । सीना को पीपल्स चैंपियन भी कहा जाता है । उन्होंने डब्ल्यू डब्यलू ई के ब्रांड एंबेसडर के तौर पर इसे पूरी दुनिया में लोकप्रिय बनाया था । उन्होंने अपने फाउंडेशन के जरिए हजारों बीमार बच्चों की इच्छाएं पूरी कीं । इसी कारण रिंग के अंदर और बाहर, दोनों जगह उनके प्रशंसकों की भारी संख्या रही है । इसी कारण उनके विदायी मैच में प्रशंसक भावुक हो गये थे । इस दौरान कई दिग्गज सितारे भी दर्शकों में शामिल थे ।

# वैभव सूर्यवंशी जैसा टैलेंट, लेकिन एक चूक से शुरू होने से पहले खत्म हो गया करियर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट में जब भी कोई युवा बल्लेबाज अपने आक्रामक खेल से सुर्खियां बटोरता है, तो उससे बड़ी उम्मीदें जुड़ जाती हैं। आज वैभव सूर्यवंशी उसी दौर से गुजर रहे हैं। बेखौफ बल्लेबाज़ी, तेज स्ट्रोक्स और मैच का रुख पलटने की क्षमता ने उन्हें उभरते सितारे के रूप में स्थापित किया है। लेकिन यही खूबियां कभी एक और युवा बल्लेबाज़-पृथ्वी शॉ में भी नजर आती थीं। फर्क सिर्फ इतना है कि वैभव का सफर शुरू हो रहा है, जबकि पृथ्वी शॉ की कहानी एक चेतावनी बन चुकी है।

### वैभव सूर्यवंशी: आक्रामकता की नई पहचान

वैभव सूर्यवंशी अपनी अटैकिंग बल्लेबाज़ी के लिए पहचाने जाने लगे हैं। आईपीएल से लेकर अंडर-19 एशिया कप तक, उन्होंने अपने प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचा है। यूएई के खिलाफ 95 गेंदों में 171 रनों की धमाकेदार पारी ने उन्हें अलग पहचान दी। नई गेंद हो या तेज गेंदबाज़, वैभव शुरुआत से ही दबाव बनाना जानते हैं। तेज फुटवर्क, शानदार कवर ड्राइव और दमदार पुल शॉट उनकी बल्लेबाज़ी की खासियत हैं।

### पृथ्वी शॉ का सपनों जैसा उदय

पृथ्वी शॉ का करियर किसी सपने से कम नहीं था। अंडर-19 वर्ल्ड कप में कप्तानी, टेस्ट डेब्यू में शतक और घरेलू क्रिकेट में रनों की बरसात-हर जगह उनका बल्ला बोल रहा था। उनकी आक्रामक शैली के चलते क्रिकेट जगत ने उन्हें ÷नेक्स्ट सुपरस्टार÷ तक कहना शुरू कर दिया था। लेकिन शुरुआती सफलता के साथ आया दबाव और शोहरत को वह संभाल नहीं पाए।

### अनुशासन की कमी बनी सबसे बड़ी वजह

जहां वैभव के सामने लंबा रास्ता है, वहीं पृथ्वी शॉ का करियर गलत फैसलों की भेंट चढ़ गया। खराब रूटीन, फिटनेस पर ध्यान न देना और मैदान के बाहर की जिंदगी को प्राथमिकता देना-इन सबका असर उनके खेल पर पड़ा। चयनकर्ताओं का भरोसा डगमगाया और धीरे-धीरे टीम इंडिया के दरवाज़े उनके लिए बंद होते चले गए। टैलेंट भरपूर था, लेकिन कमिटमेंट की कमी ने सब कुछ खत्म कर दिया।

### वैभव के लिए सबक

वैभव सूर्यवंशी आज उसी मोड़ पर खड़े हैं, जहां कभी पृथ्वी शॉ थे। फर्क बस इतना है कि इतिहास अब सामने है। पृथ्वी शॉ की कहानी वैभव के लिए चेतावनी है कि सिर्फ प्रतिभा से करियर नहीं बनता। अनुशासन, फिटनेस, सही संगत और फोकस ही किसी खिलाड़ी को लंबी रेस का घोड़ा बनाते हैं।

### निष्कर्ष

भारतीय क्रिकेट ने कई ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी देखे हैं, जो उम्मीदों का बोझ नहीं संभाल पाए। पृथ्वी शॉ का टैलेंट वैभव सूर्यवंशी से कम नहीं था, लेकिन एक छोटी सी चूक ने उनके करियर की दिशा बदल दी। अब यह वैभव पर निर्भर करता है कि वह इतिहास से सबक लेकर खुद को भारतीय क्रिकेट का सच्चा भविष्य बनाते हैं या नहीं।



# हमें तय करना होगा घर की दीवारों पर विवेकानंद की तस्वीर हो या जैक्सन की: भागवत



**श्री विजय पुरम (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि हिंदुओ को एकजुट होकर देश को आगे ले जाना होगा। इसके लिए वैसा ही आचरण करना होगा। हम जहां रहते है वो हिंदू घर की तरह सजा होना चाहिए। हमें यह तय करना होगा कि घर की दीवारों पर स्वामी विवेकानंद की तस्वीर हो या माइकल जैक्सन की। भागवत ने ये बातें अंडमान के श्रीविजय पुरम में स्थित नेताजी स्टेडियम में विराट हिंदू सम्मेलन समिति द्वारा आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि हिंदू एकता के लिए एकरूपता को जरूरी नहीं मानता। बाकी दुनिया इसके उलट सोचती है। अगर हिंदू जागेंगे तो दुनिया जागेगी। दुनिया मानती है कि भारत ही रास्ता दिखाएगा। समस्याओं पर समय बर्बाद करने के बजाय हमें समाधान खोजने चाहिए। किसी भी काम को पूरा करने के लिए शक्ति की जरुरत होती है और शक्ति केवल एकता से आती है। दुनिया सत्य को नहीं शक्ति को देखती है। जिसके पास शक्ति है उसी की बात मानी जाती है। एक मजबूत समाज बनाने और राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एकता जरुरी है। इसके साथ ही भागवत ने टकराव से बचने की भी सलाह दी।

भागवत ने भगवान कृष्ण और जंगल में रहने वाले एक राक्षस के बारे में महाभारत की एक कहानी सुनाते हुए कहा कि अर्जुन और सात्यकि ने राक्षस से लड़ने की कोशिश की, लेकिन हर वार से वह और बड़ा होता गया। कृष्ण ने हस्तक्षेप किया, टकराव से बचाया और बिना लड़ाई के उसे वश में करने के लिए समझदारी का इस्तेमाल किया। सबक यह है कि हर समस्या के लिए बल की जरुरत नहीं होती। समाधान स्थिति को समझने पर निर्भर करते हैं। हम परिवार के साथ घूमने जाते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि आप पेरिस, सिंगापुर जाओ। दुनिया घूमने में कोई दिक्कत नहीं है लेकिन कभी-कभी श्री विजयपुरम भी जाओ, वहां सेल्यूलर जेल देखो। लोगों ने यहां जेल में अपनी जिंदगी बिताई है। वे झुके नहीं, वे टूटे नहीं। उन्होंने आजाद भारत देखा।

बता दें तीन दिन का अंडमान दौरा पूरा आरएसएस सरसंघचालक के रूप में भागवत का केंद्र शासित प्रदेश का यह पहला दौरा था। करीब दो दशक पहले, वह संगठन के सरकार्यवाह के रूप में द्वीप समूह का दौरा कर चुके थे। वह तीन दिन के लिए यहां पहुंचे थे। यह दौरा 11-13 दिसंबर तक का था।

## केरल की जनता के भरोसे से आगामी चुनावों के लिए नई ताकत और आत्मविश्वास मिला : प्रियंका

नई दिल्ली। केरल की वायनाड सांसद प्रियंका गांधी ने कहा है कि राज्य के स्थानीय निकाय चुनावों के परिणाम एक ऐसी सरकार के लिए लोगों की उम्मीदों को दर्शाते हैं जो उनके संघर्षों को समझे और ईमानदारी से उनका जवाब दे। साथ ही उन्होंने केरल की यूडीएफ सरकार पर भरोसा जताने के लिए राज्य की जनता को धन्यवाद दिया है। प्रियंका गांधी ने



फेसबुक पोस्ट में कहा कि केरल के लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहने, उनकी आवाज को ध्यान से सुनने और ईमानदार, संवेदनशील और जनहितैषी शासन के लिए हर दिन काम करने की उनकी पार्टी की प्रतिबद्धता ''स्पष्ट और हृदय से महसूस की जाने वाली'' थी। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय चुनावों के नतीजे महज एक राजनीतिक परिणाम से कहीं ज्यादा है। यह एक ऐसी सरकार के लिए जनता की उम्मीदों को दर्शाते हैं जो उनकी समस्याओं को समझती है और ईमानदारी से उनका समाधान करती है। रिपोर्ट के मुताबिक प्रियंका ने संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) पर भरोसा जताने के लिए केरल की जनता को धन्यवाद दिया और कहा कि उनके जनादेश से आगामी विधानसभा चुनावों के लिए मोर्चे को नई ताकत और आत्मविश्वास मिला है। उन्होंने कहा कि सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों को मेरी हार्दिक बधाई और प्रत्येक नेता और कार्यकर्ता के प्रति मेरी गहरी कृतज्ञता, जिनके अथक समर्पण ने इस जीत को संभव बनाया।

## गाजियाबाद में नकली दवाओं की फैक्ट्री, पूरे नॉर्थ इंडिया में होती थी सप्लाई, दो गिरफ्तार

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने नकली दवाओं के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए गाजियाबाद के लोनी इलाके में चल रही एक अवैध फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। इस फैक्ट्री में स्किन से जुड़ी बीमारियों की नकली दवाएं बड़े पैमाने पर तैयार की जा रही थीं, जिनकी सप्लाई दिल्ली सहित पूरे उत्तर भारत में की जा रही थी। इस अवैध कारोबार के जरिए आम लोगों की सेहत के साथ गंभीर खिलवाड़ किया जा रहा था। पुलिस को काफी समय से दिल्ली और आसपास के इलाकों में नकली दवाओं की बिक्री की सूचनाएं मिल रही थीं। इन इनपुट्स के आधार पर क्राइम ब्रांच ने मामले की गहन जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस की टीम लोनी में संचालित फैक्ट्री तक पहुंची और वहां छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने स्किन रोगों में इस्तेमाल होने वाली बड़ी मात्रा में नकली दवाएं, कच्चा माल, दवा बनाने की मशीनें, लेबल, खाली पैकिंग सामग्री और नामी कंपनियों जैसी दिखने वाली दवाओं के पैकेट बरामद किए। जांच में सामने आया कि फैक्ट्री में तैयार की जा रही नकली दवाओं को दिल्ली के सदर बाजार समेत कई बड़े दवा बाजारों में सप्लाई किया जाता था। इसके बाद पुलिस ने सदर बाजार में भी छापेमारी कर नकली दवाओं की एक बड़ी खेप जब्त की। जब्त किए गए माल की अनुमानित कीमत करीब 1.10 करोड़ रुपये बताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि यह नेटवर्क लंबे समय से सक्रिय था और इसके जरिए कई लोग मोटा मुनाफा कमा रहे थे। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक आरोपी फैक्ट्री का मालिक बताया जा रहा है, जो नकली दवाओं का निर्माण करवा रहा था। दूसरा आरोपी इन दवाओं की सप्लाई और वितरण के नेटवर्क को संभालता था। दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है, ताकि इस रैकेट से जुड़े अन्य लोगों, सप्लायरों और खरीदारों का पता लगाया जा सके। विशेषज्ञों के अनुसार नकली दवाएं बेहद खतरनाक होती हैं, क्योंकि इनमें न तो सही मात्रा में दवा होती है और न ही गुणवत्ता का ध्यान रखा जाता है। इससे मरीजों की बीमारी ठीक होने के बजाय और गंभीर हो सकती है। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले में आगे की जांच कर रही है और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है।

## जीत का जश्न मातम में बदला : पटाखे फटने से कार्यकर्ता की मौत

मलप्पुरम (एजेंसी)। केरल के स्थानीय निकाय चुनावों में संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) की जीत का जश्न मलप्पुरम जिले में एक दर्दनाक हादसे में बदल गया। कोंडोटी इलाके में विजय उत्सव के दौरान पटाखों में हुए विस्फोट से एक यूडीएफ कार्यकर्ता की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान इरशाद (40) के रूप में हुई है। वह कोंडोटी में अपने दोपहिया वाहन पर सवार होकर चुनावी जीत का जश्न मना रहा था और पटाखे फोड़ रहा था। इसी दौरान स्कूटर पर रखे भारी मात्रा में पटाखों पर अचानक चिंगारी गिर गई, जिससे जोरदार विस्फोट हो गया। कोंडोटी थाने के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट इतना तेज था कि स्कूटर में तुरंत आग लग गई। इरशाद गंभीर रूप से झुलस गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

## दानापुर में टेंट गोदाम में भीषण आग, बुलेट बाइक में धमाका : लाखों का सामान जलकर राख, 5 दमकल गाड़ियों ने पाया काबू

पटना (एजेंसी)। दानापुर इलाके में शनिवार देर रात एक टेंट गोदाम में भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी का महौल बन गया। रूपसपुर थाना क्षेत्र के रुकनपुरा विजयनगर, लेन नंबर-6 स्थित महाराजा टेंट और इवेंट मैनेजमेंट के गोदाम में आग लगने के कारण गोदाम में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गोदाम के भीतर खड़ी एक बुलेट बाइक में अचानक आग लग गई। इसके कुछ ही क्षण बाद जोरदार धमाका हुआ, जिससे आग तेजी से फैल गई। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के रिहायशी इलाकों में दहशत फैल गई। लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकलकर सड़कों पर आ गए और इलाके में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। आग की सूचना स्थानीय लोगों ने अग्निशमन विभाग और रूपसपुर थाना पुलिस को दी। सूचना पर दमकल विभाग की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने स्थानीय नागरिकों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की चपेट में आकर गोदाम में रखा टेंट-पंडाल से जुड़ा सारा सामान, महंगे सोफा सेट, क्रॉकरी और अन्य इवेंट सामग्री पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। घटना में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। आग के फैलाव की आशंका को देखते हुए स्थानीय पुलिस ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर लोगों को सुरक्षित दूरी बनाए रखने की हिदायत दी और सुरक्षा व्यवस्था संभाली।

## पॉक्सो मामले में कोर्ट ने आरोपी को सुनाई 20 साल की कठोर सजा, जुर्माना भी लगाया

गोपेश्वर (एजेंसी)। जनपद चमोली के गोपीश्वर स्थित विशेष सत्र न्यायालय (पॉक्सो) ने एक बहुचर्चित मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपी राजेन्द्र सिंह उर्फ राजू को दोषी करार दिया। कोर्ट ने आरोपी को 20 साल के कठोर कारावास और 20 हजार रुपए जुर्माने से दंडित किया है। जुर्माना अदा न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतने का भी प्रावधान है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कोर्ट में राजेन्द्र सिंह उर्फ राजू एवं अन्य आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा विचाराधीन था। मामले की सुनवाई विशेष सत्र न्यायाधीश, जिला चमोली (गोपीश्वर) की कोर्ट में हुई। न्यायालय ने साक्ष्यों, गवाहों के बयानों और चिकित्सकीय प्रमाणों के आधार पर आरोपी राजेन्द्र सिंह को पॉक्सो के तहत दोषी पाया। वहीं, 302 एवं 201 के आरोपों में कोर्ट ने दोषमुक्त किया। बता दें 21 मई 2020 को उसकी पुत्री अचानक घर से लापता हो गई। परिजनों द्वारा गांव, जंगल, नदी किनारे एवं आसपास के क्षेत्रों में काफी तलाश की गई, किंतु उसका कोई पता नहीं चला। 25 मई 2020 को गांव के समीप भड़कीयाधार जंगल में एक पेड़ से लटका हुआ पीड़िता का शव मिला। शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि पीड़िता की उम्र घटना के समय 18 साल से कम थी। अभियोजन का यह भी आरोप था कि आरोपी राजेन्द्र ने पीड़िता को बहला-फुसलाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए, जिससे वह गर्भवती हो गई थी और बाद में उसे प्रताड़ित किया गया।

## दिल्ली में खतरनाक वायु प्रदूषण यह सब अमीरों के चोचले हैं: बाबा रामदेव

**-घर के अंदर बैठिए अनुलोम-विमोम करिए, मास्क पहनने की दी सलाह**



**नई दिली (एजेंसी)।** दिल्ली एनसीआर में खतरनाक स्तर के प्रदूषण को लेकर योगगुरु बाबा रामदेव ने कहा कि यह सब अमीरों के चोचले हैं। उन्होंने प्रदूषण से खुद को बचाने के व्यायाम भी बताए। एक टीवी चैनल से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा देखिए, जब देश विकास कर रहा है तो कुछ धूल तो उड़ेगी ही। उन्होंने कहा कि कभी-कभी दिल्ली गैस चैंबर बन जाती है। ऐसे में आप लोगों को अपने घरों में पर्दा डालकर रखना चाहिए। 15-20 दिन में एक बार उन्हें साफ कर लीजिए और मास्क पहनकर रखिए। उन्होंने कहा कि घर के अंदर बैठिए और अनुलोम-विमोम करिए, कपालभाति करिए। एयर प्यूरिफायर के बारे में सवाल करने पर उन्होंने कहा कि यह सब केवल अमीरों के चोचले हैं।

बता दें राजधानी दिल्ली में गंभीर श्रेणी के वायु प्रदूषण के बीच एक बार फिर ग्रैप-3 लागू कर दिया गया है। ऐसे में 50 फीसदी कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम के मोड से काम करने और स्कूलों को हाइब्रिड मोड पर चलाने का आदेश दिया गया है। दिल्ली के प्रदूषण को देखते हुए कार्डियोलॉजिस्ट ने लोगों को कई सुझाव दिए थे। उनमें से एक एयर प्यूरिफायर का इस्तेमाल करना भी था। उन्होंने कहा था कि बाहर निकलने पर लोग एन-95 मास्क का इस्तेमाल करें। इसके अलावा घरों के अंदर इंडोर प्लांट्स लगाएं और एयर प्यूरिफायर का इस्तेमाल करें। इसके अलावा बच्चों और बुजुर्गों को घर में रखने की सलाह दी गई थी। 13 दिसंबर के परिपत्र के मुताबिक शिक्षा निदेशालय, एनडीएमसी, एमसीडी और दिल्ली छावनी बोर्ड के अंतर्गत आने वाले सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और गैर-सरकारी मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को अगले आदेश तक जहां भी संभव हो, ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों प्रकार की कक्षाएं संचालित करने का निर्देश दिया गया है। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि शनिवार को इस साल की अब तक की सबसे खराब वायु गुणवत्ता दर्ज की गई जो 11 नवंबर को दर्ज किए गए पिछले उच्चतम स्तर 428 को भी पार कर गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक 24 घंटे का एक्यूआई 431 रहा।

## महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण का दावा, 19 दिसंबर को सत्ता में होगा बदलाव, एक मराठी व्यक्ति बनेगा प्रधानमंत्री

**पुणे, (एजेंसी)।** देश की राजनीति में एक बड़े उलटफेर की संभावना व्यक्त करते हुए महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने एक सनसनीखेज भविष्यवाणी की है। पृथ्वीराज चव्हाण ने दावा करते हुए पत्रकारों से कहा कि, 19 दिसंबर को देश में अब तक का सबसे बड़ा राजनीतिक भूकंप आएगा। भारत का प्रधानमंत्री बदलेगा और वह प्रधानमंत्री एक मराठी व्यक्ति होगा। खास बात यह है कि उन्होंने यह भी इशारा किया है कि यह व्यक्ति भाजपा से हो सकता है। दरअसल पुणे से सटे पिंपरी-चिंचवड़ में जनगणमन किताब के विमोचन के बाद मीडिया से बात करते हुए पृथ्वीराज चव्हाण ने यह सनसनीखेज भविष्यवाणी की। उन्होंने अपने दावे के लिए इंटरनेशनल डेवलपमेंट का हवाला दिया है। चव्हाण ने कहा कि दुनिया भर में जो कुछ भी हो रहा है, उसका असर भारतीय राजनीति पर



भी पड़ेगा। इस मौके पर उन्होंने अमेरिका के एक अहम मामले का जिक्र किया। चव्हाण ने कहा कि वहां कई बड़े नेताओं के बंगलों में कैमरे लगाकर बड़े पैमाने पर स्टिंग ऑपरेशन किया गया। उन्होंने दावा किया कि इस स्टिंग ऑपरेशन से कई असरदार लोगों के गंभीर मामले सामने आने की संभावना है, जिससे अमेरिका में बड़ा राजनीतिक और सामाजिक हंगामा हो सकता है। दावा किया गया है कि इस स्टिंग ऑपरेशन को करने वाला व्यक्ति एक इजरायली जासूस है। पृथ्वीराज चव्हाण के मुताबिक, अमेरिकी सरकार जल्द ही एक कानून बनाकर 19 दिसंबर को इस स्टिंग ऑपरेशन में पकड़े गए बड़े लोगों के नामों की घोषणा कर सकती है। उन्होंने यह भी साफ किया कि उनके पास इस बारे में पूरी जानकारी नहीं है कि इस सूची में किन लोगों के नाम होंगे। हालांकि, उन्होंने संभावना जताई कि इन घटनाक्रमों के नतीजे सिर्फ अमेरिका तक ही सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि भारत समेत कई देशों में इसके असर हो सकते हैं। बहरहाल पृथ्वीराज चव्हाण का यह दावा कि भारत में भी बड़े राजनीतिक बदलाव हो सकते हैं, और इस वजह से प्रधानमंत्री पद में बदलाव की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। उनके इस बयान से राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई है, और अब सबका ध्यान 19 दिसंबर पर है।

## देशभर में अगले हफ्ते से कड़ाके की सर्दी, उत्तराखंड-हिमाचल में बर्फबारी का अलर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। अगले हफ्ते से देशभर में कड़ाके की सर्दी पड़ने के आसार हैं। इस सर्दी का पहला बड़ा पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) 17 दिसंबर को हिमालयी राज्यों में पहुंचेगा। इसके असर से 18 से 20 दिसंबर के बीच जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में अच्छी बर्फबारी होने की संभावना है। 21 और 22 दिसंबर को पहाड़ों से बादल हटते ही तापमान तेजी से गिरेगा। तापमान सामान्य से 5 से 6 डिग्री तक नीचे जा सकता है। उत्तर से चलने वाली ठंडी हवाएं यूपी, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान और मध्य भारत तक पहुंचेंगी। इससे मैदानी इलाकों में ठंड काफी बढ़ जाएगी। इधर, राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टरबेंस के चलते सर्दी का असर कम हो गया है। न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक बढ़ोतरी हुई है। मध्य प्रदेश में भी अगले 3 दिन तक शीतलहर का अलर्ट नहीं है। हालांकि, पारा लगातार लुढ़क रहा है। शहडोल का कल्याणपुर सबसे ठंडा है। यहां शनिवार रात पारा 4.7 डिग्री सेल्सियस रहा। उधर, हिमाचल प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होने से ठंड बढ़ गई है। आज पहाड़ों पर बर्फबारी का अनुमान है। मौसम विभाग ने उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ में बारिश-बर्फबारी की संभावना जताई है, जिससे पारा 2-3एष्ट और गिर सकता है।

## हिमाचल प्रदेश के स्कूलों में मोबाइल फोन पर प्रतिबंध: सीएम सुक्खू



**शिमला(एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने स्कूली शिक्षा से जुड़ा एक अहम फैसला लिया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शनिवार को घोषणा की कि आगामी शैक्षणिक सत्र से प्री-नर्सरी से लेकर 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए स्कूल परिसर में मोबाइल फोन ले जाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। सरकार का मानना है कि इस कदम से छात्रों का ध्यान पढ़ाई पर केंद्रित होगा और अनुशासन में सुधार आएगा।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने स्पष्ट किया कि यह प्रतिबंध केवल विद्यार्थियों पर लागू होगा। शिक्षकों को अपने मोबाइल फोन स्टाफ रूम में रखने या बैग में रखने की अनुमति दी जाएगी, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे संपर्क में रह सकें। उन्होंने कहा कि मोबाइल फोन के अत्याधिक उपयोग से बच्चों में एकाग्रता की कमी, अनुशासनहीनता और पढ़ाई से ध्यान भटकने जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं, जिन्हें नियंत्रित करना जरूरी है। यह घोषणा मुख्यमंत्री ने समग्र शिक्षा निदेशालय में अत्याधुनिक सुविधाओं के उद्घाटन के अवसर पर की। इस दौरान उन्होंने विद्या समीक्षा केंद्र (वीएसके), शिक्षा गैलरी, कार्यक्रम प्रबंधन स्टूडियो, सम्मेलन क्षेत्र, नया सम्मेलन कक्ष और आधुनिक केंद्रीय ताप प्रणाली का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये नई सुविधाएं शिक्षा विभाग के प्रशासनिक कामकाज को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाएंगी।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि विद्या समीक्षा केंद्र के माध्यम से शिक्षा से जुड़े आंकड़ों का बेहतर विश्लेषण किया जा सकेगा, जिससे नीतिगत फैसले अधिक सटीक होंगे। वहीं, शिक्षा गैलरी और कार्यक्रम प्रबंधन स्टूडियो से शिक्षकों और अधिकारियों को प्रशिक्षण और संवाद के नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने इसे हिमाचल प्रदेश में डिजिटल शिक्षा प्रशासन के एक नए युग की शुरुआत बताया। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि पिछले तीन वर्षों में राज्य सरकार ने शिक्षा क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। इस दौरान कई निर्णायक सुधार लागू किए गए हैं, जिनका सकारात्मक असर अब दिखने लगा है। उन्होंने बताया कि शिक्षा की गुणवत्ता के आकलन के आधार पर हिमाचल प्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय प्रगति की है और अपनी रैंकिंग को 21वें स्थान से सुधार कर 5वें स्थान तक पहुंचाया है।

## झारखंड में बड़े तो बड़े, बच्चे भी साइबर अपराध में आजमा रहे हाथ

**-महाराष्ट्र में हुई 70 लाख की ठगी में नाबालिग निकला आरोपी, पुलिस कर रही तलाश**



**जामताड़ा (एजेंसी)।** साइबर अपराध के लिए झारखंड का जामताड़ा जिला पूरे देश में बदनाम है। यहां बड़े तो बड़े, बच्चे भी साइबर अपराध में हाथ आजमा रहे हैं। महाराष्ट्र के अमरावती जिले की पुलिस शनिवार को 70,06,047 रुपए की ठगी के मामले में जामताड़ा पहुंची। पुलिस साइबर ठग को पकड़ने में सफल नहीं हो सकी, क्योंकि लाखों की ठगी की वारदात को अंजाम देने वाला 16 साल का किशोर था।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक महाराष्ट्र पुलिस इस मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया की तैयारी कर वापस लौट गई। बताया जा रहा है कि इस नाबालिग ठग ने महाराष्ट्र के अमरावती जिले के कई लोगों से ठगी की है और ठगी की रकम 900 से ज्यादा खातों में ट्रांसफर की गई है। इनमें कई बैंक खाते ऐसे हैं, जिनसे ऑनलाइन खरीदारी के लिए पैसों का लेनदेन किया गया है। आरोपित किशोर जामताड़ा शहरी क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक यह किशोर साइबर ठगी में शामिल एक गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर लोगों को शेयर मार्केट में भारी मुनाफे का झांसा देकर ऑनलाइन ठगी का शिकार बना रहा था। इस गिरोह में कई अन्य शातिर अपराधी भी शामिल हैं और इन्हीं इनपुट के आधार पर महाराष्ट्र पुलिस जामताड़ा में जांच में जुटी है।

वहीं, दूसरी ओर एक अन्य मामले में जामताड़ा साइबर थाना पुलिस ने छापेमारी कर एक ठग को दबोचा है। आरोपित कृष्णकुंज का निवासी बासुदेव दास है। वह मूल रूप से सुगापहाड़ी का रहने वाला है। उसके पास से छापेमारी में पुलिस ने दस मोबाइल, आठ सिम कार्ड, 15 एटीएम कार्ड, दस चेकबुक, एक आधार कार्ड, एक पैन कार्ड और एक वोटर कार्ड जब्त की है। आरोप है कि आरोपी लोगों को एक्सिस बैंक एवं अन्य बैंकों के केवाईसी अपडेट और नवीनीकरण के नाम पर उनके मोबाइल में स्क्रीन शेयरिंग एप डाउनलोड करवाता था और इसके जरिए गोपनीय जानकारी हासिल कर उन्हें ठगी का शिकार बनाता था। शातिर के निशाने पर इन दिनों झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल के लोग थे।

## कांग्रेस विधायक का दावा: कहा- फलां-फलां तारीख को डीके लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक की राजनीति में एक बार फिर सरगर्मी बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच मुख्यमंत्री पद को लेकर चल रही खींचतान पहले दिल्ली में शांत कराई गई थी, लेकिन अब फिर से सियासी पारा चढ़ता दिख रहा है। हाल ही में एक कांग्रेस विधायक एच ए इकबाल हुसैन ने भविष्यवाणी की है, कि उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार 6 या 9 जनवरी को मुख्यमंत्री बन जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इसी तारीख के आसपास सिद्धारमैया दिवंगत नेता डी देवराज उर्स का रिकॉर्ड तोड़कर कर्नाटक के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने वाले नेता बन जाएंगे।

विधायक हुसैन डीके शिवकुमार के मजबूत समर्थक माने जाते हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि 99 प्रतिशत संभावना है कि शिवकुमार ही मुख्यमंत्री बनेंगे। तारीख के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने इसे एक यादृच्छिक संख्या बताया और कहा कि हर कोई यही चर्चा कर रहा है। यह 6 जनवरी या 9 जनवरी हो सकती है। रामनगर से विधायक हुसैन ने यह भी मांग की कि शिवकुमार को मौका देने के लिए सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री पद छोड़ देना चाहिए। उन्होंने खुले तौर पर शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाने की वकालत की और एक दिन पहले भी अपनी यह इच्छा सार्वजनिक रूप से जाहिर की थी।

इस बीच, केंद्रीय रेल राज्य मंत्री और भाजपा सांसद वी सोमन्ना ने गृह मंत्री जी परमेश्वर को मुख्यमंत्री पद के लिए समर्थन देने की बात कही। तुमकुरु में एक कार्यक्रम के दौरान सोमन्ना ने कहा कि सत्ता मिलना किस्मत की बात है। उन्होंने परमेश्वर की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी इच्छा है कि वे मुख्यमंत्री बनें और यह तुमकुरु के लोगों की भी भावना है। जब डीके शिवकुमार का नाम लिया गया, जो खुद एक मजबूत दावेदार हैं, तो सोमन्ना ने कहा कि यह अलग बात है और शिवकुमार का भविष्य उनकी किस्मत पर निर्भर करता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आचरण किस्मत से भी बड़ा होता है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार 14 दिसंबर को दिल्ली में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी से मिलने वाले हैं। सूत्रों के अनुसार, इस बैठक में राज्य में मुख्यमंत्री पद को लेकर चल रही खींचतान पर चर्चा होगी। यह मुलाकात नई दिल्ली में कांग्रेस की एक बड़ी रैली के बाद होगी। इस रैली का उद्देश्य सत्ता पक्ष पर आरोप लगाना था।

कर्नाटक की 224 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस के पास लगभग 140 विधायक हैं, जो बहुमत देते हैं। नवंबर में सरकार के पांच साल के कार्यकाल का आधा हिस्सा पूरा होने के बाद से नेतृत्व बदलाव की चर्चाएं तेज हो गई हैं। खबरें हैं कि नई पीढ़ी को मौका देने के लिए मुख्यमंत्री पद को ढाई-ढाई साल के लिए बांटने का एक संभावित समझौता हुआ है। हालांकि, न तो पार्टी और न ही किसी नेता ने आधिकारिक तौर पर ऐसे किसी समझौते की पुष्टि की है। शिवकुमार ने कुछ समय पहले बिना विवरण दिए एक गुप्त समझौते का जिक्र किया था।

वर्तमान में 63 वर्षीय शिवकुमार ने 77 वर्षीय मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ कोई खुला कदम नहीं उठाया है। फिर भी, पार्टी के अंदर गुटबाजी और दबाव की स्थिति बनी हुई है। विधायक हुसैन जैसे समर्थक खुले तौर पर शिवकुमार की दावेदारी मजबूत कर रहे हैं, जबकि सिद्धारमैया अपने कार्यकाल को पूरा करने



और रिकॉर्ड बनाने पर फोकस कर रहे हैं। यह स्थिति कर्नाटक कांग्रेस के लिए चुनौतीपूर्ण है, क्योंकि एकजुटता दिखाना जरूरी है, लेकिन अंदरूनी कलह पार्टी की छवि को प्रभावित कर सकती है। आने वाले दिनों में दिल्ली की बैठक और पार्टी हाईकमान के फैसले पर सभी की नजरें टिकी हैं। क्या नेतृत्व बदलाव होगा या सिद्धारमैया अपना कार्यकाल पूरा करेंगे, यह जल्द ही स्पष्ट हो सकता है। राज्य की राजनीति में यह घमासान आगे और तेज होने की संभावना है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**